■ औरंगाबाद और बोकारो से प्रकाशित www.navbihartime.com ■ बिहार एवं झारखंड का अपना अखबार

वर्ष : 35 अंक : 273
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, मंगलवार
4 मार्च 2025
मूल्य : 3.00 रूपये
रजि. नंबर : 52290/90

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात


## 10 साल बेमिसाल

# एस. के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का 10 वर्षों का गौरवशाली सफर

**एस. के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का 10वां स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। तत्पश्चात एस. के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन एस. के. मंडल, सचिव मोनी रानी एवं उपस्थित सांसदों ने माननीय राज्यपाल को पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया।**

### चेयरमैन ने कार्यकारी निदेशकों को किया सम्मानित



कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, पटना



कृष्णा इन्स्टीच्यूट ऑफ पारामेडिकल साइंसेज, पूर्णियां



कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, मधेपुरा



कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एण्ड पारामेडिकल साइंसेज, समस्तीपुर



विद्यापति इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, समस्तीपुर

एस. के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का स्थापना दिवस सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कोर्स आधारित नाट्य मंचन रहा। ग्रुप के प्रत्येक संस्थान को प्रस्तुति के लिए समान समय आवंटित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपनी कला का अद्वितीय प्रदर्शन किया। विभिन्न संस्थानों से आए विद्यार्थियों ने शानदार डांस प्रस्तुतियां, संगीत शो और संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न कोर्स पर आधारित नाट्य मंचन किया। इन नाटकों ने न केवल विद्यार्थियों की रचनात्मकता और प्रतिभा को उजागर किया, बल्कि दर्शकों को एक अनोखा और मनोरंजक अनुभव भी प्रदान किया। इसके माध्यम से विद्यार्थियों ने नर्सिंग और पारामेडिकल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जुड़ी जानकारी और जागरूकता का प्रसार किया।

### एस.के. मंडल ग्रुप का सफर

एस. के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा सर्वप्रथम "कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ पारा मेडिकल एण्ड पारा डेन्टल साइन्सेज संस्थान की स्थापना की गई। संस्थान को वर्ष 2010 में स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, पटना के द्वारा मान्यता भी प्रदान कर दी गयी। इस संस्थान का उद्घाटन वर्ष 2010 में जनता दल यूनाइटेड के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व० शरद यादव जी के द्वारा किया गया। यहीं से शुरूआत हुई एस. के. मंडल के द्वारा स्थापित पहले प्रशिक्षण संस्थान की, इस संस्थान में नामांकन के उपरांत राज्य सरकार की तत्कालीन माननीय मंत्री श्रीमती रेणु कुशवाहा के द्वारा सत्र का आरम्भ किया गया। तदुपरांत पुनः एस. के. मंडल के द्वारा वर्ष 2011 में एक और किराये के भवन में नर्सिंग संस्थान "कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइन्सेज" की स्थापना कि गई। इस संस्थान में नामांकन के उपरांत राज्य सरकार के तत्कालीन माननीय मंत्री-सह-वर्तमान सांसद, महाराजगंज, जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के द्वारा सत्र का आरम्भ किया गया। एस. के. मंडल के कदम यहीं नहीं रूके, अपने कठिन परिश्रम और लगातार प्रयास से इन्होंने कई नर्सिंग संस्थानों की स्थापना पटना में किराये के भवन में की। वर्ष 2015 में एस. के. मंडल ने निर्णय लिया कि सभी संस्थानों का संचालन हेतु एक अम्ब्रेला ऑर्गनाइजेशन बनाया जाए जिसका नाम "एस. के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस" रखा। इस संस्था के प्रथम स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन बिहार सरकार के तत्कालीन माननीय मुख्यमंत्री श्री जीतन राम मांझी जी के द्वारा किया गया था। इस समारोह का आयोजन पटना के एस. के. मेमोरियल हॉल में किया गया था। समारोह में राज्य सरकार के कई माननीय मंत्री, विधायक एवं स्वास्थ्य विभाग के तत्कालीन प्रधान सचिव महोदय के साथ-साथ कई वरीय पदाधिकारी भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, संस्थान के छात्र-छात्राओं के अलावा लगभग 25 हजार लोग मौजूद रहे। एस.के. मंडल के अनवरत प्रयास से "एस. के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस", पटना राज्य में नर्सिंग एवं पारामेडिकल में प्रशिक्षण देने के लिए एक अग्रणी संस्थान के रूप में जाना जाने लगा।

वर्ष 2017 में इन्होंने समस्तीपुर जिला में सिंघिया खुर्द, पंचायत में "कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एण्ड पारामेडिकल साइंसेज की स्थापना की। इस संस्थान के स्थापना के उपरांत राज्य में वर्ष 2019 में पटना जिला में सौम्या कृष्णा ए.एन.एम. ट्रेनिंग स्कूल वर्ष 2020 में मधेपुरा जिला में "कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन" वर्ष 2021 में पटना जिला में "कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन", समस्तीपुर जिला में "विद्यापति इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन" एवं कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ आई०टी० एण्ड मैनेजमेंट, पूर्णियां जिला में "कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ पारामेडिकल साइंसेज" की स्थापना की गई। सभी संस्थानों को सरकार के सभी नियमों का अक्षरशः पालन करते हुए संचालित किया जा रहा है। इन संस्थानों से प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत छात्र-छात्राओं को निजी रूप से हो या सरकारी रूप से हो रोजगार प्राप्त करने में कठिनाई नहीं होगी। इससे राज्य के युवाओं के बेरोजगारी की समस्या दूर होगी।

वर्तमान समय में एस.के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के द्वारा संचालित संस्थानों में नामांकन लेने के लिए राष्ट्रीय स्कॉलरशिप प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है जिसमें मेधा सूची के आधार पर प्रथम स्थान पर आने वाले छात्र-छात्रा का निःशुल्क एवं द्वितीय स्थान पर आने वाले छात्र-छात्रा का आधी शुल्क में नामांकन होता है। इसके अतिरिक्त गरीबी रेखा से नीचे के छात्र-छात्रा के लिए प्रति वर्ष 'एस. के. मंडल छात्रवृत्ति योजना के तहत 25 छात्र-छात्राओं का नामांकन लिया जाता है। इस तरह वर्ष 2015 से आज तक "एस.के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस को पूरे 10 वर्ष हो चुके हैं। इस क्रम में एस. के. मंडल को नर्सिंग, फार्मेसी, पारामेडिकल, आई०टी० एवं प्रबंधन के क्षेत्र में अच्छे प्रशिक्षण देने के लिए पिछले वर्ष राज्य के तत्कालीन माननीय राज्यपाल महोदय के द्वारा एवं कई माननीय मंत्री के द्वारा अलग-अलग कार्यक्रमों में कई अवार्ड से सम्मानित भी किया गया।




मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथि माननीय राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर, समस्तीपुर सांसद शांभवी चौधरी, महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, सीतामढ़ी सांसद देवेशचंद्र ठाकुर, संस्थान के चेयरमैन एस. के. मंडल व सचिव मोनी रानी।



दीप प्रज्वलित करते हुए माननीय राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान व अन्य गणमान्य अतिथि

### मुख्य अतिथि माननीय राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान का संबोधन



**माननीय राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान** ने अपने संबोधन में कहा कि ज्ञान प्राप्ति के लिए ध्यान आवश्यक है और ध्यान के लिए एकाग्रता, जो शांत वातावरण में ही संभव है। उन्होंने कहा कि इसी कारण प्राचीन काल में शिक्षण संस्थान दूर-दराज एवं एकांत स्थानों पर स्थापित किए जाते थे। उन्होंने **'विद्या ददाति विनयम...'** श्लोक उद्धृत करते हुए शिक्षा के महत्व को समझाया और कहा कि शिक्षा एवं ज्ञान का उद्देश्य केवल व्यक्तिगत लाभ न होकर संपूर्ण समाज एवं राष्ट्र के कल्याण के लिए होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा तभी सार्थक होती है जब उसमें करुणा और दया का भाव समाहित हो। उन्होंने 'श्रद्धावान लभते ज्ञानम्' का उल्लेख करते हुए कहा कि श्रद्धा और समर्पण से ही सच्चे ज्ञान की प्राप्ति होती है।

### कुल सात संस्थानों का संचालन

- कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एण्ड पारामेडिकल साइंसेज, सिंघिया खुर्द, पो.-सिंघिया खुर्द, थाना-कर्पूरीग्राम, जिला-समस्तीपुर - 848113
- विद्यापति इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, मिश्री सिंह विश्वमोहिनी नगर, पो.+थाना-दलसिंहसराय, जिला-समस्तीपुर-848114
- कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ आई.टी. एण्ड मैनेजमेंट, सिंघिया खुर्द, पो.-सिंघिया खुर्द, थाना-कर्पूरीग्राम, जिला- समस्तीपुर - 848113
- कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, आदर्श कॉलोनी, पश्चिमी पटेल नगर, पो.-केसरीनगर, थाना-शास्त्रीनगर, जिला-पटना-800024
- सौम्या कृष्णा ए.एन.एम. ट्रेनिंग स्कूल, आदर्श कॉलोनी, पश्चिमी पटेल नगर, पो०- केसरीनगर, थाना-शास्त्रीनगर, जिला-पटना-800024,
- कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, मुरलीगंज, मधेपुरा-852122
- कृष्णा इन्स्टीच्यूट ऑफ पारामेडिकल साइंसेज, प्रोफेसर कॉलोनी, रामबाग, पो०-पूर्णियां, थाना-सदर, जिला-पूर्णियां - 854301

### उपलब्ध कोर्सेज

इन संस्थानों में ए०एन०एम०, जी०एन०एम०, बी०एससी० नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बी०एससी० नर्सिंग, बी० फार्म, डी० फार्म, बैचलर ऑफ हॉस्पिटल मैनेजमेंट, बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी, बैचलर ऑफ ऑक्यूपेशनल थेरेपी, बैचलर ऑफ मेडिकल लेबोरेट्री टेक्नोलॉजी, डिप्लोमा इन लेबोरेट्री टेक्नोलॉजी, डिप्लोमा इन ओ०टी० असिस्टेंट, डिप्लोमा इन ई०सी०जी०, डिप्लोमा इन ऑप्थलमिक असिस्टेंट, सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर, बैचलर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन, बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिन्स्ट्रेशन एवं बी०ए० (जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन) कोर्स में प्रशिक्षण दिया जाता है । ये सभी कोर्स रोजगार मुखी कोर्स है ।

### राष्ट्रीय छात्रवृत्ति प्रवेश परीक्षा 2025 के लिए करें आवेदन

एस.के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के द्वारा संचालित संस्थानों में नामांकन लेने के लिए सत्र 2025 में नामांकन के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति प्रवेश परीक्षा 2025 का आवेदन 31 मार्च 2025 तक संस्थान के वेबसाइट **www.skmgi.in** के द्वारा ऑनलाइन के माध्यम से जमा कर सकते हैं या किसी संस्थान में आकर यह आवेदन फॉर्म हार्ड कॉपी में जमा कर सकते हैं।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बांधा समा


















# आईआरसीटीसी और आईआरएफसी को मिला 'नवरत्न' का दर्जा

## रेल मंत्री ने दी बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सरकार ने इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन और इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉर्पोरेशन को नवरत्न कंपनी का दर्जा देने की मंजूरी दे दी है। इस घोषणा के साथ ही रेलवे की सभी सूचीबद्ध सार्वजनिक उपक्रम नवरत्न का दर्जा हासिल कर चुकी हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस उपलब्धि पर दोनों कंपनियों की टीमों को बधाई दी और कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे के बदलाव का एक बड़ा उदाहरण है। उन्होंने वित्त मंत्री का भी इस मौके पर धन्यवाद किया। 2014 के बाद से रेलवे की सभी सूचीबद्ध सार्वजनिक कंपनियों को नवरत्न का दर्जा मिल चुका है। आईआरसीटीसी जो कि रेलवे मंत्रालय के अधीन एक केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम है, ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 4,270.18 करोड़ का कारोबार और 1,111.26 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया है। इस दौरान इसकी कुल



नेटवर्थ 3,229.97 करोड़ रही। इस कंपनी के नवरत्न बनने का यह गौरवशाली क्षण इसलिए भी खास है क्योंकि 2025 में यह कंपनी अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर रही है। इससे रेलवे की कैटरिंग, पर्यटन और ऑनलाइन टिकटिंग सेवाओं का विस्तार करने में सहायता मिलेगी। 1986 में स्थापित आईआरएफसी भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण और विस्तार में वित्तीय सहायता प्रदान करने वाली प्रमुख संस्था है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में इसका कारोबार 26,644 करोड़ रहा जबकि शुद्ध लाभ 6,412 करोड़ दर्ज किया गया। इसके साथ ही यह अब देश का तीसरा सबसे बड़ा सरकारी गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थान बन गया है।

# कृषि विभाग में भ्रष्टाचार की कोई जगह नहीं : विजय कुमार सिन्हा

## हम किसानों के लिए एक निष्पक्ष और पारदर्शी सिस्टम तैयार करेंगे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सोमवार को कृषि विभाग का पदभार ग्रहण कर लिया। इस दौरान उन्होंने कई बड़े बदलाव के संकेत दिए। उन्होंने कृषि विभाग को भ्रष्टाचार मुक्त करने और किसानों के हित में पारदर्शी व्यवस्था बनाने का ऐलान करते हुए कहा कि हम किसानों के लिए एक निष्पक्ष और पारदर्शी सिस्टम तैयार करेंगे जहां भ्रष्टाचार की कोई जगह नहीं होगी। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग पूरी तरह से करप्शन और कास्ट फ्री होगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता देगी और योजनाओं का



लाभ सीधे किसानों तक पहुंचाया जाएगा। वहीं, पदभार ग्रहण करने से पहले विजय सिन्हा ने भगवान गणेश की पूजा की, लड्डू का भोग लगाया और शंखनाद कर शुभ कार्य की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि यह कदम शुभता और सकारात्मक ऊर्जा के प्रतीक हैं, जो विभाग के कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने में मदद करेंगे। इस मौके पर कृषि विभाग के प्रधान सचिव संजय अग्रवाल ने गुलदस्ता भेंट कर मंत्री का स्वागत किया। इस दौरान कृषि सुधार, किसानों को अधिक लाभ दिलाने और योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा हुई। विजय सिन्हा ने यह भी संकेत दिया कि कृषि क्षेत्र में तकनीक, आधुनिक संसाधन और किसानों की आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जाएगा।

# विकसित भारत 2047 की नींव को मजबूत करने वाला बजट : मंगल पाण्डेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने बिहार बजट 2025-25 का स्वागत करते हुए कहा है कि यह बजट विकसित भारत 2047 की नींव को मजबूती प्रदान करने वाला है। स्वास्थ्य-प्रक्षेत्र व स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास पर 20 हजार 335 करोड़ खर्च करने के प्रस्ताव का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा है इससे आम लोगों व गरीबों को स्वास्थ्य-सुविधाएं सहज रूप से उपलब्ध होगी। बेगूसराय में कैंसर अस्पताल खोले जाने की घोषणा भी स्वागतयोग्य है। श्री पाण्डेय ने कहा है कि वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने विधानसभा में 3.17 लाख करोड़ रुपए का बिहार का बजट पेश किया है जो पिछले साल से 38 हजार करोड़ अधिक है। उन्होंने कहा कि सरकार सबसे ज्यादा 60 हजार करोड़ से ज्यादा शिक्षा पर खर्च करेगी। उन्होंने कहा कि बजट में 52 नई घोषणाएं की गई हैं। इसमें महिलाओं के लिए कई बड़ी घोषणा की गई हैं जिनमें स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन में महिलाओं को नौकरियों में 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट बनाने, बड़े शहरों में पिंक बस सर्विस शुरू करने जो महिलाओं के लिए होगी और इसमें ड्राइवर-कंडक्टर भी महिलाएं ही होंगी जो महिला सुरक्षा की दिशा में स्वागत योग्य कदम है। श्री पांडेय ने कहा कि सरकार की ओर से हर पंचायत में विवाह मंडप बनाने जहां गरीब लड़कियों की शादी कराई जाएगी। प्रमुख शहरों में कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा एवं स्वस्थ वातावरण देने के लिए हॉस्टल खोलने आदि की घोषणाएं भी स्वागत योग्य है। सरकार की एमएसपी पर अरहर, मूंग और उड़द की दाल खरीदने व हर ब्लॉक में कोल्ड स्टोरेज खोले जाने की घोषणा से कृषि प्रधान राज्य बिहार के किसान लाभान्वित होंगे। यह बजट समग्र रूप से विकास व आधारभूत संरचना की अभिवृद्धि करने वाला है।

# बजट पर डॉ. प्रेम कुमार ने जताई खुशी, मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री को दी बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार द्वारा पेश किए गए वर्ष 2025-26 के बजट को लेकर बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने इस बजट को बिहार के सुंदर भविष्य के लिए सबसे बेहतर बजट करार देते हुए कहा कि इसमें सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की झलक दिखाई देती है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि 3.17 लाख करोड़ रुपए के इस बजट में समावेशी विकास और समता मूलक समाज की स्थापना की कल्पना स्पष्ट रूप से झलकती है। उन्होंने कहा कि यह बजट बिहार को विकसित राज्य बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। डॉ. प्रेम कुमार ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि इसे किसान, नौजवान, महिलाओं और गरीबों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी, कृषि, रोजगार और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता दी गई है जिससे राज्य के हर वर्ग को लाभ मिलेगा। डॉ. प्रेम कुमार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी को इस बजट के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह बजट बिहार के विकास पुरुष नीतीश कुमार की दूरदर्शिता और सम्राट चौधरी की कुशल वित्तीय प्रबंधन क्षमता का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह बजट बिहार के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

# भागलपुर कृषि मेला सह किसान सम्मान में खादी स्टॉल बना आकर्षण का केंद्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना/भागलपुर।** कृषि मेला सह किसान सम्मान में इस बार बिहार राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा लगाए गए खादी उत्पादों के विशेष स्टॉल दर्शकों और खरीदारों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। यह मेला 3 और 4 मार्च को कृषि भवन परिसर, तिलकामांझी, भागलपुर में आयोजित किया जा रहा है जहां खादी के परंपरागत और आधुनिक परिधानों के साथ-साथ हस्तशिल्प उत्पादों की भी प्रदर्शनी की गई है। खादी स्टॉल पर खादी वस्त्र, सिल्क एवं कॉटन साड़ियों, जैविक रंगों से बने कपड़े, पुरुषों के लिए कुर्ते-पायजामे, जैकेट और अन्य पारंपरिक परिधान उपलब्ध हैं। इसके अलावा स्थानीय कारीगरों द्वारा तैयार किए गए खादी बैग, होम डेकोर उत्पाद, हस्तनिर्मित साबुन, हर्बल उत्पाद और अन्य ग्रामोद्योग सामग्री भी स्टॉल पर प्रदर्शित की गई हैं। बिहार राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की मीडिया प्रतिनिधि ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य स्थानीय खादी उद्योग को प्रोत्साहित करना, ग्रामीण कारीगरों को एक बड़ा मंच देना और लोगों को खादी अपनाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा 'खादी सिर्फ एक कपड़ा नहीं, बल्कि स्वदेशी आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है।'

वहीं मेला आयोजकों ने बताया कि दो दिवसीय इस आयोजन में बड़ी संख्या में किसान, उद्यमी, विद्यार्थी और आम नागरिक भाग ले रहे हैं। मेले में मिट्टी सुधार, जैविक खेती, कृषि यंत्रीकरण, पशुपालन और सहकारिता से जुड़े विभिन्न स्टॉल भी लगाए गए हैं जिससे किसानों और उद्यमियों को नई तकनीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी मिल रही है।

भागलपुर और आसपास के जिलों के नागरिकों से खादी स्टॉल का अवलोकन करने और स्वदेशी वस्त्रों को बढ़ावा देने की अपील की गई है। खादी और ग्रामोद्योग के इन उत्पादों को अपनाकर न केवल स्थानीय कारीगरों को सशक्त बनाया जा सकता है बल्कि 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर बिहार' अभियान को भी मजबूती मिलेगी।

# सत्ता की व्याकुलता में गलत बोलते हैं तेजस्वी : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में सियासी बयानबाजी तेज होती जा रही है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के एक बयान पर सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कड़ा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव अखबारों की सुर्खियों में बने रहने और सत्ता की व्याकुलता में अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि तेजस्वी यादव का सरकार और भाजपा के प्रति जहर उगलना उनकी सत्ता सुख की आतुरता को दर्शाता है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि तेजस्वी यादव खुद को 36 साल की उम्र में सबसे बेहतर राजनेता मानते हैं, लेकिन वे राजद के पिछले 15 वर्षों के शासन की कोई ठोस उपलब्धि नहीं गिना सकते जब भी राजद सत्ता में आया, शासन व्यवस्था को अव्यवस्थित करने, खजाना लूटने और परिवारवाद को बढ़ावा देने का ही काम किया। सहकारिता मंत्री ने कहा कि तेजस्वी यादव को बिहार की जनता की बजाय सिर्फ अपने परिवार के सदस्यों की चिंता रहती है। मां, बहन, भाई के सिवा उन्हें बिहार की जनता नहीं दिखती। जब-जब उन्हें मौका मिला, उन्होंने शासन व्यवस्था को बर्बाद किया। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर राजद फिर सत्ता में आया तो बिहार एक बार फिर 'जंगलराज' में बदल जाएगा। फिर से वही लूट, अपहरण, हत्या, डकैती, कुशासन और अंधेरे का बिहार देखने को मिलेगा। डॉ. प्रेम कुमार ने नीतीश सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि आज बिहार विकास के रास्ते पर है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में जो प्रगति हुई है, वह आजादी के बाद किसी भी सरकार के शासनकाल में नहीं हुई। हमारी सरकार माई-भाई-बहन तक सीमित नहीं है, बल्कि सबका विकास करने वाली है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सड़क, ऊर्जा, खेल, परिवहन, ग्रामीण विकास, पर्यटन और पर्यावरण सहित हर क्षेत्र में विकास किया है।

# भारत के निर्माण में महिला उद्यमिता की अहम भूमिका : नीतीश मिश्रा

## सफलतापूर्वक संपन्न हुआ महिला उद्यमी फागुनोत्सव, लोगों ने की जमकर खरीदारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार महिला उद्योग संघ द्वारा आयोजित महिला उद्यमी फागुनोत्सव का समापन समारोह ज्ञान भवन में संपन्न हुआ। 27 फरवरी से 3 मार्च तक आयोजित इस मेले में पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, आसाम, कश्मीर, झारखंड, बिहार सहित अन्य राज्यों की सैकड़ों महिला उद्यमियों ने हिस्सा लिया। मेले के समापन के दिन पटनावासियों ने जमकर खरीदारी की। एमएसएमई, सिडबी, नाबार्ड और डब्लूसीडीसी के सहयोग से आयोजित इस मेले में कुल 200 स्टॉल्स लगाए गए थे जिनकी कुल बिक्री 1 करोड़ 93 लाख रही। समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने इस सफल आयोजन के लिए बिहार महिला उद्योग संघ को अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि महिला उद्यमियों ने इस मेले में स्टॉल लगाकर अपने उत्पादों का अच्छा प्रदर्शन किया है। भारत के निर्माण में महिला उद्यमिता की अहम भूमिका रही है। आज महिलाएं उद्यम सहित अन्य सभी क्षेत्रों में निरंतर आगे बढ़ रही हैं और सशक्त हो रही हैं। उन्होंने अपने संबोधन में बजट को लेकर भी चर्चा की। वहीं विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद धर्मशीला गुप्ता ने कहा कि इस मेले को लेकर लोगों की अच्छी प्रतिक्रिया रही जबकि बिहार महिला उद्योग संघ की अध्यक्ष उषा झा ने कहा कि ऐसे आयोजन से महिलाओं का हौसला बढ़ता है और वो बड़े स्तर पर अपने द्वारा तैयार किये हुए उत्पादों का प्रदर्शन करती हैं। उन्होंने बताया कि इस पांच दिवसीय मेले में लोगों की अच्छी भीड़ रही। इस मेले में अनु बिजपुरिया के स्टॉल को प्रथम स्थान, सुष्मिता सिन्हा एवं प्रिया रंजन को दूसरा व रश्मिका को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि अगले वर्ष हम पुनः इस मेले का बड़े स्तर पर आयोजन करेंगे। कार्यक्रम में नाबार्ड के डीजीएम सतपाल आजाद, बीआईएस पटना के निदेशक संतोष सुमन, एमएसएमई डीएफओ पटना के सहायक निदेशक सुनील अग्निहोत्री, डब्लूसीडीसी के निदेशक राजीव वर्मा, बिहार म्यूजियम के सहायक निदेशक अशोक कुमार सिन्हा, सीआईएमपी के निदेशक डॉ. राणा सिंह भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में बिहार महिला उद्योग संघ की उपाध्यक्ष इंदु अग्रवाल, किरण रंजन, कार्यकारी निदेशक साधना झा, सचिव मेनका सिन्हा, कोषाध्यक्ष अंकिता तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य अम्बिका देव, रुचि चौधरी, नितिका अग्रवाल, प्रियंका सिन्हा, शाम्भवी आदि की मुख्य भूमिका रही।

# अब सुन और बोल सकेंगे मूक-बधिर बच्चे

## केंद्र सरकार की एडीआईपी योजना से बच्चों को मिलेगा लाभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** पटना के पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल में अब पांच साल तक के मूक-बधिर बच्चों को कॉक्लीयर इम्प्लांट के जरिए सुनने और बोलने में मदद मिल रही है। वर्ल्ड हियरिंग डे (3 मार्च) के मौके पर इएनटी विशेषज्ञों ने बताया कि एडीआईपी योजना के तहत गरीब बच्चों का यह इलाज मुफ्त किया जा रहा है। इसके अलावा बोन एंकर हियरिंग एड तकनीक से माइक्रोसिया (जन्मजात बाहरी कान न होना) और यूनिलेटरल हियरिंग लॉस (एक कान से सुनाई न देना) जैसी समस्याओं का भी इलाज संभव है। पारस एचएमआरआई की इएनटी विशेषज्ञ डॉ. रश्मि प्रसाद ने जो मरीज तेज आवाज या वायरल इंफेक्शन के कारण अपने किसी एक कान या दोनों कान से सुनने की क्षमता खो बैठे हैं, ऐसे लोगों के लिए बोन एंकर हियरिंग एड की सुविधा भी पारस एचएमआरआई अस्पताल में प्रदान की जा रही है। डॉ. अभिनीत लाल ने बताया कि अब तक 100 से ज्यादा सफल इम्प्लांट किए जा चुके हैं। जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि सही समय पर इलाज से सुनने की क्षमता दोबारा पाई जा सकती है, इसलिए समस्या को नजरअंदाज न करें। विशेषज्ञों का कहना है कि समय पर जांच और सही इलाज से सुनने की क्षमता को बचाया जा सकता है।

# मधुरेश नारायण के लघुकथा संग्रह 'नीलकंठ' का लोकार्पण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** सामाजिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संस्था 'लेख्य मंजूषा', 'प्रांगण' एवं 'स्पर्श प्रकाशन' के संयुक्त तत्वावधान में मधुरेश नारायण की लघुकथा संग्रह 'नीलकंठ' का लोकार्पण आज जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक शोध संस्थान, पटना के सभागार में समारोहपूर्वक सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता एवं लघुकथा संग्रह 'नीलकंठ' का लोकार्पण वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार भगवती प्रसाद द्विवेदी ने किया। अपने उद्‌बोधन में उन्होंने कहा कि समाज में फैली विषमताएं, जीवन के कटु अनुभव और संघर्षों की तपिश को आत्मसात करते हुए जो सृजन की राह पर आगे बढ़ता है, वही नीलकंठ कहलाता है। मधुरेश नारायण की इस संग्रह की लघुकथाएं इसे विस्तार देती है। बिहार संग्रहालय के अवर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा ने मुख्य अतिथि के रूप में अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि मधुरेश जी की लघुकथाएं राजनीतिक अवसरवादिता और समाज में व्याप्त पाखंड को उजागर करती है। ये समाज को साहित्य का दर्पण दिखाती है। इस अवसर पर डा. किशोर सिन्हा, डा. अनिता राकेश, डा. प्रमोद कुमार, डा. नरेंद्र पाठक, पूनम कोरियाई, दिव्या रश्मि, शशि शरण, कमल नयन श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव, सुनील कुमार इत्यादि ने भी 'नीलकंठ' लघुकथा संग्रह को समाज और साहित्य के लिए उपयोगी बताया और लेखक को बधाई दी। यह राष्ट्र की नई पीढ़ी का पथ आलोकित करेगी। श्री कमलनयन श्रीवास्तव ने कहा कि लघु कथाएं हमारे जीवन का आइना हैं। उन्होंने कहा कि मधुरेश नारायण रचनात्मक साहित्य को प्रकाशमान करने के संकल्प के साथ काम कर रहे हैं। समारोह में आगत अतिथियों का स्वागत वरिष्ठ कवि इं. शुभ चन्द्र सिन्हा ने किया।

# बिना परमिशन के जेल के बाहरी परिसर में काट दिए पेड़

## एसडीएम ने काम बंद करा कर दिये जांच के आदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** एक तरफ सरकार हरियाली बचाओ अभियान के तहत हरे भरे पेड़ को युद्धस्तर पर लगा रहे हैं। ताकि पर्यावरण सुरक्षित और संरक्षित रहे बावजूद इन नियमों को ही ताक पर रख कर सरकारी परिसर में ही हरे पेड़ को काट रहे हैं वे भी बिना परमिशन के पेड़ को काट दिए जा रहे हैं। यह तस्वीर मसौढ़ी जेल के बाहरी परिसर की है जहां पर हरे पेड़ को काटा जा रहा है एवं कई सूखे पेड़ को भी काट दिए गए हैं, इस पूरे मामले में जेल सुपरिंटेंडेंट महेश रजक से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा परमिशन नहीं दी गई है जबकि हमें जानकारी मिली थी कि सूखा पेड़ काटा गया है। इस पूरे मामले में अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल ने कहा कि काम को रुकवा दिया गया है और पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। बहरहाल इस पूरे मामले में जिलाधिकारी पटना डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह और वन विभाग के पदाधिकारी से भी बात की गई है। उन्होंने कहा है कि जेल परिसर हो या कोई निजी जमीन प्रशासन से पेड़ को काटने के लिए परमिशन लेना आवश्यक है। हरे वृक्षों को काटना कानून जुर्म है। बहरहाल इस पूरे मामले में पेड़ों को कटाई और उसका परिवहन रोक दी गई है। मसौढ़ी एसडीएम इस पूरे मामले की जांच कर रहे हैं।

# स्वच्छता जागरूकता अभियान में नीतू नवगीत ने स्वच्छता की दी जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** इन बातों के साथ आज सोमवार को महाविद्यालय में स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत बिहार की सुप्रसिद्ध लोक गायिका डॉ. नीतू कुमारी नवगीत का संगीतमय कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में नीतू जी ने पटना नगर निगम के द्वारा संचालित स्वच्छता अभियान के बारे में जानकारी दी और समझाया कि कैसे अपने घर और शहर को साफ रखने में सहयोग करें।सूखा कचड़ा और गीला कचड़ा अलग-अलग रखने की जानकारी दी। इसके अलावा निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता सर्वे में कैसे भाग लें इस बात की भी जानकारी दी। अपने कोकिल स्वर में इन्होंने स्वच्छता संबंधी कई गीत सुनाया। इस संगीतमय प्रस्तुति में हार्मोनियम पर सुश्री दिव्या श्री ने एवं तबला पर रविश मिश्रा ने संगत दिया। गीतों का सिलसिला जब शुरू हुआ तब यह होली के मस्ती भरे गीतों तक पहुंच गया। कार्यक्रम में वार्ड संख्या 58 की वार्ड पार्षद श्वेता कुमारी भी उपस्थित थीं। इन्होंने भी छात्राओं को नगर निगम की ओर से चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान की जानकारी दी और साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या श्रुति तेतरवे ने की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. उषा यादव ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 कुमारी निमिषा ने किया।

# भारतमाला प्रोजेक्ट को रुकवा कर किसानों ने किया प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत बन रही भारतमाला सड़क आमस दरभंगा से लेकर रामनगर तक बन रहे सड़क को धनरूआ में छाती पंचायत के नोनियाबिघा और लक्ष्मुबिघा के बीच किसानों ने विरोध प्रदर्शन करके काम रुकवाया। दरअसल किसानों की माने तो इन दिनों खेतों में गेहूं की फसल लगी हुई है। अगले महीने तक वह गेहूं की फसल की कटाई हो जाएगी ऐसे में जब तक फसल की कटाई नहीं हो जाती है तब तक भारतमाला प्रोजेक्ट काम को रोकने की मांग कर रहे थे उसके बाद मुआवजे को भी लेकर के नाराजगी थी। सूचना पाकर पहुंचे अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल, अंचल अधिकारी श्वेता कुमारी एवं थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार मौके पर पहुंचे लोगों को आश्वस्त किया और बताया कि फसल पककर तैयार हो जाएगी उसके बाद काम लगाया जाएगा।

# नदी की जमीन पर अतिक्रमणकारियों ने मकान बना किया कब्जा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बाढ़।** अनुमंडल के बेलछी प्रखंड अंतर्गत सकसोहरा बाजार स्थित स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा एक तरफ महंत रामनारायण पूरी 10 + 2 उच्च विद्यालय की जमीन तो दूसरी तरफ बड़ी नदी के मार्ग को अतिक्रमण करते हुए ग्रामीणों ने अवरूद्ध कर दिया। हालत यह है कि स्थानीय दुकानदारों ने धीरे-धीरे नदी की जमीन को मिट्टी से भरकर उस पर मार्केट और बड़े-बड़े मकान खड़ा कर दिए और आज भी अवैध निर्माण धड़ल्ले से जारी है मामला तब प्रकाश में आया जब बाढ़ के विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू सकसोहरा बाजार के नई सड़क निर्माण के बाद जब उसके उद्घाटन समारोह में पहुंचे तो ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू को बताया कि ग्रामीणों के द्वारा कई बार अंचलाधिकारी और एसडीओ को अतिक्रमण की लिखित शिकायत की गई उसके बावजूद भी आज तक अतिक्रमण का दौड़ जारी है जिसके चलते बाजार आने जाने में लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं दर्जनों लोगों ने अवैध जमीन पर मार्केट खड़ा कर रखा है और उससे प्रति माह लाखों रुपए का कारोबार कर रहा है। विद्यालय की जमीन पर शुरू में कब्जा करने के दौरान जब शिकायत की गई थी तो स्थानीय प्रशासन ने कुछ दिन के लिए अवैध निर्माण पर रोक लगाते हुए चौकीदार को निर्माण स्थल पर ड्यूटी लगा रखी थी फिर लेनदेन के बाद लोग निर्माण कार्य शुरू कर दिया। हालत यह है कि इलाके की बड़ी नदी का मार्ग नाला में तब्दील होकर रह गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में बाढ़ आने पर नदी का पानी बाजार में घुस जाएगा चूंकि नदी का मार्ग बिल्कुल बंद होता जा रहा है। ग्रामीणों ने बाढ़ एसडीओ शुभम कुमार के द्वारा बेलछी के अंचलाधिकारी और सकसोहरा थाना को तुरंत अतिक्रमण हटाते हुए उसकी जानकारी देने को कहा था, लेकिन अंचलाधिकारी पीयूष कुमार मिश्रा के द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई जिसके चलते अतिक्रमण करने वाले लोगों का हौसला बुलंद है ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय पर मोटी रकम वसूली का भी आरोप लगाया है जिसके बदौलत हर दिन अतिक्रमण का दौर जारी है।

# विधायक ने विधानसभा में की गरीबों को मुफ्त बिजली देने की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** बिहार विधानसभा सत्र के दौरान फुलवारीशरीफ के विधायक गोपाल रविदास ने राज्य सरकार से गरीबों को राहत देने की मांग उठाई। उन्होंने 200 यूनिट तक बिजली गरीब उपभोक्ताओं को मुफ्त देने और सभी नागरिकों का बकाया बिजली बिल माफ करने की अपील की। विधायक रविदास ने कहा कि महंगाई के इस दौर में गरीबों को बिजली का भारी भरकम बिल चुकाना मुश्किल हो रहा है। सरकार को जनता की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए राहत पैकेज की घोषणा करनी चाहिए।

# 2025-26 का बिहार बजट एक प्रगतिशील बजट : तारकिशोर प्रसाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने बिहार बजट- 2025 को प्रगतिशील बजट बताया है। उन्होंने कहा कि इस बजट से युवाओं, किसानों और महिलाओं की समृद्धि के द्वार खुलेंगे और विकसित बिहार के सपनों को नई रफ्तार मिलेगी। उन्होंने कहा कि 2025-26 का बिहार बजट लगभग 3.17 लाख करोड़ का है जिसमें शिक्षा पर सबसे अधिक बजट का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि बजट में स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास और ऊर्जा के लिए भी बेहतर बजटीय प्रावधान सुनिश्चित किए गए हैं। कृषि बाजार समिति के आधुनिकीकरण, खेल संरचनाओं के निर्माण, प्रखंडों में आउटडोर स्टेडियम, बेगूसराय में कैंसर अस्पताल के निर्माण, महिलाओं के लिए ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर और पिंक बस, प्रमुख शहरों में कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास, गरीब बेटियों की शादी के लिए सरकारी कन्या मंडप सहित खाद्य प्रसंस्करण नीति के निर्माण, अरहर, मूंग, उड़द आदि का न्यूनतम समर्थन मूल्य का निर्धारण करने, प्रखंड लेवल पर 'तरकारी सुधा' आउटलेट खोले जाने, पिछड़े वर्ग, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए छात्रवृत्ति की राशि दोगुनी किए जाने इत्यादि कई महत्वपूर्ण प्रावधान 2025-26 के बजट में किए गए हैं।

■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 273
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, मंगलवार
4 मार्च 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1788 :** पश्चिम बंगाल में कलकत्ता गजट का पहला प्रकाशन हुआ।
**1921 :** हिंदी के लोकप्रिय साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु का जन्म।
**1930 :** फ्रांस में आयी भयंकर बाढ़ से करीब 700 से ज्यादा लोगों की मौत हुई।
**1951 :** नयी दिल्ली में पहले एशियाई खेलों का आयोजन किया गया।
**1977 :** रोमानिया में आये जबरदस्त भूकंप से लगभग 1541 लोगों की मौत हुई।

**मुस्कुराहट के साथ दिन की शुरुआत करें, यह आपके दिन को खुशहाल बनाएगा।**

### चुनावी वर्ष में उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी द्वारा पेश किये गये बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे पर दिया गया विशेष जोर

# बिहार का बजट तीन लाख करोड़ पार, शिक्षा और ग्रामीण विकास पर फोकस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को सदन में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए तीन लाख 17 हजार करोड़ रुपये का बजट पेश किया। यह पिछली बार से 38 हजार करोड़ रुपए अधिक है। पहली बार तीन लाख करोड़ के पार हुआ है। बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे पर जोर दिया गया है। इसमें 1543 करोड़ रुपये का ऋण प्रस्तावित है। सम्राट चौधरी ने बजट पेश करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्र केंद्र और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संकल्प से बिहार का विकास करेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के विकास के लिए शुरू की गई योजनाओं का जिक्र किया। सम्राट चौधरी ने अपने बजट भाषण में कहा कि अगले साल का बजट मौजूदा वर्ष से 38 हजार करोड़ अधिक होगा। उन्होंने कहा कि बजट में 1543 करोड़ रुपये का ऋण प्रस्तावित है। आर्थिक सेवा में 25 हजार 262 करोड़ रुपये का प्रस्ताव है। सरकार 2,819 करोड़ रुपये का लोन चुकाएगी। इसमें से 1600 करोड़ केंद्र को देना है। इस बार बिहार के बजट में 60 हजार 964 करोड़ रुपये शिक्षा पर खर्च होंगे। वहीं 20 हजार 335 करोड़ स्वास्थ्य विभाग पर खर्च किया जाएगा।



इसके अलावा 17 हजार 831 करोड़ गृह विभाग के लिए प्रावधान किया गया है। वहीं 13 हजार 484 करोड़ रुपये ऊर्जा के लिए खर्च किए जाएंगे। एससी एसटी के लिए 1735 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार डबल इंजन की ताकत से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र के सहयोग से बिहार में विकास हो रहा है। संस्थागत नीतियां सुगम बनाई गई हैं। हमारा वित्तीय प्रबंधन पहले से बेहतर हुआ है। 2005 से पहले बजट का आकार काफी छोटा था। बजट में निजी निवेश को प्रोत्साहित किया गया है। रोजगार युक्त निवेश को बढ़ावा दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में बजट का आकार 3 लाख 16 हजार 895.02 करोड़ रूपया है। यह पिछले वित्तीय वर्ष के बजट आकर से 38,169 करोड़ रूपया अधिक है। सम्राट चौधरी ने बताया कि शहरी और ग्रामीण सड़कों पर 17908 करोड़ रू, ग्रामीण विकास पर 16093 करोड़, उर्जा विभाग 13484 करोड़, समाज कल्याण विभाग व अन्य विभागों पर 13368 करोड़ रूपए खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में 1289 करोड़ की लागत से बाजार समिति का विकास किया जाएगा। एमएसपी पर अरहर, मूंग और उरद दाल खरीदा जाएगा। सभी प्रखंड में कोल्ड स्टोर बनाया जाएगा। सुधा के तर्ज पर तरकारी सुविधा आउटलेट प्रखंड के स्तर पर खोला जाएगा। प्रखंड में सहकारी समिति का गठन किया गया है। वहीं अब प्राथमिक सब्जी उत्पादन समिति का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य परिवहन निगम में नौकरियों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि पूर्णिया एयरपोर्ट तीन महीने में शुरू हो जायेगा। सम्राट चौधरी ने बजट भाषण में कहा कि अगले वित्तीय वर्ष में 2 लाख 60 हजार रूपए राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य है। यह पिछले वर्ष के मुकाबले 34 हजार 33 करोड़ रूपए अधिक है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने अनुशासित वित्तिय ढांचा को मजबूत किया है। राजस्व बचत बढ़ाकर 8 हजार 831.18 करोड़ किया है। राजकोषीय घाटा 3 प्रतिशत की निर्धारित सीमा के अंदर है। कई नीतियों को आसान और सहज बनाया गया है। रोजगार से संबंधित निवेश को प्रोत्साहन दिया गया है। रोजगार युक्त निवेश को बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि 1 लाख 38 हजार 515 करोड़ रुपये बिहार को केंद्र से टैक्स हिस्सेदारी के रूप में इस साल मिलने का अनुमान है। यह पिछले साल के 1.13 लाख करोड़ की तुलना में ज्यादा है। केंद्र प्रायोजित स्कीम में लगभग 45 हजार करोड़ रुपया आना है। बजट पेश करते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार खाद्य प्रसंस्करण नीति 2025 लाई जाएगी, जो फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। बिहार फार्मास्यूटिकल पॉलिसी 2025 लागू की जाएगी। प्लास्टिक विनिर्माण के लिए बिहार प्लास्टिक विनिर्माण नीति लागू होगी। उन्होंने कहा कि बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति विकसित किया जा रहा है। इसमें निवेश को बढ़ावा दिया जाएगा। सभी प्रखंडों में सब्जी उत्पादक समिति का गठन इस साल कर लिया जाएगा। कंप्रेस्ड बायो गैस इकाई की स्थापना होगी। पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना ऊर्जा का उत्पादन होगा। सम्राट चौधरी ने कहा कि शहरी क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से वंचित वर्ग के लिए नगर चिकित्सा सुविधा केंद्र की स्थापना की जाएगी। जिसमें प्रथम चरण में राज्य के सभी 9 प्रमंडलों के जिला मुख्यालय में 108 चिकित्सा केंद्र की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि 534 प्रखंडों में से 358 प्रखंडों में अंगीभूत राजकीय डिग्री महाविद्यालय नहीं है। इन प्रखंडों में चरणबद्ध तरीके से एक-एक डिग्री कॉलेज सरकारी या निजी सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अलावा निजी क्षेत्र के सहयोग से राज्य में नए निजी मेडिकल कॉलेज संचालित किए जाएंगे। पीपीपी मोड के आधार पर नए सरकारी मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे।

## बजट में हर वर्ग का रखा गया ख्याल : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी द्वारा पेश किये गये बिहार के वित्तीय बजट 2025-26 पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार के इस बजट में किसानों, उद्यमियों, युवाओं एवं महिलाओं सहित समाज के हर वर्ग के लोगों का ख्याल रखा गया है। इस साल बिहार का बजट 3 लाख 17 हजार करोड़ रूपये का है। बिहार की विकास दर 14.5 प्रतिशत रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रस्तुत बिहार बजट (2025-26) न्याय के साथ विकास के हमारे संकल्प को मजबूत करेगा। हमें पूर्ण विश्वास है कि राज्य सरकार अपने राजकोषीय संसाधनों



के समुचित प्रबंधन से बिहार के आर्थिक विकास को गति देगी। सड़कों का चौड़ीकरण कर आवागमन की सुविधा को बेहतर किया जायेगा। युवाओं को रोजगार देने के हमारे प्रयास जारी रहेंगे। हम सरकारी नौकरी के साथ-साथ रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कृतसंकल्पित हैं, इसके लिए वित्तीय संसाधनों की कमी नहीं होने दी जायेगी। शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि में हमारे प्रयास से हुये विकास को आगे बढ़ाने के लिए विशेष प्रावधान इस बजट में किये गये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अर्थव्यवस्था को समावेशी, तीव्र एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में बिहार बजट 2025-26 अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा, जहां एक ओर हर जिले को 4-लेन सड़क से जोड़ा जायेगा, वहीं राज्य के लोगों के लिये सस्ती एवं सुलभ वायु सेवा उपलब्ध कराने के लिये बजट में कई प्रावधान किये गये हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मायावती ने भतीजे आकाश को पार्टी से निकाला

**लखनऊ (नबिटा ब्यूरो)।** बसपा प्रमुख मायावती ने सोमवार को अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से निकाल दिया। उन्होंने कहा कि आकाश को पश्चाताप करके अपनी परिपक्वता दिखानी थी लेकिन आकाश ने जो प्रतिक्रिया दी, वह राजनीतिक मैच्योरिटी नहीं है। वो अपने ससुर के प्रभाव में स्वार्थी, अहंकारी हो गया है। बसपा सुप्रीमो ने एक दिन पहले ही आकाश को पार्टी के सभी पदों से हटाया था और कहा था कि वे उनके उत्तराधिकारी नहीं हैं। उन्होंने कहा था, 'मेरे जीते-जी और आखिरी सांस तक पार्टी में मेरा कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा।

### शादी के तीसरे दिन ज्वेलरी एवं कैश लेकर दुल्हन फरार

**मुजफ्फरपुर (नबिटा ब्यूरो)।** मुजफ्फरपुर के नगर थाने में सीतामढ़ी के रहने वाले युवक ने पत्नी पर केस दर्ज कराया है। युवक ने बताया- 'मैं अपनी पत्नी के साथ बोकारो जा रहा था। ट्रेन पकड़ने के लिए मुजफ्फरपुर जंक्शन पहुंचे थे। यहां से पत्नी शादी में मिले 10 से 12 हजार रुपए और 50 से 60 हजार रुपए के ज्वेलरी लेकर भाग गई। पीड़ित अमित कुमार सीतामढ़ी के छोड़हटिया गांव का रहने वाला है। उसकी शादी 21 फरवरी को शिवहर के बसंतपट्टी की रहने वाली खुशबू कुमारी (24) से सीतामढ़ी के जानकी मंदिर में हुई थी। अमित ने बताया कि 'खुशबू के गांव में मेरी बुआ रहती है। उन्होंने ही मेरी शादी तय कराई थी। खुशबू के पिता बिगन राम पेशे से मजदूर हैं। खुशबू उनकी इकलौती बेटी है। जब वो मुजफ्फरपुर जंक्शन से गायब हुई, तो मैं उसके घर भी गया। लेकिन वह वहां नहीं मिली।

### झोलाछाप डॉक्टर के इंजेक्शन से मरीज की मौत

**भागलपुर (नबिटा ब्यूरो)।** भागलपुर में गलत सुई लगाने और उसके कुछ देर बाद ही मरीज की मौत का मामला सामने आया है। घटना अमडंडा थाना क्षेत्र के काझा गांव की है। जानकारी के अनुसार एक झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही के कारण मरीज की मौत हो गई। मृतक डॉक्टर के पास बुखार की शिकायत लेकर पहुंचा था। मृतक की पहचान काझा गांव के रहने वाले 55 साल के टुनटुन पासवान के रूप में की गई है। मृतक की पत्नी ने कहा कि गांव के झोलाछाप डॉक्टर मनोज मंडल ने मेरे पति को इंजेक्शन लगाया, जिसके कुछ देर बाद ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

## राज्यपाल ने नीतीश को दी जन्मदिन की बधाई



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान सोमवार को अचानक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने सीएम आवास पहुंच गए। राज्यपाल के अचानक सीएम हाउस पहुंचने के बाद सियासी हलचल तेज हो गई। जानकारी के मुताबिक राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उनके जन्मदिन की बधाई देने के लिए पहुंचे थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जन्मदिन बीते एक मार्च को था। लेकिन राज्यपाल पटना में नहीं रहने के कारण उनसे नहीं मिल सके थे। पटना लौटने के बाद वे मुख्यमंत्री को जन्मदिन की बधाई देने के लिए सीएम हाउस पहुंच गए थे। उन्होंने मुख्यमंत्री को बधाई देकर उनके दीर्घायु होने की कामना की।

## प्रारंभिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा पर 17,607 करोड़ खर्च करेगी हेमंत सरकार

### झारखंड विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1.45 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झारखंड सरकार ने सोमवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अपना पहला बजट पेश किया, जिसकी कुल राशि 1.45 लाख करोड़ रुपये है। यह पिछले साल के 2024-25 के बजट 1.28 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। शिक्षा बजट में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रारंभिक और माध्यमिक शिक्षा के लिए 15 हजार 198 करोड़ 35 लाख 30 हजार रुपये और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के लिए 2 हजार 409 करोड़ 20 लाख 96 हजार रुपये का बजट प्रस्तावित किया है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्य विधानसभा में बजट पेश करते हुए कहा कि यह किसानों, महिलाओं, आदिवासियों और वंचितों सहित समाज के विभिन्न वर्गों की



आकांक्षाओं को पूरा करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रस्तावित बजट से पूरे राज्य में महत्वपूर्ण विकास होगा।
इस साल का बजट शिक्षा क्षेत्र के लिए भी खास है क्योंकि वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्य में व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो नए विश्वविद्यालय, कौशल विश्वविद्यालय और फिन-टेक विश्वविद्यालय की स्थापना का प्रस्ताव दिया है। इसके साथ ही जमशेदपुर, पलामू, रांची, धनबाद, हजारीबाग और देवघर में स्कूल ऑफ बिजनेस एंड मास कम्युनिकेशन की भी स्थापना की जाएगी।
राज्य में लॉ की पढ़ाई को बढ़ावा देने के लिए हजारीबाग, रांची, धनबाद, दुमका एवं पलामू में कुल पांच नये लॉ कॉलेजों की स्थापना का प्रस्ताव किया गया है। बजट में यह पेश किया गया है कि तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बोकारो और गोड्डा में नवनिर्मित सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 से पढ़ाई शुरू करने की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा राज्य सरकार द्वारा रांची/खूंटी, जमशेदपुर, गुमला, साहेबगंज और गिरिडीह में भी इंजीनियरिंग कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य के जमशेदपुर, गुमला और साहेबगंज जिले में नए राज्य विश्वविद्यालय स्थापित करने की योजना तैयार की जा रही है। इसके अलावा जमशेदपुर, धनबाद और दुमका में तीन नए तकनीकी विश्वविद्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है, ऐसा वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बजट में कहा है।

## झारखंड को 10 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाएगी हेमंत सरकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025 के लिए 1.45 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया, जिसमें राज्य की आर्थिक वृद्धि को तेज करने और समाज के सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाओं पर जोर दिया गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार ने 2030 तक राज्य की अर्थव्यवस्था को 10 ट्रिलियन (10 लाख करोड़ रुपये) तक पहुंचाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए सरकार को अगले छह वर्षों तक औसतन 14.2% की वार्षिक वृद्धि दर बनाए रखनी होगी। झारखंड का सकल राज्य घरेलू उत्पाद वित्तीय वर्ष 2023-24 में 4.6 ट्रिलियन रुपये (4,61,010 करोड़ रुपये) रहा। सरकार की रणनीति इस आंकड़े को 2029-30 तक दोगुना करने की है, जिससे झारखंड को एक मजबूत आर्थिक शक्ति के रूप में विकसित किया जा सके। बजट में गरीबों, किसानों और महिलाओं के लिए कई




महत्वपूर्ण योजनाओं का प्रावधान किया गया है। मईंया सम्मान योजना को सरकार का प्रमुख फोकस बताया गया, जिससे महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त किया जाएगा। इसके अलावा, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और आधारभूत ढांचे के विकास के लिए भी बड़े पैमाने पर निवेश का प्रस्ताव किया गया है।

## बजट से विकास की रफ्तार और होगी तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के विकास का बजट पेश करने के लिए विधान पार्षद सह भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ संजय मयूख, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार जायसवाल और विधान पार्षद निवेदिता सिंह ने डिप्टी सीएम सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी को बुके देकर शुभकामनाएं दी। विधान पार्षद निवेदिता सिंह ने कहा कि बिहार व केंद्र के समन्वय से राज्य के विकास के लिए आज पेश किया गया बजट विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का निराकरण पंचायत स्तर पर ही करने के उद्देश्य से पंचायतीराज व नगर निकाय में पर्याप्त धन का प्रावधान व हर प्रखंड में डिग्री कालेज तथा कामकाजी महिलाओं के लिए होस्टल का निर्माण महिला सशक्तीकरण की दिशा में बड़ा कदम है। राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय मयूख ने कहा कि संतुलित बजट से बिहार के विकास



की रफ्तार और तेज होगी। आगामी विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश सरकार का यह आखिरी बजट है। सम्राट चौधरी ने तीन लाख 17 हजार करोड़ का बजट पेश किया है।

### वकील ने सुप्रीम कोर्ट में आत्महत्या की धमकी दी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को एक वकील ने आपराधिक मामले में उसकी याचिका स्वीकार न किए जाने पर आत्महत्या की धमकी दी। इस पर जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने वकील से 7 मार्च तक लिखित माफी मांगने या परिणाम भुगतने को कहा। कोर्ट ने कहा कि हम माफी मांगने के लिए मजबूर नहीं कर रहे, लेकिन माफी न मांगने पर नतीजे भुगतने को तैयार रहें। सुनवाई के समय याचिकाकर्ता एडवोकेट रमेश कुमारन वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए।

## आज विधिवत रूप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद की कमान संभालेंगे दिलीप जायसवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और फिलहाल बिहार भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप जायसवाल आज 4 मार्च को विधिवत रूप से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बनेंगे। उनकी ताजपोशी के दौरान बिहार भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े और सह प्रभारी दीपक प्रकाश के साथ ही 15 हजार भाजपा कार्यकर्ता शामिल होंगे। इससे पहले दिलीप जायसवाल ने सोमवार को प्रदेश चुनाव पर्यवेक्षक राजेश कुमार वर्मा को अपना नामांकन सौंपा। इस दौरान उनके साथ डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे मौजूद रहे। पार्टी नेताओं से मिली जानकारी के



अनुसार चार मार्च को प्रदेश परिषद को बापू सभागार में होने वाली बैठक में प्रदेश भाजपा परिषद के प्रभारी बनाए गए केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर शामिल होंगे। बिहार भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े और सह प्रभारी दीपक

**■ कार्यक्रम में 15 हजार से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओं के शामिल होने का अनुमान**

प्रकाश भी शामिल होंगे। बता दें नीतीश कैबिनेट विस्तार से ठीक पहले जायसवाल ने एक पार्टी एक पद के सिद्धांत पर चलते हुए राजस्व और भूमि सुधार मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। बीते साल जुलाई में बिहार भाजपा की कमान संभालने वाले दिलीप जायसवाल अभी सम्राट चौधरी के समय बनी कमेटी से ही पार्टी का कामकाज कर रहे हैं।

## स्कूल में स्मार्टफोन लाने से नहीं रोक सकते : हाइकोर्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि स्कूलों में स्टूडेंट्स के स्मार्टफोन ले जाने बैन नहीं लगा सकते हैं। लेकिन स्कूल स्मार्टफोन को लेकर पॉलिसी बनाए और उसकी निगरानी करे। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने स्टूडेंट्स के स्मार्टफोन ले जाने पर नियम तय किए। जज अनूप जयराम भंभानी ने कहा- वर्तमान में एजुकेशन के लिए टेक्नोलॉजी जरूरी हिस्सा बन गई है। स्मार्टफोन पर पूरी तरह से पाबंदी लगाना सही नहीं है। स्मार्टफोन से बच्चे अपने माता-पिता से जुड़े रहते हैं, जिससे उनकी सुरक्षा भी बनी रहती है। हाईकोर्ट ने यह भी कहा है कि स्कूलों में स्मार्टफोन यूज के नियमों को तोड़ने पर सजा तय हो, लेकिन यह बहुत सख्त भी नहीं होनी चाहिए। कोर्ट ने सुझाव दिया कि स्कूल जरूरत पड़ने पर सजा के तौर पर स्मार्टफोन जब्त कर सकते हैं। दरअसल, केंद्रीय विद्यालय के एक स्टूडेंट की ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की, जिसमें स्कूल में स्मार्टफोन बैन लगाने की मांग की गई है। कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट की ऑर्डर कॉपी देश के शिक्षा निदेशालय को भेजी गई है। इसके अलावा सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन और केंद्रीय विद्यालय संगठन को भी ऑर्डर कॉपी भेजी गई है।

C M Y K

# पीएम आवास योजना को लेकर किया गया सर्वे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**नवादा।** प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत सर्वे का कार्य किया गया । जिला पदाधिकारी, रवि प्रकाश द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास योजना का लाभ वर्ष 2016 से देय है। वर्तमान मे वित्तीय वर्ष 2018 में आवास प्लस सुची के आधार पर निर्मित प्रतीक्षा सूची के आलोक में आवास का लाभ दिया जा रहा है। विगत कुछ वर्षों में नये परिवारों का निर्माण हुआ है जो योग्य है तथा कुछ पूर्व के योग्य लाभुको का नाम भी प्रतीक्षा सुची से छूटे हुए हैं। अतः वैसे नये योग्य परिवारों तथा छूटे हुए योग्य लाभूको को प्रतिक्षा सुची में जोड़ने हेतु सर्वेक्षण दिनांक 10 जनवरी 2025 से प्रारम्भ की गयी है, जो 31 मार्च 2025 तक निर्धारित है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि 1 मार्च 2025 तक सर्वेक्षण की रिपोर्ट के अनुसार विभिन्न प्रखंडों की स्थिति निम्नवत है-

अकबरपुर प्रखंड के कुल 19 पंचायतों में प्रति पंचायत 559.21 लाभार्थी के हिसाब से कुल 10625 लाभुकों का सर्वेक्षण किया गया है,जिसमे कुल 6701 लाभार्थी (65.7 प्रतिशत) अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग से आते हैं। सभी प्रखंडों में अकबरपुर प्रखंड की रैंकिंग 11वीं है।

गोविंदपुर प्रखंड के कुल 09 पंचायतों में प्रति पंचायत 663.89 लाभार्थी के हिसाब से कुल 5975 लाभुकों का सर्वेक्षण किया गया है, जिसमे कुल 2734 लाभार्थी (47.3 प्रतिशत) अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग से आते हैं। सभी प्रखंडों में गोविंदपुर प्रखंड की रैंकिंग 5वीं है।

हिसुआ प्रखंड के कुल 10 पंचायतों में प्रति पंचायत 542.20 लाभार्थी के हिसाब से कुल 5422 लाभुकों का सर्वेक्षण किया गया है, जिसमे कुल 3279 लाभार्थी (64.5 प्रतिशत) अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग से आते हैं। सभी प्रखंडों में हिसुआ प्रखंड की रैंकिंग 13वीं है।

काशीचक प्रखंड के कुल 07 पंचायतों में प्रति पंचायत 562.14 लाभार्थी के हिसाब से कुल 3935 लाभुकों का सर्वेक्षण किया गया है, जिसमे कुल 2236 लाभार्थी (58.1 प्रतिशत) अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग से आते हैं। सभी प्रखंडों में काशीचक प्रखंड की रैंकिंग 10वीं है।

कौआकोल प्रखंड के कुल 15 पंचायतों में प्रति पंचायत 630.00 लाभार्थी के हिसाब से कुल 9450 लाभुकों का सर्वेक्षण किया गया है, जिसमे कुल 3926 लाभार्थी (42.6 प्रतिशत) अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग से आते हैं। सभी प्रखंडों में कौआकोल प्रखंड की रैंकिंग 8वीं है।

मेसकौर प्रखंड के कुल 10 पंचायतों में प्रति पंचायत 775.20 लाभार्थी के हिसाब से कुल 7752 लाभुकों का सर्वेक्षण किया गया है, जिसमे कुल 3354 लाभार्थी (44.2 प्रतिशत) अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग से आते हैं। सभी प्रखंडों में मेसकौर प्रखंड की रैंकिंग 3वीं है।

नारदीगंज प्रखंड के कुल 11 पंचायतों में प्रति पंचायत 643.09 लाभार्थी के हिसाब से कुल 7074 लाभुकों का सर्वेक्षण किया गया है, जिसमे कुल 881 लाभार्थी (57.9 प्रतिशत) अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग से आते हैं। सभी प्रखंडों में नारदीगंज प्रखंड की रैंकिंग 7वीं है।

नरहट प्रखंड के कुल 10 पंचायतों में प्रति पंचायत 778.90 लाभार्थी के हिसाब से कुल 7789 लाभुकों का सर्वेक्षण किया गया है, जिसमे कुल 3656 लाभार्थी (48.0 प्रतिशत) अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग से आते हैं। सभी प्रखंडों में नरहट प्रखंड की रैंकिंग 1वीं है।

नवादा सदर प्रखंड के कुल 10 पंचायतों में प्रति पंचायत 723.40 लाभार्थी के हिसाब से कुल 10851 लाभुकों का सर्वेक्षण किया गया है, जिसमे कुल 5240 लाभार्थी (49.9 प्रतिशत) अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग से आते हैं। सभी प्रखंडों में नवादा सदर प्रखंड की रैंकिंग 4वीं है।

पकरीबरावां प्रखंड के कुल 16 पंचायतों में प्रति पंचायत 570.38 लाभार्थी के हिसाब से कुल 9126 लाभुकों का सर्वेक्षण किया गया है, जिसमे कुल 4297 लाभार्थी (49.1 प्रतिशत) अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग से आते हैं। सभी प्रखंडों में पकरीबरावां प्रखंड की रैंकिंग 9वीं है।

रजौली प्रखंड के कुल 10 पंचायतों में प्रति पंचायत 483.1 लाभार्थी के हिसाब से कुल 7247 लाभुकों का सर्वेक्षण किया गया है, जिसमे कुल 3478 लाभार्थी (49.4 प्रतिशत) अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग से आते हैं। सभी प्रखंडों में रजौली प्रखंड की रैंकिंग 14वीं है।

रोह प्रखंड के कुल 14 पंचायतों में प्रति पंचायत 777.64 लाभार्थी के हिसाब से कुल 10887 लाभुकों का सर्वेक्षण किया गया है, जिसमे कुल 4414 लाभार्थी (41.1 प्रतिशत) अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग से आते हैं। सभी प्रखंडों में रोह प्रखंड की रैंकिंग 2वीं है।

सिरदला प्रखंड के कुल 15 पंचायतों में प्रति पंचायत 652.93 लाभार्थी के हिसाब से कुल 9794 लाभुकों का सर्वेक्षण किया गया है, जिसमे कुल 6016 लाभार्थी (63.9 प्रतिशत) अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग से आते हैं। सभी प्रखंडों में सिरदला प्रखंड की रैंकिंग 6वीं है।

वारिसलीगंज प्रखंड के कुल 16 पंचायतों में प्रति पंचायत 556.19 लाभार्थी के हिसाब से कुल 8899 लाभुकों का सर्वेक्षण किया गया है, जिसमे कुल 4074 लाभार्थी (46.9 प्रतिशत) अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग से आते हैं। सभी प्रखंडों में वारिसलीगंज प्रखंड की रैंकिंग 12वीं है।

इस प्रकार नवादा जिले के कुल 14 प्रखंडों में दिनांक 01.03.2025 तक कुल 114826 लाभुकों का सर्वेक्षण पूरा हो गया है,जिसमें कुल 57286(51.5 प्रतिशत)लाभार्थी अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग से आते हैं।जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि 31 मार्च 2025 तक अधिकतम पात्र लाभार्थियों का सर्वेक्षण सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया जा सके।

# नाजायज राशि लेने के आरोप में अंचल नारदीगंज के कार्यपालक सहायक को किया गया सेवामुक्त

**डॉ पंकज कुमार सिन्हा**



**नवादा।** अंचल कार्यालय, नारदीगंज में कार्यरत कार्यपालक सहायक चन्द्रशेखर प्रसाद का एक वीडियो 1 मार्च 2025 को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें वे नाजायज राशि लेते हुए देखे गए। इस पर जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश ने अंचल अधिकारी, नारदीगंज को मामले की तत्काल जांच कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। जांच के दौरान यह पाया गया कि संबंधित कार्यपालक सहायक को लोक सेवाओं के अधिकार अधिनियम के तहत केवल निर्धारित अधिसूचित सेवाएं प्रदान करने का दायित्व सौंपा गया था परंतु, उनके द्वारा कार्यालय अवधि में अपने दायित्वों से इतर ऑनलाइन भू-लगान भुगतान कराने का कार्य किया जा रहा था, जो सरकारी नियमों का उल्लंघन है। जांच प्रतिवेदन और अंचल अधिकारी, नारदीगंज की अनुशंसा के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि चन्द्रशेखर प्रसाद का आचरण सरकारी सेवा नियमों के प्रतिकूल है और उनका स्पष्टीकरण स्वीकार करने योग्य नहीं है। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को बाधित करने का कार्य किया है। इन सभी तथ्यों के मद्देनजर, जिलाधिकारी, नवादा ने चन्द्रशेखर प्रसाद, पिता-विनोद कुमार, कार्यपालक सहायक, अंचल कार्यालय, नारदीगंज को तत्काल प्रभाव से सेवामुक्त करने का आदेश जारी किया। जिला प्रशासन सभी सरकारी कर्मियों से अपेक्षा करता है कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्पक्षता, इमानदारी और पारदर्शिता के साथ करें। किसी भी प्रकार की भ्रष्टाचार-संबंधी शिकायतों पर प्रशासन तत्काल और कठोर कार्रवाई करेगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु माप तौल विभाग के पदाधिकारियों की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में कुमारी सरोज कीर्ति, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के प्रकोष्ठ में आज एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें 8 मार्च, 2025 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु ग्राम कचहरी के वादों के निष्पादन के चर्चा की गई। बैठक में नवादा न्यायमंडल के सभी न्यायालयों में लंबित सुलहनीय योग्य वन वादों एवं ग्राम कचहरी में लंबित वादों के अधिक से अधिक सुलह के आधार पर निष्पादन करने के संबंध में चर्चा की गयी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा कुमारी सरोज कीर्ति द्वारा बैठक में उपस्थित पंचायती राज विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी प्रकार के सुलहनीय मामले में पक्षकारों को नोटिस निर्गत करें एवं ग्राम कचहरी के सुलहनीय योग्य लंबित वादों की सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा कार्यालय में दाखिल किया जाय ताकि अधिक से अधिक सुलहनीय मामले का निष्पादन हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जाय।

## महिलाओं पर पुलिसिया अत्याचार का नहीं थम रहा सिलसिला



**नवादा।** जिले में महिलाओं पर पुलिसकर्मियों का अत्याचार थमने का नाम नहीं ले रहा है। नारदीगंज थाना क्षेत्र के पड़रिया का मामला शांत भी नहीं हुआ कि पकरीबरावां का आडियो-वीडीओ वायरल हो रहा है। वैसे पीड़ित महिलाओं ने एसपी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है।

**क्या है मामलाः-** जिले के पकरीबरावां प्रखंड क्षेत्र के कबला पंचायत की सिन्दुआरा गांव में एक मार्च को करीब नौ बजे थाने में पदस्थापित अनि चन्दन सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ अकारण घर में प्रवेश कर जमकर महिलाओं के साथ अत्याचार किया। इतने से मन नहीं भरा तो थाना ले आये। जब विरोध शुरू हुआ तो थाने से मुक्त कर दिया। सारा खेल पैसे के लिए हुआ। पीड़ित महिलाओं के विरुद्ध कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं रहने के बावजूद ऐसा किया जाना पुलिसिया मनमानी को दर्शाता है। **एसपी से लगाई न्याय की गुहारः-** पीड़ित महिलाओं सुनीता देवी, रीना देवी,बबीता देवी व अमिरकी देवी का आरोप है कि सुबह नौ बजे जब वह स्नान कर रही थी दरोगा चन्दन सिंह किबाड़ खोल घर में प्रवेश किया तथा गाली - गलौच आरंभ कर दिया। गाली देने से मना किया मारपीट कर दिया। इस तरह का अनैतिक कार्य दूसरे घरों में भी किया गया तथा सभी को थाना ले आया। आश्चर्य यह कि ऐसा बगैर किसी प्राथमिकी के किया। घर के किसी पुरुष न महिला पर कोई पूर्व से कोई प्राथमिकी के बावजूद ऐसा कर कानून अपने हाथ में लिया। ऐसा किये जाने से परिवार के साथ पूरा गांव किसी अनहोनी की आशंका से सहमा हुआ है।

# वर्ष 2025-26 बजट विकसित बिहार के सपनों को करेगा साकार : गगन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**नवादा।** वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट बिहार सरकार के वित्त मंत्री सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा एवं एनडीए सरकार के दूरदर्शी सोच बिहार को आत्मनिर्भर,सशक्त बनाने की दिशा का आगाज है। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस बजट में सभी वर्ग, समुदाय, महिला,युवा, गरीब, छात्र, किसान को प्राथमिकता बेसिस पर रखते हुए स्वस्पर्शी, समावेशी भारत, समावेशी बिहार बनने की दिशा में यह बजट आया है। भाजपा नेता गौरव शांडिल्य गगन ने बताया कि इस बार का बिहार का बजट 3 लाख 17 करोड़ का है। पिछले बजट की तुलना से इस बार का बजट अधिक है। कृषि के क्षेत्र में बिहार के प्रत्येक अनुमंडल में कोल्ड स्टोरेज बनेगे। सभी प्रखंडों में सरकारी सुविधा युक्त सब्जी आउटलेट बनाया जायेगा। गरीब कन्या के विवाह हेतु कन्या मंडप और पटना में महिला हाट भी बनाया जायेगा। पूरे बिहार में जिम बनेगा जिसका संचालन सिर्फ महिला करेगी। यात्रियों की सुविधा के लिये संपूर्ण बिहार में बस स्टैण्ड को चरणबद्ध तरीके से आधुनिक बनाया जायेगा। पिंक टायलेट बनाया जायेगा। कामकाजी महिलाओं के लिये छात्रावास की व्यवस्था एवं संचालन की भी व्यवस्था किया जायेगा। सभी प्रखंडों में सरकारी एवं निजी डिग्री कॉलेज खोले जायेगे। शहरों में नगर चिकित्सा केन्द्र खोले जायेगे। बेगूसराय में कैंसर अस्पताल खुलेगा। सरकारी स्कूलों में पढने वाले छात्रों की छात्रवृत्ति दोगुना की जायेगी। महिलाओं के लिये बड़े शहरों में पिंक बस का संचालन किया जायेगा। पिंक बस का चालक, कंडक्टर, सवारी महिला ही होगी। महिलाओं के लिये छठ पूजा एवं धार्मिक कार्यो के लिये पर्यटन बनाया जायेगा। पूर्णिया हवाईअड्डे से 3 महीने में नया जहाज उड़ेगा। महिला सिपाहियों के लिये थाने के पास किराये पर घर उपलब्ध कराया जायेगा। यह बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प के साथ-साथ विकसित बिहार के संकल्प को आत्मसात करेगा।

भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि यह बजट देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को आत्मसात करते हुये विकसित भारत, समृद्ध भारत के साथ-साथ,बिहार को विकसित बनाने की दिशा में यह बजट बिहार के विकास के हर क्षेत्र में एक नया अध्याय का शुरुआत करेगा। भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा ने इस बजट को स्वर्णिम, ऐतिहासिक, स्वपर्शी समावेशी बजट के लिये बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, वित्त मंत्री सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं अपने एनडीए नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है।भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि आज एनडीए गठबंधन के द्वारा बिहार के उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री जो बिहार का बजट पेश किए है । यह बजट बिहार को विकास की ओर ले जाने वाला बजट है। बजट सर्व स्पर्शी है यह बजट में बिहार के किसान, नौजवान, महिला और व्यापारी के उत्थान वाला बजट है। पिछले बार 280 लाख करोड़ का बजट था इस बार 311 लाख करोड़ का बजट है। इस बजट से साबित हो गया कि आने वाला बिहार विधान सभा चुनाव में 2025 फिर से नीतीश। इस बिहार को विकास की ओर ले जाने वाला बजट पर हम प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और वित्त मंत्री सम्राट चौधरी को बहुत बहुत हार्दिक धन्यवाद देता है।

# श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन, मंत्री डॉ. सुनील ने लिया आशीर्वाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** रहुई नगर पंचायत स्थित खिरौना गांव में नवनिर्मित लक्ष्मी मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर बिहार सरकार के वन एवं और वृंदावन से पधारे प्रख्यात कथावाचक श्याम शुभम जी महाराज से आशीर्वाद लिया। मंत्री के आगमन पर भाजपा जिला महामंत्री अविनाश प्रसाद सिंह, भाजपा नेता मनोज चौधरी समेत बड़ी संख्या पर्यावरण मंत्री और भाजपा विधायक डॉ. सुनील कुमार ने कथा स्थल पर पहुंचकर श्रद्धालुओं के साथ कथा श्रवण किया में कार्यकर्ताओं और स्थानीय श्रद्धालुओं ने उनका भव्य स्वागत किया। फूल-मालाओं और बुके भेंट कर मंत्री का अभिनंदन किया गया। डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में संस्कार, आस्था और सकारात्मक ऊर्जा को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति को इस शुभ कार्य के लिए साधुवाद देते हुए श्रद्धालुओं से धर्म और आध्यात्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। भाजपा जिला महामंत्री अविनाश प्रसाद सिंह ने बताया कि यह के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। कथा 1 से 7 मार्च तक चलेगी, जिसमें प्रतिदिन संध्या को प्रवचन होगा।

# मलेशियाई बौद्ध भिक्षु सह धर्मावलंबियों ने की वेणुवन विहार में पूजा-अर्चना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** 39 सदस्यीय बौद्ध धर्मावलंबियों और भिक्षुओं का दल मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर से बौद्ध धर्म स्थलों की तीर्थयात्रा के क्रम में सारनाथ होते हुए राजगीर पहुंचा। वेणुवन विहार में बौद्ध दल का नेतृत्व कर रहे श्री लंकाई बौद्ध धर्म गुरु प्रेमा-रतन ने कहा कि राजगीर के परम पवित्र बौद्ध स्थलों की दिव्यता से और परम शांति के संदेश से दुनिया प्रकाशित हो रहा है। जिसमें समस्त जीव जगत के कुशल मंगल की कामना समाहित है। उन्होंने बताया कि वे श्रीलंका मूल के निवासी हैं। उनका प्रेम रतन का नामांकरण उनके बौद्ध धर्म गुरु ने उन्हें दीक्षांतोपरांत प्रदान किया था। अभी वे मलेशियाई बौद्ध भिक्षुओं सह धर्मावलंबियों को लेकर बौद्ध तीर्थ स्थल यात्रा पर निकले हैं। उन्होंने कहा कि राजगीर में राजकुमार सिद्धार्थ सह बोधिसत्व के रुप में ज्ञान प्राप्ति के पूर्व तथा ज्ञान प्राप्ति के बाद राजगीर पहुंचे भगवान बुद्ध के रीति रिवाज से पूजा-अर्चना कर राजगीर के विभिन्न बौद्ध स्थलों का दीदार किया। दल का मार्ग दर्शन कर रहे गाईड दीपक कुमार ने बताया कि मलेशियाई बौद्ध दल द्वारा भगवान बुद्ध के प्रवास, तप साधना, प्रवचन तथा आराम वाले प्रमुख स्थलों के तीर्थ यात्रा के दौरान राजगीर पहुंचे हैं। अनेक परम पवित्र स्थल हैं। जिनका दर्शन और पूजा-अर्चना करना सौभाग्य की बात है। उन्होंने बताया कि यह तीर्थयात्रा उन्होंने सारनाथ से शुरू किया। सारनाथ से बोधगया होते हुए राजगीर पहुंचे हैं। फिर नालन्दा हो साधना किया। तो वहां एक अलौकिक अनुभूति का एहसास किया। जहां पूजा अर्चना के बाद स्थित प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेष परिभ्रमण करते हुए वापस बोधगया को लौट जाएंगे। इस क्रम में भगवान बुद्ध के अतिप्रिय तपस्थली गृद्धकूट पर्वत पर ध्यान मग्न फिर वेणुवन विहार पहुंचे। जहां भगवान बुद्ध ने अनेक वर्षावास बिताए थे। इस दौरान सभी ने वेणुवन विहार के पवित्र कलंदक सरोवर का दीदार किया। जिसमें भगवान बुद्ध स्नान तथा उसके तट पर ध्यान मुद्रा में लीन रहा करते थे। उन्होंने कहा कि इस तीर्थ यात्रा में बौद्ध सह पर्यटन स्थल का दीदार किया। तो पाया कि इन स्थलों के सर्वांगीण विकास में बिहार सरकार की भूमिका की उल्लेखनीय है।

# पीड़ितों से मिलने अस्पताल पहुंची नवादा विधायक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** नारदीगंज प्रखण्ड के पड़रिया गांव में एक ब्राह्मण परिवार के साथ किये गए अत्याचार के बाद पुलिस प्रशासन के अब तक की कार्रवाई से असंतुष्ट नवादा विधायक विभा देवी ने सोमवार को धर्मशीला देवी अस्पताल में भर्ती पीड़ित परिवार से मुलाकात की और इंसाफ की लड़ाई में आगे रहने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि विधान सभा सत्र चालू रहने के कारण भले ही मुझे आने में देर हुई किन्तु अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से पूरे घटना क्रम पर नजर रख रही हूं और पुलिस की कड़ी कार्रवाई की प्रतीक्षा कर रही हूं। उन्होंने साफ किया कि मामला न्यायालय में है और हमें न्यायलय पर पूरा भरोसा है कि पीड़ित परिवार को इंसाफ जरूर मिलेगा हालांकि यह भी जोड़ दिया कि न्यायालय सबूतों के आधार पर फैसला सुनाता है किन्तु सबूत इकठ्ठा करना और उसे निष्ठा पूर्वक न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करना पुलिस का काम है। इस मामले में पुलिस को और अधिक इमानदारी से काम करना चाहिए और सभी नामजद अभियुक्तों को जेल के अंदर डालना चाहिए। मौके पर समाजसेवी प्रिन्स तमन्ना, शेरअली खान, सुरेन्द्र यादव , अमित सरकार, पृथ्वी यादव, शशिभूषण शर्मा, देवनंदन यादव उर्फ़ घुटर समेत दर्जनों नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्राण प्रतिष्ठा समारोहः चमरविगहा में भव्य कलश यात्रा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** चमरविगहा गांव में श्री राधा कृष्ण मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा 3 मार्च, 2025 को सोमवार के दिन आयोजित की गई, जो शहर के बिहार रोड स्थित बाबा अभय नाथ धाम से शुरू हुई। महिलाओं और कुंवारी कन्याओं ने गंगाजल से कलश भरकर यात्रा में भाग लिया। आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरा गया और ढोल, नगाड़े तथा बैंड बाजे की धुन पर भक्तजनों ने देवताओं के जयकारे लगाते हुए यात्रा की। यह यात्रा बिहार रोड से सिनेमा मोड, बरूण तल, खाखी चौकी, चिकरौरा रोड होते हुए मंदिर परिसर पहुंची, जहां विधिवत पूजा-अर्चना की गई। ग्रामीणों ने बताया कि यह आयोजन ग्रामीणों के सहयोग से किया जा रहा है। समारोह का पहला दिन कलश यात्रा और पूजा के साथ शुरू हुआ। दूसरे दिन मंगलवार को जलाधिवास और फलाधिवास, तीसरे दिन बुधवार को अन्नाधिवास और रायनाधिवास, गुरुवार को वेदीपूजन और राधा-कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा सहित अखंड कीर्तन शुरू होगा।

# कृषि यांत्रिकरण मेला की हुई शुरूआत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** सोमवार को जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा हरिश्चन्द्र स्टेडियम, नवादा में जिला स्तरीय दो दिवसीय कृषि यांत्रिकरण मेला-सह-प्रदर्शनी मेला का फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में प्रगति के लिए आधुनिक तकनीकों और यंत्रों का उपयोग आवश्यक है। उन्होंने किसानों को सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने को कहा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों एवं तकनीकों की जानकारी देना, उनकी उत्पादकता बढ़ाना और कृषि से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने सभी किसान भाइयों को कहा कि इस मेले में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त करें। जिला कृषि पदाधिकारी, द्वारा बताया गया कि 82 प्रकार के विभिन्न आधुनिक कृषि यंत्रों पर 50 से 80 प्रतिशत तक अनुदान देय है। योजना अन्तर्गत इस वर्ष जिले को कुल भौतिक लक्ष्य 1698 प्राप्त हुआ है जिसके विरूद्ध अभी तक 706 लाभुक किसानों के बीच अनुदानित दर विभिन्न कृषि यंत्रों का वितरण करते हुए अनुदान राशि का भुगतान किया जा चुका है। इस वर्ष इस योजना के साथ-साथ केन्द्र प्रायोजित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मेकेनाईजेशन योजना भी संचालित की जा रही है जिसके तहत 20 लाख की लागत पर 12 लाख अनुदान वाले स्पेशल कृषि यंत्र बैंक स्थापित करने हेतु जिले को कुल 12 लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

# बैजनाथपुर में किसान चौपाल का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मेसकौर (नवादा)।** प्रखंड के बैजनाथपुर गांव में सोमवार को किसान चौपाल का आयोजन कर सहकारिता विभाग बिहार सरकार के द्वारा आयोजित किसान सहकारी चौपाल सह नुक्कड़ नाटक में सहकारिता विभाग के योजनाओं को लेकर किसानों को जानकारी दिया गया। मौके पर कला जत्था के द्वारा नुक्कड़ नाटक कर किसानों भाइयो को जागरूक किया गया। किसान सहकारी चौपाल में नुक्कड नाटक के माध्यम से किसानों को विभागीय योजनाओं की प्रसार-प्रचार के लिए कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई । इस अभियान के तहत किसानों को विभिन्न योजनाओं व उनसे मिलने वाली लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। ताकि अधिक से अधिक किसान योजना का लाभ ले सके और समृद्ध बने। नुक्कड़ नाटक के कलाकारों के द्वारा बताया गया कि किसानों का फसल जब किसी आपदा के तहत नुकसान होता है, तो उसका सरकारी एप्स के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर लाभ लेने की जानकारी दी गयी, रनार्ड फाउंडेशन, मनेर, पटना द्वारा सहकारिता विभाग के विभागीय योजनाओं के द्वारा यह जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर बारत पैक्स अध्यक्ष विजय शंकर सिंह, सिकन्दर सिंह, नवीन कुमार, शैलेंद्र सिंह, गोपाल प्रसाद सिंह, विजय कुमार, छोटू प्रसाद, सतीश सिंह, आदि सहित सैकड़ो किसान मौजूद थे।

# 26 फरार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** पुलिस अधीक्षक, अभिनव धीमान ने बताया कि 2 मार्च 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, अनुसूचित जाति/जनजाति में 1, मद्य निषेध में 3 एवं अन्य गिरफ्तारी 23 कुल 27 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 541 लीटर महुआ शराब एवं 43.87 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। वाहन जांच के क्रम में कुल 516 वाहनों की जांच की गयी है एवं जुर्माने की कुल राशि 13 हजार 500 वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत एक मोटरसाइकिल, एक चुलाई मशीन, महुआ घोल, भट्टी विनष्ट 2200 लीटर एवं हरा अफीम 25 किलो बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक, ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

# नारदीगंज चौक पर जाम लगने से आम लोगो को हो रही परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** नारदीगंज चौक पर सोमवार को महाजाम की हालत बनी रही।जिससे आम लोगों की परेशानी बढ़ी रही।यह चौक राजगीर बोधगया राजमार्ग पर है। बुद्ध सर्किट मार्ग से प्रसिद्ध यह सड़क मार्ग पर वाहन की लंबी कतार लग गई। यह हाल दोपहर व शाम को सबसे ज्यादा देखने को मिला।बेसिक विद्यालय से लेकर इंटर विद्यालय नारदीगंज तक छोटी बड़ी वाहन जाम में फंसे रहे। विदित हो कि अभी नारदीगंज महाविद्यालय में बीए पार्ट वन का परीक्षा चल रही है। ऐसे में बाइक सवार परीक्षार्थियों को आवागमन होने से रास्ता पार कर पाना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में वाहन तो क्या पैदल चलने वाले राहगीरों को सड़क पार करने में काफी मशक्कत उठानी पड़ रही है। पुलिस प्रशासन सड़क जाम हटाने में मुस्तैद रहे। वैसे भी इस सड़क मार्ग पर आए दिन सड़क जाम की नियति बनी हुई है। स्थानीय बुद्धिजीवियों ने सड़क जाम से मुक्ति दिलाने के लिए जिला प्रशासन से अनुरोध किया है।

# हत्यारोपित 24 घंटे में गिरफ्तार, पुलिस ने किया खुलासा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बांकेबाजार (गया)।** लुटुआ थाना क्षेत्र में हुए सनसनीखेज हत्या कांड का पुलिस ने महज 24 घंटे में खुलासा कर दिया। इमामगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने सोमवार को दोपहर 4 बजे प्रेस कांफ्रेंस कर इस मामले की पूरी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि 1 मार्च को लुटुआ थाना क्षेत्र के कोठिलावा गांव में अनिता देवी की हत्या कर शव को पेड़ पर लटका दिया गया था। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वैज्ञानिक अनुसंधान और स्थानीय सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लुटुआ थाना क्षेत्र के कोठिलावा गांव निवासी महेशी भुइयां के पुत्र शिवा कुमार और बालगोविंद भुइयां के पुत्र बबलू कुमार के रूप में हुई है। एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपना अपराध कबूल कर लिया है। पुलिस टीम की इस तत्परता और सफलता पर वरीय पुलिस अधिकारियों ने भी टीम की सराहना की है।



# विधानसभा प्रभारी ने जदयू की बूथ कमेटी बनाने हेतु की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** जिले के जदयू के गुरारू में प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार चंद्रवंशी की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड कार्यकारिणी, पंचायत अध्यअक्षो, पंचायत कमेटी के लोग ने बैठक में भाग लिए। बैठक में विधानसभा प्रभारी संजय कुमार सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जदयू कार्यकता बूथ कमेटी का निर्माण करेगी इसी बूथ कमेटी के माध्यम से बूथ जीतो चुनाव जीतो का लक्ष्य हासिल करेगी। 2025 में 225 और फिर से बिहार में नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनना है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा 19 वर्षों में बिहार में किए हुए विकास कार्यों को जनता तक जन-जन तक पहुंचने का कार्य कार्यकता करेंद्य बूथ कमेटी को सशक्त बनाना है। संगठन को सशक्त बनाना है कार्यकर्ता ही पार्टी का रीड होता है।बैठक में गुरुआ प्रखंड के अध्यक्ष नीतीश कुमार दांगी, श्रम एवं तकनीकी पर प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शम्भू सिंह, अति पिछड़ा प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र चंद्रवंशी, राणा अश्विनी आजाद, अमित सक्सेना, अनुसूचित जाति के प्रखंड अध्यक्ष सुनील दास बैठक में शामिल होगा।

## एक नजर

### सेवानिवृत प्रधानाध्यापक के निधन पर शोक

**वजीरगंज(गया) (नबिटा सं.)।** प्रखंड के मलठिया गांव निवासी सेवानिवृत प्रधानाध्यापक सह बीआरपी 64 वर्षीय दिलीप सिंह का आकस्मिक निधन सोमवार को हो गया। शिक्षक अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि वे तीन वर्ष पूर्व मध्य विद्यालय भोजपुर के प्रधानाध्यापक पद से सेवानिवृत होकर बीआरपी के पद पर वजीरगंज बीआरसी में कार्यरत थे। सोमवार की सुबह अचानक उनकी तबियत बिगड़ने के बाद वे अपने पुत्र डॉ0 गुंजन कुमार सिंह के साथ कार से वजीरगंज सीएचसी आ रहे थे, तभी रास्ते में उनकी मौत हो गई जिसकी पुष्टि सीएचसी में चिकित्सक ने किया। निधन की सूचना पर परिजन सहित क्षेत्र के कई शिक्षक साथी एवं सहयोगी उन्हें देखने सीएचसी पहुंच गये तथा परिजनों कों सांत्वना दिया। शोक व्यक्त करने वालों में कांग्रेस के वरीष्ठ नेता रामाश्रय सिंह, मध्य विद्यालय दखिनगाव के प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार शिक्षक रविरंजन कुमार, प्रभाकर कुमार, करनी सेनाध्यक्ष मंतोष सिंह, राजू केशरी, पंसस आनंद मिलींद, रंजीत कुमार, पैक्स अध्यक्ष धिरेन्द्र वर्मा, मनिष कुमार, राजेश कुमार, सच्चिदानंद सिंह, मुनचुन सिंह सहित अन्य दर्जनों लोग शामिल हैं।

### विकासशील बिहार का मेगा बजट पेश : अवध बिहारी पटेल

**गया(नबिटा सं.)।**बिहार विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 3,16,895 करोड़ का बजट पेश किया गया जो बिहार की खुशहाली और राज्य के समग्र विकास को नई दिशा देने वाला है। उक्त बातें सोमवार को जदयू के प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल ने कहा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में और वित्त मंत्री सम्राट चौधरी द्वारा प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2025-26 का यह बजट बिहार को विकसित राज्य की ओर तेजी से अग्रसर करेगा। उन्होंने कहा कि बजट में शिक्षा, स्वास्थ,रोजगार, महिला सशक्तिकरण, कृषि, किसान कल्याण, सड़क, बुनियादी ढांचा और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास के हर पैमाने पर आगे बढ़ रहा है। यह बजट बिहार की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने का माध्यम बनेगा और विकसित बिहार के दिशा में ऐतिहासिक कदम होगा। प्रवक्ता ने नीतीश कुमार को लोककल्याणकारी बजट के लिए बधाई एवं धन्यवाद दिया। इस बजट से बिहार सशक्त बनेगा समृद्ध बनेगा।

### बजट में सभी वर्गों पर विशेष ख्याल रखा गया

**गया(नबिटा सं.)।** सोमवार को राज्य सरकार के वित्त विभाग द्वारा पेश किए गए बजट को जनता दल यू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉध जितेंद्र कुमार राम, उपाध्यक्ष ललन पासवान, अनुज मांझी, विनेश पासवान, राजकुमार पासवान, संजय दास ने बजट का स्वागत किया है। जिलाध्यक्ष डॉ. कुमार ने कहा के यह बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सभी वर्गो पर विशेष ख्याल रखा गया है। बजट बहुत है। सराहनीय एवं संतुलित है जिससे राज्य के विकास में तेजी आयेगी। इसके लिए खास कर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

# आरपीएफ पोस्ट प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश सहित अन्य अधिकारी हुए सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिला के किसान मोर्चा के सह प्रभारी डॉ मनीष पंकज मिश्रा के द्वारा गया रेल पोस्ट प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश को सोमवार को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें महाकुंभ मेला 2025 में उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने तथा रेलवे सुरक्षा में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया। अजय प्रकाश को उत्कृष्ट सेवा के लिए दो बार रेल महाप्रबंधक द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। उनकी सेवा न केवल रेलवे सुरक्षा बल के लिए बल्कि आम जनता के लिए भी प्रेरणास्रोत रही है। उन्होंने अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करते हुए यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। सम्मान समारोह के दौरान उन्हें अंगवस्त्र, फूलों का बुके एवं विष्णु चरण चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रेलवे सुरक्षा बल व स्थानीय प्रशासन के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने अजय प्रकाश की सराहना करते हुए कहा कि उनका समर्पण और अनुशासन सराहनीय है तथा समाज को ऐसे ही ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों की आवश्यकता है। अजय प्रकाश ने सम्मान प्राप्त करने पर आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सम्मान न केवल उनका बल्कि पूरे रेलवे सुरक्षा बल का है, जो दिन-रात यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्पर रहता है।

# सीयूएसबी के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में बीएससी /बीए बीएड इंटर्न विद्यार्थियों द्वारा मिडिल एवं हाई स्कूल टेपा, फतेहपुर में सोमवार को विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के कैंपस फॉर कम्युनिटी मुहीम के तहत आयोजित इस प्रदर्शनी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों के बीच जिज्ञासा और नवाचार को प्रोत्साहित करना, वैज्ञानिक जिज्ञासा और कला को बढ़ावा देना था। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि एनएसएस के समन्वयक प्रो. बुधेंद्र सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन डीटीई के सहायक प्राध्यापक डॉ. रिंकी तथा डॉ. मुज़िम्मल हसन (कार्यक्रम संयोजक), सहायक प्राध्यापक, डीटीई ने किया।मिडिल एवं हाई स्कूलों के प्रधानाचार्य दयानंद सरस्वती और सुमिता कुमारी के कुशल निर्देशन में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।मिडिल स्कूल, टेपा में शिक्षक इंटर्न्स, जया सरोज और अंकित राज, हाई स्कूल, टेपा फतेहपुर में रुपाली भगत और आदित्य, तथा अन्य ने कार्यक्रम के प्रबंधन से लेकर क्रियान्वयन तक हर स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाई।विज्ञान प्रदर्शनी के तहत अन्य उप-कार्यक्रम भी आयोजित किए गए जिनमें पौधों की प्रदर्शनी प्रमुख रही।इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विभिन्न पौधों की उपयोगिता और उनके औषधीय गुणों के बारे में जानकारी दी।इसके अलावा, विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए पोस्टरों का प्रदर्शन भी आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें ग्लोबल वार्मिंग और प्रदूषण जैसे समसामयिक मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने वाले पोस्टर प्रस्तुत किए गए।

# शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**इमामगंज(नबिटा सं.)।** थाने की पुलिस ने शराब धंधेबाजों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। वहीं इसी कड़ी में थाना क्षेत्र के बरहेत गांव से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल किया है। वहीं इस संबंध में एसआइ चंदन कुमार राम ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि होली त्योहार को लेकर अभी से ही शराब का भंडारण किया जा रहा है। इसी सूचना पर बरहेत गांव के रहने वाल रमेश भारती के घर छापेमारी किया गया जहां से विभिन्न ब्रांड के 375 एमएल का 19 बोतल अंग्रेजी शराब व 500 सौ एमएल का दस बोतल बीयर बरामद किया गया। वहीं घटना स्थल से शराब धंधेबाज रमेश भारती को गिरफ्तार किया गया है। उससे पूछताछ के क्रम में उसने बताया कि रानीगंज तेतरिया गांव के रहने वाले संजीत साव उर्फ बुली शराब रखकर गया था। शराब बेचने में हमे प्रतिदिन 400 सौ रुपया मजदूरी के नाम पर किया करता था।

# बिजली चोरी के खिलाफ प्राथमिकी

**कोंच (नबिटा सं.)।** आंती थाना क्षेत्र के कैथी गांव में बिजली चोरी के खिलाफ जुर्माना और प्राथमिकी दर्ज सोमवार को हुआ है। जानकारी देते हुए कनीय विद्युत अभियंता राजेश कुमार ने बताया कि छापेमारी दल का गठन कर ग्राम पंचायत चबूरा के कैथी गांव में अनुपम कुमार पिता तपेश्वर प्रसाद के घरेलू परिसर में पहुंचे तो पाया कि इनका बकाया राशि 23113 रुपए है। इसके बावजूद अवैध ढंग से स्मार्ट मीटर में आए मुख्य सर्विस वायर के अलावे एक अन्य तार के सहारे स्मार्ट मीटर के वास्तविक मान पठन को अवरुद्ध स्मार्ट मीटर बाइपास करते हुए विद्युत की चोरी की जा रही थी जिसे लेकर उक्त व्यक्ति पर 28561 रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

# 31 मार्च के बाद बिना ईकेवाईसी वाले लाभुकों का नाम राशनकार्ड से हटा दिया जाएगा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** आपूर्ति विभाग द्वारा 31 मार्च-2025 तक ईके वाईसी नही कराने वाले उपभोक्ताओं का नाम राशनकार्ड से हटाते हुए उनको अनुदानित खाधान्न की आपूर्ति नहीं की जायेगी, अतएव जिनका राशनकार्ड में नाम अंकित है तथा आधार जुड़ा हुआ है, परंतु ईकेवाईसी नही हुआ है, वैसे उपभोक्ता अपने नजदीकी पीडीएस दुकान पर जाकर पीडीएस दुकानदार के पास उपलब्ध ई पोश मशीन के माध्यम से ईकेवाईसी करवा सकते हैं। ईकेवाईसी राशनकार्ड में अंकित सभी सदस्यों का करवाना अनिवार्य है। ईकेवाईसी के लिए सदस्यों/कार्डधारी को स्वयं अपना राशनकार्ड एवं आधार कार्ड के साथ पीडीएस दुकान पर जाकर ई पोश मशीन पर अपना अंगूठा लगवाकर बायोमेट्रिक सत्यापन करवाना पड़ेगा। विभाग द्वारा मोबाइल से भी ईके वाईसी कराने की भी सुविधा दी गयी है जो कि प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। अब राशनकार्ड उपभोक्ताओं को प्ले स्टोर से फेशियल ईकेवाईसी एवं मेरा ईकेवाईसी एप्प डाउनलोड करना है जिससे कि अब घर बैठे ईकेवाईसी की जा सकेगी। विदित है कि 31 मार्च 2025 के बाद बिना ईकेवाईसी वाले लाभुकों का नाम राशनकार्ड से हटा दिया जाएगा।

# सीयूएसबी में अतिथि व्याख्यान ने भविष्य के अन्वेषकों को किया प्रेरित

**टिकारी(गया)(नबिटा सं.)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल एवं अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में अनलॉकिंग सीक्रेट्स ऑफ दी यूनिवर्स एट सीईआरएन, व्हाई शुड आई केयर विषय पर सोमवार को अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में आयोजित अतिथि व्याख्यान सीईआरएन (सर्न), जेनेवा, स्विट्जरलैंड की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अर्चना शर्मा ने दिया। आईआईसी अध्यक्ष प्रो. वेंकटेश सिंह की देखरेख में सत्र का कुशलतापूर्वक समन्वय डॉ. स्वाति गुप्ता और डॉ. एन.एल. देवी ने किया।कण भौतिकी की प्रतिष्ठित विशेषज्ञ डॉ. अर्चना शर्मा ने वैज्ञानिक खोज और नवाचार में सीईआरएन के अभूतपूर्व योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कण भौतिकी और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में अनुसंधान को आगे बढ़ाने में सर्न की भूमिका और ब्रह्मांड के मूलभूत निर्माण खंडों को समझने में इसके महत्व के बारे में भी बताया।

# बूथ जीतो चुनाव जीतो संकल्प के साथ जदयू ने शुरू की तैयारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ नेताओं की बैठक का दौर शुरू हो गया है। इसी कड़ी में जदयू ने सोमवार को कार्यकर्ताओं व पार्टी के स्थानीय नेताओं के साथ प्रखंड अध्यक्ष जमीलू रहमान ने बैठक की। बैठक में सभी को बताया गया कि जदयू इस बार एक संकल्प 'बूथ जीतो' के साथ कमिटी का गठन करेगा। प्रत्येक बूथ पर सामाजिक समीकरण को देखते हुए 10-10 कार्यकर्ताओं की बूथ कमिटी बनायी जानी है। इस कमिटी को अगले कुछ दिनों में गठन कर लेना है। सभी को बताया गया कि हमें सभी को साथ लेकर चलना है। ऐसे में जो बूथ कमिटी बनाई जाएगी उसमें सामाजिक समीकरण देखते हुए दस-दस नेता रहेंगे। मौके पर उपस्थित जदयू जिला महासचिव मो. आकिब आलम ने इसका जोरदार ढंग से स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी बूथ कमिटी बनाने का जो कदम उठाया है, बिल्कुल सही है। मौके पर खजुरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राम विजय विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष तपेश्वर यादव, सरस्वती देवी, दिलीप कुमार उर्फ मंटू, चंद्रदीप पासवान, मोइन अंसारी, गुलाम रब्बानी, मनोरंजन कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।



# बिहार के विकास में सार्थक साबित होगा बजट : कुमार गौरव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जदयू के जिला प्रवक्ता कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने बिहार बजट-2025-26 को बिहार की जनता के हित में बताया। 3 लाख 17 हजार करोड़ का बजट पेश किया गया। इस बजट में महिलाओं को केंद्र में रखकर बजट पेश किया गया है। इस बजट से साफ हो जाता है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार महिलाओं के प्रति संवेदनशील रहे हैं और महिलाओं के लगातार उत्थान के लिए काम करते हैं। बिहार के हर क्षेत्र में हर तबके और हर वर्ग के लिए मुख्यमंत्री ने काम किया है। आज के पेश किए गए बजट में राज्य विकास की गति को तेजी देने के लिए रोजगार युक्त निवेश को बढ़ावा दिया गया है। राज्य सरकार द्वारा पेश किए गए बजट से स्पष्ट हो जाता है कि राज्य के विकास को आगे बढ़ाने के लिए इसका ज्यादा से ज्यादा उपयोग किया जाएगा। संस्थागत नीतियों को सहज और सुगम बनाया गया है। राज्य विकास की गति को तेजी देने के लिए रोजगार युक्त निवेश को बढ़ावा दिया गया है। आगे श्री सिन्हा ने ये भी कहा कि महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट, पिंक बस की शुरुआत किए जाने के साथ ही राजधानी तक पहुंचने के लिए 4 घंटे का समय निर्धारित किया गया, जो स्वागत योग्य है। पिछले वित्तीय वर्ष से इस वित्तीय वर्ष का बजट 38 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा बढ़ा है। इस बार 8 हजार 800 करोड़ से ज्यादा राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य रखा गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 55 हजार 737 रुपए का लोन लिया जाना प्रस्तावित किया गया है जो बिहार की जनता के लिए लाभप्रद साबित होगा। पटना में महिला हाट खोले जाएंगे, गरीब कन्याओं की शादी के लिए विवाह मंडप का निर्माण किया जाएगा, महिलाओं के लिए जिम खोली जाएगी जिसमें महिला ट्रेनर्स की भी मौजूदगी होगी, महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट की स्थापना की जाएगी, राज्य सरकार कंपनियों से कंप्रेस बायोगैस प्लांट की स्थापना करवाएगी। दवा उत्पादन कंपनियों के लिए प्रोत्साहन नीति बनेगी, राज्य के प्रमुख शहरों में कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास की स्थापना करवाई जाएगी, प्रवासी बिहारियों के लिए देश के कई शहरों में हेल्प सेंटर की स्थापना आदि किया जाना बिहार के हर वर्ग के लिए बेहतर साबित होगा।



# शेरघाटी में जदयू की बैठक संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी (ग्रामीण)।** शेरघाटी में सोमवार को शाम 7 बजे जदयू की बैठक पूर्व मंत्री डॉ. विनोद प्रसाद यादव के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में कार्यकर्ताओं को बिहार सरकार की जनहित योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। ताकि सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं की जानकारी हर घर तक पहुंच सके।

संगठन को और मजबूत करने के उद्देश्य से प्रत्येक बूथ पर 10-10 लोगों की बूथ कमिटी गठित करने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। '2025 में फिर से नीतीश' के नारे के साथ कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क अभियान चलाने की अपील की गई। इस मौके पर शेरघाटी विधानसभा प्रभारी राजू सिंह, दिलीप यादव, प्रोफेसर अरविंद कुमार, रामकिशोर प्रसाद, जितेंद्र कुमार दांगी, बैजनाथ शर्मा, जितेंद्र प्रजापति, रामाश्रय प्रजापति, टुन गुप्ता, केदार यादव, विश्वनाथ यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# सुमन कुमार का रॉयल्टी इंस्पेक्टर के पद पर प्लेसमेंट

**टिकारी(गया)।**दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के जियोलॉजी विभाग के शोधार्थी छात्र सुमन कुमार गुजरात मिनरल रिसर्च एंड डेवलपमेंट सोसाइटी , गुजरात में रॉयल्टी इंस्पेक्टर के पद पर प्लेसमेंट हुआ। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने सुमन कुमार को बधाई देते हुए उनके शोध पर्यवेक्षक प्रो. प्रफुल्ल सिंह की सराहना की है। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने सोमवार को बताया कि जियोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो प्रफुल्ल सिंह के साथ विभाग अन्य प्राध्यापकों तथा शोधार्थियों ने भी सुमन को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

---

Govt. of Bihar

**Mines and Geology Department**
**District- Aurangabad.**
**Short Notice Inviting E-Auction for Settlement of Sand ghats**
**(Through E-Procurement mode over https://eproc2.bihar.gov.in)**

बिहार बालू खनन नीति, 2019 तथा बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) नियमावली, 2019 में उल्लिखित प्रावधानों के तहत औरंगाबाद जिला के विखंडित बालूघाटों/बालूखण्डों के आगामी पाँच वर्षों के लिए बंदोबस्ती के लिये विभिन्न चरणों में कराये गये ई–नीलामी में शून्य निविदा प्राप्त तथा PR-018125(Mines)2024-25 द्वारा प्रकाशित विज्ञापन में एकल निविदा प्राप्त बालूघाटों के लिये बालूघाटवार अल्प निविदा निम्न कार्यक्रमानुसार आमंत्रित की जाती है :–

1. ई–नीलामी कार्यक्रम:–

| क्र0स0 | बालूखण्ड/बालूघाट | नदी का नाम | निविदा दस्तावेज बिक्री शुल्क (5,000/- रू0) जमाकर निविदा दस्तावेज डाउनलोड प्रारंभ करने की तिथि | अग्रधन राशि एवं ऑक्शन प्रोसेसिंग फीस ऑनलाईन जमा तथा निविदा दस्तावेज अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | निविदादाताओं द्वारा अपलोड किये गये तकनीकी निविदा को खोले जाने की तिथि एवं समय | तकनीकी निविदा की जाँच/मूल्यांकन कर सफल निविदादाताओं की सूची सिस्टम में अपलोड करने की अंतिम तिथि | ई–नीलामी प्रारंभ होने की तिथि एवं समय | ई–नीलामी समाप्ति की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Aurangabad Son 1-C | सोन नदी | 04.03.2025 | 17.03.2025 के अपराह्न 05:00 बजे | 17.03.2025 के अपराह्न 05:30 बजे | 20.03.2025 | 21.03.2025 11:00 बजे पूर्वाह्न से | 21.03.2025 01:00 बजे अपराह्न तक |
| 2 | Aurangabad Son 10-B | | | | | | | |
| 3 | Aurangabad Son 11-B | | | | | | | |
| 4 | Aurangabad Son 11-C | | | | | | | |
| 5 | Aurangabad Son 13-A | | | | | | | |
| 6 | Aurangabad Son 13-B | | | | | | | |
| 7 | Aurangabad Son 14-A | | | | | | | |
| 8 | Aurangabad Son 14-B | | | | | | | |
| 9 | Aurangabad Son 15-A | | | | | | | |
| 10 | Aurangabad Son 18-A | | | | | | | |
| 11 | Aurangabad Son 19-B | | | | | | | |
| 12 | Aurangabad Son 19-C | | | | | | | |
| 13 | Aurangabad Son 20-B | | | | | | | |
| 14 | Aurangabad Son 20-C | | | | | | | |
| 15 | Aurangabad Son 22-B | | | | | | | |
| 16 | Aurangabad Son 24-A | | | | | | | |
| 17 | Aurangabad Son 24-B | | | | | | | |
| 18 | Aurangabad Son 24-C | | | | | | | |
| 19 | Aurangabad Son 25-C | | | | | | | |
| 20 | Aurangabad Son 27-A | | | | | | | |
| 21 | Aurangabad Son 27-B | | | | | | | |
| 22 | Aurangabad Son 27-C | | | | | | | |
| 23 | Aurangabad Son 28-A | | | | | | | |
| 24 | Aurangabad Son 29-A | | | | | | | |
| 25 | Aurangabad Son 29-B | | | | | | | |
| 26 | Aurangabad Son 29-C | | | | | | | |
| 27 | Aurangabad MOEF SON 1-B | | | | | | | |
| 28 | Aurangabad MOEF SON 1-D | | | | | | | |
| 29 | Aurangabad MOEF SON 1-E | | | | | | | |
| 30 | Aurangabad MOEF SON 1-F | | | | | | | |
| 31 | Aurangabad MOEF SON 2-A | | | | | | | |
| 32 | Aurangabad MOEF SON 2-B | | | | | | | |
| 33 | Aurangabad MOEF SON 3-A | | | | | | | |
| 34 | Aurangabad MOEF SON 3-B | | | | | | | |
| 35 | Aurangabad MOEF SON 3-C | | | | | | | |
| 36 | Aurangabad MOEF SON 3-D | | | | | | | |
| 37 | Aurangabad MOEF SON 4-A | | | | | | | |
| 38 | Aurangabad MOEF SON 4-B | | | | | | | |
| 39 | Aurangabad MOEF SON 5-A | | | | | | | |
| 40 | Aurangabad MOEF SON 5-B | | | | | | | |
| 41 | Aurangabad MOEF SON 5-C | | | | | | | |
| 42 | Aurangabad MOEF SON 5-D | | | | | | | |
| 43 | Aurangabad MOEF SON 5-E | | | | | | | |
| 44 | Aur Pun-01 to 05 | पुनपुन, नदी | 04.03.2025 | 17.03.2025 के अपराह्न 05:00 बजे | 17.03.2025 के अपराह्न 05:30 बजे | 20.03.2025 | 21.03.2025 02:00 बजे अपराह्न से | 21.03.2025 04:00 बजे अपराह्न तक |
| 45 | Aur Pun-06 to 08 | | | | | | | |
| 46 | Aur Pun-09 to 17 | | | | | | | |
| 47 | Aur Pun-18 to 23 | | | | | | | |
| 48 | Aur Pun-24 to 28 | | | | | | | |
| 49 | Aur Pun-29 to 33 | | | | | | | |
| 50 | Aur Pun-34 to 38 | | | | | | | |
| 51 | Aur Pun-39 to 41 | | | | | | | |
| 52 | AUR BA 01 to 03 | बटाने, नदी | 04.03.2025 | 17.03.2025 के अपराह्न 05:00 बजे | 17.03.2025 के अपराह्न 05:30 बजे | 20.03.2025 | 21.03.2025 02:00 बजे अपराह्न से | 21.03.2025 04:00 बजे अपराह्न तक |
| 53 | AUR BA 04 to 05 | | | | | | | |
| 54 | AUR BA 06 | | | | | | | |
| 55 | AUR BA 07 | | | | | | | |
| 56 | AUR BA 08 | | | | | | | |
| 57 | AUR BA 09 | | | | | | | |
| 58 | AUR BA 10 | | | | | | | |
| 59 | AUR BA 11 to 12 | | | | | | | |
| 60 | AUR BA 13 to 14 | | | | | | | |
| 61 | AUR BA 15 to 17 | | | | | | | |
| 62 | Madar 01 to 21 | मदार, नदी | 04.03.2025 | 17.03.2025 के अपराह्न 05:00 बजे | 17.03.2025 के अपराह्न 05:30 बजे | 20.03.2025 | 21.03.2025 02:00 बजे अपराह्न से | 21.03.2025 04:00 बजे अपराह्न तक |
| 63 | Madar 22 to 32 | | | | | | | |
| 64 | AUR AD 01 to 10 | अदरी, नदी | 04.03.2025 | 17.03.2025 के अपराह्न 05:00 बजे | 17.03.2025 के अपराह्न 05:30 बजे | 20.03.2025 | 21.03.2025 02:00 बजे अपराह्न से | 21.03.2025 04:00 बजे अपराह्न तक |

2. बालूघाटों/बालूखण्डों की विस्तृत विवरणी औरंगाबाद जिला के वेबसाईट https://aurangabad.bih.nic.in पर उपलब्ध है।
3. बालूघाटों की बंदोबस्ती, ई–नीलामी प्रक्रिया ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eproc2.bihar.gov.in से करायी जाएगी।
4. ई–नीलामी द्वारा कराई जा रही बंदोबस्ती में भाग लेने वाले व्यक्तियों/कम्पनी/फर्म को ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eproc2.bihar.gov.in पर निबंधन कराना अनिवार्य होगा।
5. एतद् संबंधी समस्त सूचना (यथा– नीलामी कार्यक्रम, सुरक्षित जमा राशि, अग्रधन राशि, नीलामी प्रोसेसिंग शुल्क इत्यादि) विस्तृत रूप से औरंगाबाद जिला की वेबसाईट https://aurangabad.bih.nic.in, विभागीय वेबसाईट https://state.bihar.gov.in/mines एवं ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eproc2.bihar.gov.in पर उपलब्ध है।
6. बालूघाटों/बालूखण्डों के ई–नीलामी से संबंधित समस्त सूचना हेतु ई–टेंडरिंग/ई–प्रोक्योरमेंट हेल्पडेस्क, प्रथम तल, प्लॉट नं0– एम/22, रोड नं0–25, श्री कृष्णानगर, पटना– 800001 दूरभाष संख्या: 0612–2523006, 7542028164, आई0टी0 मैनेजर, औरंगाबाद, मो0 नं0– 9471950202 से सम्पर्क किया जा सकता है।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

समाहर्त्ता,
औरंगाबाद

PR. No.20570 (Mines) 2024-25

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**

संपादकीय

# अपनी भाषा और बोली से प्यार कीजिए वर्ना...

प्रख्यात शायर और गीतकार जावेद अख्तर ने बड़ी सही बात की है कि भाषा से संपर्क टूटा तो संस्कृति से नाता टूट जाएगा. संदर्भ हालांकि उन्होंने मराठी भाषा का दिया है लेकिन उनकी चेतावनी को सभी भाषाओं के संदर्भ में स्वीकार किया जाना चाहिए. दरअसल बोलियों के जन्म के पीछे भावनाओं की बड़ी भूमिका रही होगी क्योंकि बोलियां भावनाओं की अभिव्यक्ति ही तो हैं.

बोलियां ही विकसित होकर भाषाओं के रूप में स्थापित हुई लेकिन अब बोलियों का सृजन समाप्त हो चुका है और मनुष्य ने जिन बोलियों को जन्म दिया वो बोलियां बड़ी तेजी से लुप्त होती जा रही हैं. जाहिर सी बात है कि जब अपनी भाषा के साथ नई पीढ़ी का संपर्क नहीं रहेगा या कम होता जाएगा तो हमारी मातृभाषा भी संकट में आएगी ही. इसीलिए जावेद अख्तर ने कहा कि हर मां को अपने बच्चे से मातृभाषा में बात करनी चाहिए.

इसका आशय है कि बचपन में ही अपनी मातृभाषा के प्रति बच्चे में लगाव हो जाए. ध्यान रहे कि मां बच्चे की पहली शिक्षक भी होती है. लेकिन आज हो क्या रहा है. अपनी बोली तो पता नहीं कहां पीछे छूट गई और मां के मुंह से अंग्रेजी झड़ने लगी. एक भाषा के रूप में अंग्रेजी सम्माननीय है लेकिन ध्यान रखिए कि आपकी मातृभाषा के अलावा दूसरी कोई भी भाषा अपकी भावनाओं को सटीक तरीके से अभिव्क्त नहीं कर सकती क्योंकि सोचते तो आप अपनी भाषा में ही हैं!

अंग्रेज इस बात को अच्छी तरह से जानते थे कि भाषा का सीधा संबंध स्थानीय संस्कृति से होता है और जो समाज सांस्कृतिक रूप से मजबूत होता है, उसे काबू में करना बड़ा मुश्किल है. तो अंग्रेजों ने भारतीय लोगों के मन में यह बात भरी कि अंग्रेजी श्रेष्ठ है. आप अंग्रेजी जानते हैं तो आपकी महत्ता है. यह बात जेहन में इस तरह बैठा दी गई कि अंग्रेज चले गए लेकिन अंग्रेजियत हम पर हावी रही.

वैश्विक संपर्क की भाषा होने के कारण अंग्रेजी भी हमें जाननी चाहिए लेकिन अपनी भाषा में हमें पारंगत होने की जरूरत है. इस मामले में हम पिछड़ रहे हैं और जावेद अख्तर के कथन में यही भय समाया हुआ है कि यदि हम अपनी भाषा से दूर चले जाएंगे तो निश्चित रूप से अपनी संस्कृति से कट जाएंगे. इसे आप भारत का दुर्भाग्य कह सकते हैं कि पिछले पांच दशक में 20 प्रतिशत से अधिक भारतीय भाषाएं लुप्त हो गई हैं.

यह भी विशेषज्ञों का एक अंदाजा ही है. सटीक रूप से कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है. जानकारों का मानना है कि दो तरह की भाषाएं समाप्त हुई हैं. एक तो तटीय इलाकों और वहां के जंगलों में रहने वाले लोगों की भाषा लुप्त हुई क्योंकि विकास की धारा के साथ वे दूसरे कस्बों और शहरों से प्रभावित हो गए. जो घुमंतू जातियां थीं, उनमें अलग-अलग भाषाएं बोली जाती थीं जो अब खत्म हो रही हैं.

माना जा रहा है कि 190 से ज्यादा समुदायों की भाषाएं लुप्त हो गई हैं. जब कोई भाषा समाप्त होती है तो उससे जुड़ी ऐतिहासिक स्मृतियां भी लुप्त हो जाती हैं. ऐसी स्मृतियों के मुद्दे को आप इस तरह समझ सकते हैं कि भाषाओं का इतिहास 70 हजार साल से भी ज्यादा पुराना है जबकि लेखन तो बहुत बाद में शुरू हुआ.

बहुत सी भाषाएं लिखी ही नहीं गई इसलिए वे बोली में भी समाप्त हो जाती हैं तो इसका मतलब है कि सांस्कृतिक कालखंड का एक पूरा अध्याय विलुप्त हो जाता है. इसलिए यह बहुत जरूरी है कि भाषाओं को बचाए रखने के लिए माइक्रोप्लानिंग होनी चाहिए. हम भाषाएं पैदा नहीं कर सकते लेकिन बचा तो सकते हैं!

# पाकिस्तान की तरह बर्बादी की ओर बढ़ता बांग्लादेश

**कहते है कि 'जब गीदड़ की मौत आती है तो वह शहर की तरफ़ भागता है' भले ही यह एक मुहावरा है लेकिन बांग्लादेश पर खरा उतर रहा है, इसका मतलब है कि बांग्लादेश मुसीबत रूपी पाकिस्तान से दोस्ती बढ़ा रहा है। 30 लाख बांग्लादेशी लोगों की हत्या करने वाला पाकिस्तान अब दोस्त बन गया है और हर तरह से मदद करने वाला भारत दुश्मन। बांग्लादेश और पाकिस्तान की बढती नजदीकियां, बांग्लादेश का भारत विरोध और पाकिस्तान प्रेम इस मुल्क पर भारी पड़ सकता है और भारी पड़ रहा है। भले ही 54 सालों में पहली बार बांग्लादेश और पाकिस्तान सीधा कारोबार शुरू हुआ है। देखने वाली बात यह भी है कि पाकिस्तान और भारत के बीच संबंध सामान्य नहीं हैं और व्यापार ठप्प है। ऐसे में इसका असर भारत पर नहीं पाकिस्तान पर जरूर पड़ा है और वहां की जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। बांग्लादेश के लिए भारत जो मायने रखता है, उसकी भरपाई पाकिस्तान तो कतई नहीं कर सकता है। जिस बांग्लादेश को पाकिस्तानी क्रूरता से मुक्त कराकर एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत ने तमाम कुर्बानियों के बाद जन्म दिया, उसका भारत-विरोधी रवैया दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, बल्कि विडम्बनापूर्ण कहा जाएगा। भारत से पंगा बांग्लादेश को महंगा पड़ेगा।**

ललित गर्ग

अब अगर बांग्लादेश ने तय ही कर लिया है कि भारत से संबंध खराब करने की हर कीमत चुकाने के लिए तैयार है तो कुछ भी कहना बेमानी है। जब बांग्लादेश ने पाकिस्तान की राह पर चलने की ठान ही ली है, तो उनके दुष्परिणाम भी उसे ही भुगतने होंगे। बांग्लादेश के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं, आम जनता पर दुःखों, परेशानियों एवं समस्याओं के पहाड़ टूटने लगे हैं। वहां जैसी आंतरिक गुटबाजी, प्रशासनिक शिथिलताएं, अराजकताएं और अव्यवस्थाएं बढ़ रही हैं, उसे देखते हुए सेना प्रमुख जनरल वकार उज-जमां ने सेना की भूमिका बढ़ाने की बात कही है। उनका संकेत साफ है, यदि अंतरिम सरकार हालात को संभाल पाने में नाकाम रहती है, तो सेना मोर्चा संभालने को तैयार है। दरअसल, शेख हसीना की विदाई के साथ वहां जिस तरह से राजनीतिक अस्थिरता एवं अराजकता बढ़ी है, उसका नुकसान पूरे देश को हो रहा है। न सिर्फ निवेश पर प्रभाव पड़ा है, विदेशी संबंध भी चरमरा रहे हैं, आर्थिक गिरावट तेजी से बढ़ रही है। भारत जैसे देश के साथ सामान्य व्यापार और ढांचागत विकास संबंधी योजनाओं में भी रुकावटें पैदा हुई हैं। बांग्लादेश भारत की सदाशयता एवं उदारता के बावजूद टकराव के मूड में नजर आ रहा है, उसका अल्पसंख्यक हिन्दुओं की सुरक्षा को लेकर भी ऐसा ही रवैया है, जिस बारे में वह भले ही अब दलील दे रहा है कि हालिया बांग्लादेश में हिन्दुओं से जुड़ी हिंसक घटनाएं सांप्रदायिक नहीं बल्कि राजनीतिक कारणों से हुई हैं।

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दोनों देशों के संबंध बिगाड़ने में पर्दे के पीछे पाकिस्तान की भूमिका साफ है। बांग्लादेश से हाल ही में आई रिपोर्ट चिंताजनक हैं। चल रहे राजनीतिक संकट और राज्य पुलिस की गिरावट ने अल्पसंख्यक समुदायों, खासकर हिंदुओं पर लक्षित हमलों के लिए अनुकूल स्थिति पैदा कर दी है। 1947 से, हिंदू आबादी 30 प्रतिशत से घटकर 9 प्रतिशत से भी कम हो गई है। शेख हसीना की सरकार के पतन के बाद से स्थिति और खराब हो गई है, जो 2009 से सत्ता में थी। यह संकट पूर्वी पाकिस्तान और आधुनिक बांग्लादेश में हिंदुओं के प्रत्यक्ष और गुप्त नरसंहार के लंबे इतिहास को दर्शाता है। मंदिरों और पवित्र स्थलों पर 200 से अधिक कथित हमलों सहित वर्तमान हिंसा एक बड़े, निरंतर कट्टरतावादी अभियान का हिस्सा है। हालिया संकट, जो जुलाई 2024 में कथित छात्रों के विरोध प्रदर्शन से शुरू हुआ था, उसकी गहरी ऐतिहासिक जड़ें हैं और यह दशकों से बढ़ते मुस्लिम कट्टता से जुड़े तनावों को दर्शाता है।

भारत प्रारंभ से बांग्लादेश का सहयोगी एवं हितैषी रहा है, इसी कारण उसने पिछले डेढ़ दशकों में जो आर्थिक तरक्की हासिल की, छह फीसदी से अधिक दर से जीडीपी को बढ़ाया और 2026 तक विकासशील देशों के समूह में शामिल होने का सपना देखा, उन सब पर मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार संकीर्णतावादी एवं दुराग्रही सोच के कारण काली छाया मंडराने लगी है। आज कानून-व्यवस्था के सामने समस्या पैदा हो गई है, बांग्ला राष्ट्रवाद की वकालत करने वालों पर खतरा मंडरा रहा है, प्रगतिशील मुस्लिमों एवं अल्पसंख्यकों पर हमले हो रहे हैं और बंगबंधु व मुक्ति संग्राम के इतिहास को मिटाने का प्रयास हो रहा है। बांग्लादेश की यह गति इसलिए हुई है, क्योंकि मोहम्मद यूनुस सरकार आम जन की अपेक्षाओं के अनुरूप चुनौतियों से लड़ पाने में नाकाम हो रही है और भारत से टकराव मोल लेने को तैयार बैठे बांग्लादेश के ऐसे हुक्मरान विवाद के नये-नये मुद्दे तलाश रहे हैं एवं दोनों देशों के आपसी संबंधों को नेस्तनाबूंद कर रहे हैं। आज वहां सांविधानिक, राजनीतिक वैधता का संकट तो गहराया ही है लेकिन लोकतांत्रिक मूल्य भी धुंधला रहे हैं।



मोहम्मद यूनुस को बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और अवामी लीग जैसी पार्टियों ने कभी पसंद नहीं किया और अब आमजनता का भी पूरा साथ उनको नहीं मिल रहा है। स्टूडेंट अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन के बैनर तले छात्रों ने अपना आंदोलन शुरू किया और शेख हसीना के तख्तापलट की वजह भी बना, तब उनकी मुख्य मांगों में रोजगार प्रमुख रहा, मगर यूनुस सरकार अब इस मोर्चे पर भी फिसड्डी साबित हुई है। उनकी कट्टरपंथी सोच और जिन्ना को राष्ट्रपिता बनाने जैसी पहल को देख उदारवादी छात्र खुद को छला हुआ महसूस करने लगे हैं, इस कारण विश्वविद्यालयों में हिंसा रूकने का नाम नहीं ले रही है। मोहम्मद यूनुस की अपरिपक्व राजनीतिक सोच एवं कट्टरवादी सोच के कारण ही बांग्लादेश ने भारत से दूरियां बढ़ाई है। रस्सी जल गयी पर ऐंठन नहीं गयी की स्थिति में यूनुस भूल गये कि अभी भारत में नरेन्द्र मोदी जैसे कद्दावर एवं सूझबूझ वाले विश्वनेता का शासन है, भारत से दुश्मनी कितनी भारी पड़ सकती है, पाकिस्तान की दुर्दशा से समझा जा सकता है। पाकिस्तान भारत विरोधी अभियान को लेकर बांग्लादेश पहुंचा है। मान न मान, मैं तेरा मेहमान वाली स्थिति में अस्थिर बांग्लादेश में चीन एवं पाकिस्तान जैसी तमाम बाहरी ताकतें दखल देने की इच्छुक हैं। इससे दोनों देश बांग्लादेश की जमीन से भारत को घेरना चाहते हैं, बांग्लादेश भी इन षडयंत्रकारी देशों की गिरफ्त में आ गया है और वह भारत विरोध को तीक्ष्ण करने में जुट गया है। भारत अपनी सीमाओं को अभेद्य बना रहा है तो बांग्लादेश समझौते के बावजूद बाधाएं डाल रहा है।

सीमाओं के खुले रहने से बांग्लादेश से लगातार अवैध घुसपैठ, हथियारों की तस्करी, ड्रग स्मगलिंग, नकली नोटों का कारोबार और आतंकवादी गतिविधियां लगातार हो रही हैं। विशेषतः पाकिस्तान अब अपनी आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिये बांग्लादेश का उपयोग कर रहा है। दरअसल, बांग्लादेश की युनूस सरकार पाकिस्तान के इशारों पर पुराने मुद्दे उछाल कर विवाद को हवा दे रही है। निश्चित ही पाक से उसकी बढ़ती नजदीकियां के चलते ही बांग्लादेश में पाक सेना के अधिकारियों की सक्रियता देखी गई है। यूनुस सरकार ने भारत विरोधी तत्वों को न केवल हवा दी है बल्कि उनको उग्र कर दिया है। भारत की उदारता को बांग्लादेश हमारी कमजोरी न मान ले, इसलिए उसे बताना जरूरी है कि भारत से टकराव की कीमत उसे भविष्य में चुकानी पड़ सकती है। यह भी कि संबंधों में यह कसैलापन, दौगलापन एवं टकराव लंबे समय तक नहीं चल सकता। उसकी यह कटुता उसके लिये ही कालांतर में घातक एवं विनाशकारी साबित हो सकती है। वैसे इसके संकेत मिलने शुरु हो गये हैं। यह विडंबना ही है कि नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस से क्षेत्र में शांति व सद्भाव की जो उम्मीदें थी, उसमें उन्होंने मुस्लिम कट्टरपंथ को आगे करके निराश ही किया है। उनकी सरकार लगातार विघटनकारी, अड़ियल व बदमिजाजी का रुख अपनाए हुए है, लेकिन अब राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका भी भारत के साथ बांग्लादेश में सकारात्मक भूमिका निभाने का संकेत दे चुका है। यह दक्षिण एशिया की शांति व समृद्धि के लिए बहुत जरूरी है।

अध्यात्म

## समय एक अनमोल रत्न

बिल्कुल सही कहा गया है समय एक अनमोल रत्न है। अर्जुन, एक 14 वर्षीय लड़का था, जिसके माथे पर सितारों की चमक थी। उसकी आंखों में ज्ञान की ज्योति थी, और उसके दिल में सपनों का जुनून था। माता-पिता उसे डॉक्टर बनते देखना चाहते थे, गुरुजी उसे एक महान इंसान बनते देखना चाहते थे। लेकिन धीरे-धीरे, अर्जुन का जीवन बदलने लगा। उसके आसपास के गलत दोस्तों ने उसे अपनी ओर आकर्षित किया। ये प्रकृति का नियम है इंसान गलत चीजों की तरफ बहुत आसानी से और बहुत जल्दी आकर्षित होता है। अर्जुन की जिंदगी दोस्तों के साथ घूमने, फिल्म देखने, चोरी छिपे क्लब जाने, मोबाइल पे गेम खेलने और देर रात की पार्टियों में बीतने लगी। अर्जुन की चमक धीमी पड़ने लगी। उसकी पढ़ाई में ध्यान नहीं रहा, उसकी एकाग्रता भंग हो गई, और उसके सपने धुंधले होने लगे। माता-पिता बार-बार समझाते, गुरुजी डांटते, लेकिन अर्जुन कान पर जूं नहीं रेंगती। वो हर बात का 2 जबाब देता - 卐मैं कर लूंगा 卐 या 卐अब मैं बड़ा हो गया मुझे अच्छे बुरे की समझ है। 卐 धीरे धीरे 12 वीं के फाइनल एग्जाम के दिन आ गए। अब परीक्षा सर पे खड़ी थी। सिर्फ 2 दिन बचे थे। अर्जुन को कुछ भी समझ नहीं आ रहा था। वो समझ नहीं पा रहा था की शुरुआत कहाँ से करूँ ? पूरे साल क्लास के दोस्तों से न बात किया न ही नोट्स बनाये। अर्जुन घबरा गया। उसने महसूस किया कि उसने कितना अनमोल समय बर्बाद कर दिया है। उसने रातों-रात पढ़ाई करने की कोशिश की, लेकिन बहुत देर हो चुकी थी। परीक्षा में वह फेल हो गया। उसके क्लास के सारे बच्चे अगली क्लास में चले गए। कुछ बड़े बड़े शहरों में आगे की पढ़ाई के लिए चले गए। माता-पिता की आँखों में निराशा थी, गुरुजी के चेहरे पर उदासी थी, और अर्जुन का मन पछतावे से भर गया था। उसने महसूस किया कि उसने अपना सब कुछ खो दिया है। कुछ दिन बाद , अर्जुन उदास होकर गुरुजी के पास गया। गुरुजी ने उसे प्यार से समझाया, 卐बेटा, समय एक अनमोल रत्न है। जो खो गया, वो कभी वापस नहीं मिलता। आज जो बीत गया, उसे भुला दो, और कल से एक नई शुरुआत करो।卐 गुरुजी के शब्दों ने अर्जुन के दिल को छू लिया। उसके अंदर एक नई उम्मीद की किरण जगी। उसने ठान लिया कि अब वह हार नहीं मानेगा। वह अपनी गलतियों से सीखेगा और अपने सपनों को फिर से हासिल करेगा। हर दिन, अर्जुन अपने अतीत के पछतावे से जूझता था। उसने सोचा, 卐काश मैं समय को पीछे घुमा सकता और अपनी गलतियों को सुधार सकता।卐 लेकिन उसे पता था कि यह असंभव है। अर्जुन ने हार नहीं मानी। उसने कठिन परिश्रम करना शुरू कर दिया। वह सुबह जल्दी उठकर देर रात तक पढ़ाई करता था। उसने अपनी कमियों को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास किया। धीरे-धीरे, अर्जुन में बदलाव आने लगा। उसकी एकाग्रता बढ़ी, उसकी याददाश्त तेज हुई, और उसकी समझ गहरी हुई। वह हर विषय में उत्कृष्टता प्राप्त करने लगा। समय बीतते देर नहीं लगती। कुछ महीनों बाद, परीक्षाएं फिर से आयीं। इस बार, अर्जुन पूरी तरह से तैयार था। उसने आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दी। जब परिणाम आए, तो अर्जुन खुशी से झूम उठा। वह स्कूल में अव्वल आया था। माता-पिता और गुरुजी सभी बहुत खुश थे। अर्जुन ने अपनी गलतियों से सीख लिया था और सफलता का मीठा स्वाद चख लिया था। अर्जुन ने अपनी कहानी दोस्तों और स्कूल के अन्य छात्रों को सुनाई।

# जम्मू-कश्मीर में शराबबंदी की मांग तेजी से क्यों बढ़ रही है?

**साल 2014 में उस समय एनसी सत्ता में थी। पीडीपी के अब्दुल हक खान ने जम्मू-कश्मीर में शराब की बिक्री, आयात और खपत पर बैन लगाने की मांग करते हुए एक विधेयक पेश किया था। दो साल बाद जब पीडीपी सत्ता में आई तो कश्मीर में धार्मिक नेताओं ने शराब की बिक्री और खपत के खिलाफ एक अभियान चलाया, लेकिन तत्कालीन वित्त मंत्री हसीब द्राबू ने पसंद की आजादी का हवाला देते हुए बैन पर कड़ा विरोध जताया। 2018 में एनसी के इश्फाक जब्बार और कांग्रेस के जीएम सरूरी ने शराब पर बैन लगाने के लिए विधानसभा में विधेयक पेश किया था। तत्कालीन स्पीकर बीजेपी के कविंदर गुप्ता ने विधेयकों पर विचार करने की इजाजत दी थी , लेकिन वे पारित नहीं हो पाए।**

पुष्पेंद्र कुमार

उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली नेशनल कॉन्फ्रेंस की सरकार इस मुद्दे पर सावधानी से काम कर रही है। इसकी एक वजह राजस्व से जुड़ी हुई भी है। शराब की बिक्री 2020 में 1,353 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024 में 2,486 करोड़ रुपये हो गई। इससे जम्मू-कश्मीर के खजाने में काफी बढ़ोतरी हुई।

जम्मू-कश्मीर में शराब पर बैन लगाने की मांग तेज हो गई है। शराबबंदी के उद्देश्य से तीन निजी विधेयक आगामी सत्र में पेश करने के लिए विधानसभा सचिवालय को सौंपे गए हैं। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के विधायक फैयाज अहमद ने सबसे पहले विधेयक पेश किया, जिसमें जम्मू -कश्मीर राज्य में एल्कोहोलिक ड्रिंक्स के विज्ञापन, बिक्री, और खरीद पर रोक लगाने की बात कही गई है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक अहसान परदेसी और निर्दलीय विधायक शेख खुर्शीद अहमद ने भी यही किया।

ये विधेयक जम्मू-कश्मीर में मादक पदार्थों के दुरुपयोग और नशे की लत के संकट के बीच आए हैं। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, हर 12 मिनट में एक नशेड़ी श्रीनगर ओपीडी में आता है। जम्मू-कश्मीर में शराब की बिक्री और सेवन पर बैन नहीं है, लेकिन घाटी में इसका सार्वजनिक सेवन हमेशा वर्जित माना जाता रहा है। हाल के दिनों में कश्मीर की सड़कों पर नशे में धुत पर्यटकों को दिखाने वाली सोशल मीडिया पोस्टों ने घाटी के कुछ हिस्सों में गुस्सा पैदा कर दिया है।



श्रीनगर के व्यापारियों ने हाल ही में पर्यटकों से सार्वजनिक तौर पर शराब और नशीले पदार्थों का सेवन न करने का आग्रह करने वाले साइनबोर्ड लगाए थे। इनको पुलिस ने हटा दिया था और इसके बाद पार्टियों के साथ-साथ लोगों की तरफ से भी पुलिस को तीखी आलोचना का सामना करना पड़ा। अपने विधायक द्वारा पेश विधेयक के साथ ही पीडीपी ने शराब प्रतिबंध के लिए जनता का समर्थन जुटाने के लिए हस्ताक्षर अभियान भी शुरू किया है।

इल्तिजा मुफ्ती ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि नशे में धुत पर्यटकों के कई वीडियो हैं। इनमें से एक वीडियो में वे डल झील में पेशाब कर रहे थे। यह सिर्फ शराब के बारे में नहीं है। यह शिष्टाचार का सम्मान करने के बारे में भी है। उन्होंने कहा कि अगर गुजरात को शराबमुक्त राज्य घोषित किया जा सकता है, तो जम्मू-कश्मीर जैसे मुस्लिम बहुल क्षेत्र के लिए यह तर्क और भी मजबूत है। पीडीपी के नेता वहीद पारा ने कहा कि पिछले कुछ सालों में नशे की लत में भारी इजाफा हुआ है। यह समाज की हेल्थ से जुड़ा मसला भी है।

शराब पर बैन लगाने की वजह से हमें कुछ रेवेन्यू का नुकसान होगा, लेकिन यह अभी भी उस सामाजिक लागत से कम है जो हमें चुकानी होगी। उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली नेशनल कॉन्फ्रेंस की सरकार इस मुद्दे पर सावधानी से काम कर रही है। इसकी एक वजह राजस्व से जुड़ी हुई भी है। शराब की बिक्री 2020 में 1,353 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024 में 2,486 करोड़ रुपये हो गई। इससे जम्मू-कश्मीर के खजाने में काफी बढ़ोतरी हुई।

एनसी के मुख्य प्रवक्ता तनवीर सादिक उस समय विवाद में आ गए जब उन्होंने बैन लगाने से बचने की कोशिश करते हुए कहा कि इस पैमान पर नीति बदलने पर फैसला लेते वक्त कई फैक्टर को ध्यान में रखा जाना चाहिए। सादिक ने कहा, 'जम्मू-कश्मीर एक पर्यटन स्थल है। कई अरब देशों में भी शराब की इजाजत है। हमें ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन जैसे सभी हितधारकों को साथ लेकर चलना होगा। सामूहिक रूप से हम शराब के खिलाफ हैं, लेकिन हमें अन्य फैक्टर्स को भी देखना होगा।'

घाटी के मुख्य धर्मगुरु और हुर्रियत नेता मीरवाइज उमर फारूक समेत अन्य लोगों ने सादिक की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने गैर-जिम्मेदाराना बातें की हैं, जिसके बाद एनसी प्रवक्ता ने तुरंत अपना बयान वापस लेते हुए कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से वह शराबबंदी का समर्थन करते हैं। इसी समय घाटी में शराब पर बैन लगाने की मांग उठती रहती है। विपक्षी नेताओं ने अतीत में विधानसभा में विधेयक भी पेश किए हैं।

साल 2014 में उस समय एनसी सत्ता में थी। पीडीपी के अब्दुल हक खान ने जम्मू-कश्मीर में शराब की बिक्री, आयात और खपत पर बैन लगाने की मांग करते हुए एक विधेयक पेश किया था। दो साल बाद जब पीडीपी सत्ता में आई तो कश्मीर में धार्मिक नेताओं ने शराब की बिक्री और खपत के खिलाफ एक अभियान चलाया, लेकिन तत्कालीन वित्त मंत्री हसीब द्राबू ने पसंद की आजादी का हवाला देते हुए बैन पर कड़ा विरोध जताया। 2018 में एनसी के इश्फाक जब्बार और कांग्रेस के जीएम सरूरी ने शराब पर बैन लगाने के लिए विधानसभा में विधेयक पेश किया था। तत्कालीन स्पीकर बीजेपी के कविंदर गुप्ता ने विधेयकों पर विचार करने की इजाजत दी थी , लेकिन वे पारित नहीं हो पाए।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
कुछ नकारात्मक प्रकृति के लोग आपको लक्ष्य से भटका सकते हैं। अपने अधिकारों का गलत उपयोग करने के कारण अपमान झेलना पड़ सकता है।

**वृषभ**
आप नया कारोबार शुरू कर सकते हैं। किसी निकटस्थ व्यक्ति से शुभ समाचार मिलेगा। जटिल कार्यों को आसानी से पूर्ण कर लेंगे।

**मिथुन**
आर्थिक योजना बनाने के लिये दिन विशेष रूप से शुभ है। कारोबार में परम्परागत तरीकों का पालन करेंगे। घर में लोगों के चहेते बने रहेंगे।

**कर्क**
चापलूस लोग आपको धोखा दे सकते हैं। इसीलिये लोगों की बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। आपके भीतर आत्मविश्वास और उत्साह का संचार होगा।

**सिंह**
आपकी योग्यता का सुखद परिणाम प्राप्त होगा। दूसरों के दोष दर्शन में समय बर्बाद न करें। नौकरी पेशा लोगों को सावधानी से काम करना चाहिये।

**कन्या**
किसी प्रिय व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है। व्यापार में बड़े प्रोजेक्ट्स मिलने के योग बन रहे हैं। परिवार में आपकी प्रेम और सामंजस्य अच्छा रहेगा।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में आप फोकस बनाये रखें। नव विवाहित जोड़े आज काफी रोमान्टिक पल का आनन्द लेंगे। भाई-बहनों के साथ हँसी-मजाक का आनन्द उठायेंगे।

**वृश्चिक**
सामाजिक कार्यों में आपके योगदान की लोग काफी प्रशंसा करेंगे। बच्चों के प्रति आपका मोह बढ़ेगा। घर का वातावरण सुमधुर रहेगा।

**धनु**
भावनाओं के बजाय समझदारी से काम करना आपके लिये हितकर होगा। बातचीत के दौरान शब्दों की मर्यादा का ध्यान रखें। किसी प्रिय मित्र से सम्बन्धों में खटास आ सकती है।

**मकर**
करियर को लेकर खुशखबरी मिलेगी। उच्च अधिकारी आपकी उन्नति से काफी उत्साहित रहेंगे। घर के लिये नये सामान खरीद सकते हैं। अपने से बड़ो की बातें ध्यान से सुनें।

**कुंभ**
नौकरी पेशा जातक पैसों की आवक को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। निवेश के लिये समय अच्छा है। भविष्य को लेकर योजना बनायेंगे।

**मीन**
आपके कार्यों की प्रशंसा दूर-दूर तक होगी। घर की सफाई के दौरान कोई पुरानी लेकिन जरूरी वस्तु आपको मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव दूर होगा।

# 878 करोड़ से शेखपुरा के विकास में आएगी रफ्तार

## नौ बड़ी योजनाओं से शेखपुरा में बाइपास और सौंदर्यीकरण पर फोकस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शेखपुरा।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा में शेखपुरा जिला के विकास के लिए 878.03 करोड़ योजना एवं उद्घाटन किया गया था। सोमवार को जिला प्रशासन का मटोखर दह के सुनसान जगह टेंट गाड़कर जिला प्रशासन प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा में जिन-जिन योजनाओं की स्वीकृति एवं घोषणा हुई, उसकी जानकारी मीडिया को दी गई।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में डीएम आरिफ अहसन ने पत्रकारों को बताया कि प्रगति यात्रा के क्रम में चिन्हित 09 योजनाओं की मंजूरी मिल गई है। जिसमें कुल 878.03 करोड़ खर्च किये जायेंगे। पहली योजना-गक्क33इ के (11वें कि.मी।) टोठिया पहाड़ मोड़ से 7.35 कि.मी. लंबी कुसुम्भा से भाया मटोखर पथ तक 42.10 करोड़ की लागत से नया वाईपास का निर्माण कार्य होगा। बाईपास निर्माण होने से शेखोपुरसराय, राजगीर, नवादा. शाहपुर, सुमका आने-जाने की सुविधा मिलेगी। जिससे शेखपुरा शहर को काफी हद तक जाम से राहत मिलेगी। दूसरी योजना-नेमदारगंज-रमजानपुर-कोनांद मोड़ का 43.96 करोड़ की लागत से चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण होगा। जिससे नवादा, वारसलीगंज, शाहपुर SH-83 होकर जाने वाले को नालंदा जाने में सुविधा होगी। तीसरी योजना-3.55 कि.मी. लंबी जखराज स्थान से हुसैनाबाद तक 16.74 करोड़ की लागत से बाईपास का निर्माण होगा। जिससे शेखपुरा शहर दल्लु चौक पर लगनेवाली जाम से निजात मिलेगी। साथ ही आढ़ा, धमौल, अरियरी के लोगों को लखीसराय, मुंगेर आने-जाने में सुविधा होगी। चौथी योजना-21.50 कि.मी. लंबी सरमेरा-पचना (भदौस मोड़) में ग्रीनफील्ड बाईपास का 481.83 करोड़ की लागत से निर्माण होगा। यह पथ शेखपुरा के लिए अतिरिक्त बाईपास का कार्य करेंगी। जिससे शहर में जाम की मुक्ति के साथ-साथ बिहारशरीफ, बरबीघा और पटना से आनेवाली वाहन शेखपुरा शहर में प्रवेश किये बिना लखीसराय व जमुई निकल सकेगी।

### सामस विष्णुधाम मंदिर एवं मटोखर दह का होगा सौंदर्यीकरण

पांचवी योजना- पर्यटन एवं धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण सामस विष्णु मंदिर का 14.99 करोड़ की लागत से सौंदर्यीकरणकरण एवं विकास होगा। गौरतलब हो कि भगवान विष्णु की इतनी बड़ी प्रतिमा होने के कारण इसे उत्तर भारत का बालाजी मंदिर कहा जाता है। छठी योजना-शेखपुरा जिला अंतर्गत मटोखर दह का 49.97 करोड़ की लागत से विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य होगा। जिसके तहत वाटर स्पोर्टर्स गतिविधियां, जीप लाइन एडवेंचर, विभिन्न थीम पार्क, मटोखर दह के चारों तरफ पैदल पथ व साइक्लिंग ट्रैक का नित्रंयण, पार्किंग स्थल, कन्वेंशन हॉल व पर्यटक गेस्ट हाउस का निर्माण होगा। बता दें कि मटोखर दह के पास शेख ख्वाजा मगरवी अलेह का मज़ार स्थापित है। सातवीं योजना- 195.07 करोड़ की लागत से सकरी सिंचाई योजना अंतर्गत वाजिदपुर से निसृत मिर्ज़ाइन नहर, बरगैन वितरणी से तेऊसाइन ब्रांच कैनाल एवं बरगैन वितरणी से निःसृत ओनमा वितरणी का पुर्नस्थापन एवं लाइनिंग कार्य होगा। आठवीं योजना- 30.74 करोड़ की लागत से शेखपुरा जिला के चेवाड़ा प्रखंड में प्रखंड कार्यालय सह आवास परिसर का निर्माण होगा। नौवीं योजना- 19.73 करोड़ की लागत से शेखपुरा जिला मुख्यालय में मॉडल नक्शा पर आधारित 620 क्षमता का अटल कला भवन का निर्माण होगा।

# बिहार सरकार का बजट हवा-हवाई : आलोक रंजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा/भोजपुर।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के भोजपुर जिला प्रवक्ता आलोक रंजन ने बिहार सरकार के बजट को जमीनी हकीकत से परे करार दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पूरी तरह से खोखला और भ्रामक है। उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री ने जो आंकड़े पेश किए हैं, वे केवल दिखावे के लिए हैं, जबकि जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर है। आगे कहा कि यह बजट बिहार के हित में नहीं है, बल्कि केवल कागजी घोषणाओं तक सीमित है। सरकार ने बजट का आकार 3 लाख 17 हजार करोड़ रुपये बताया है, लेकिन यह मात्र आंकड़ों की बाजीगरी है। अगर सिर्फ आंकड़ों से ही विकास होता, तो सरकार इसे 5 लाख करोड़ भी बता सकती थी पर सच्चाई यह है कि पिछले वर्ष की घोषणाएं भी धरातल पर नहीं उतरीं, और इस बार भी वही दोहराया जा रहा है। प्रवक्ता आलोक ने कहा कि इस बजट में बिहार के असली मुद्दों पर कोई चर्चा नहीं हुई। सात निश्चय और सात निश्चय-2 योजनाओं की सफलता-असफलता का कोई जिक्र नहीं है।

# चरपोखरी में लर्निंग फेस्टिवल का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** स्थानीय प्रोजेक्ट बालिका प्लस टू विद्यालय चरपोखरी के प्रेक्षागृह में ज्ञानोत्सव (लर्निंग फ़ेस्टिवल) का विधिवत दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन हुआ। इस कलात्मक सृजनात्मक गतिविधियों से सजा आयोजन का उद्घाटन करते हुए प्रभारी एचएम मो प्रवेज आलम ने कहा कि यह आयोजन अपने आप में अनोखा है।

संगीत शिक्षक प्रमोद कुमार ने कहा ज्ञानोत्सव के माध्यम से लोक गीत संगीत की समझ स्कूली शिक्षा में होनी चाहिए। तरह तरह के गीत संगीत से यह आयोजन काफी कलात्मक होगा। मनोविज्ञान शिक्षिका रिंकल कुमारी ने अपने संबोधन में विचार रखते हुए कहा कि मनोवैज्ञानिक प्रभाव कला संस्कृति के विकास से बच्चों के मन मस्तिष्क पर पड़ता है। साकारात्मक ऊर्ज़ा और मौलिक समझ कला साहित्य गीत संगीत के माध्यम से छात्राओं में रचनात्मक बदलाव संभव है। वरिष्ठ शिक्षक सिकंदर कुमार ने विचार रखते हुए कहा कि चार दिनों तक विद्यालय प्रांगण में कलात्मक सृजनात्मक रचनात्मक गतिविधि होते रहेगा। इस आयोजन का प्रभाव दुरगामी होगा जो सांस्कृतिक माहौल विद्यालयों में सृजित करेगा। मैट्रिक मूल्यांकन कार्य कर रहे शिक्षकों ने भी वाट्सएप के माध्यम से छात्राओं के लिए शुभकामनाएं भेजी। वरिष्ठ शिक्षक अजय राय, मनोज कुमार, सुनित त्रिपाठी, जय गोपाल सिंह, सुकेश कुमार, सुधांशु शर्मा ने संदेश में लिखा कि विद्यालय के छात्राओं को ढेरों शुभकामनाएं। आप सभी इस कलात्मक आयोजन को कलागत समग्रता से जोड़िए और चार दिनों तक तरह तरह के रचनात्मक कार्य से खुद को निखारिए। कार्यक्रम का विधिवत संचालन चित्रकार रौशन राय करते हुए बोले, यह संस्कृति मूलक गतिविधि निश्चित रूप से समग्र विकास छात्राओं के मन मस्तिष्क से जुड़ेगा। प्रोजेक्ट बालिका परिवार ज्ञानोत्सव को उत्सव के रूप में कलात्मक बना रहे हैं। इस अवसर पर गीत संगीत और नृत्य भी छात्राओं ने प्रस्तुत किया। छात्राओं में मुख्य संध्या कुमारी, प्रियांशु कुमारी, रितु कुमारी, नेहा कुमारी, ज्योति कुमारी, रागिनी कुमारी, सुरभि कुमारी के साथ शिक्षिका/ शिक्षक, रिंकल रिंकल कुमारी, प्रमोद कुमार, परवेज आलम रौशन राय सिकंदर कुमार चर्चिल टैगोर, नीरज कुमार मौजूद थे।

# कांग्रेस ने बजट को कहा छलावा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बक्सर।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ मनोज पांडे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बिहार के 2025-26 का बजट घोर निराशाजनक एवं कृषि पर आधारित किसान, बेरोजगार और गरीबों के साथ छलावा है।



डॉ पांडे ने कहा कि जब सरकार के सामने विधानसभा का चुनाव दिखाई दे रहा है तब ऐसा निराशाजनक बजट पेश कर यह साबित कर दी है कि अपने ऐशो आराम की जिंदगी एवं केवल सरकार के कुर्सी पर आसीन होने के लिए किसी भी झूठी राजनीति तक जाकर गरीब बेरोजगार एवं भगवान रूपी किसानों के साथ में धोखा करके सत्ता पर काबिज होना एकमात्र लक्ष्य हैं। डॉ पांडे ने कहा कि केंद्र में बैठी हुई भाजपा की सरकार के इशारे पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जिस तरह से बिहार को बर्बादी के कगार पर पहुंचाने का संकल्प ले रखे हैं। आने वाले विधानसभा में बेरोजगार किसान सहित बिहार के अति पिछड़ा एवं पिछड़ा जाति के लोगों ने इनको सबक सिखाने का मन बना चुके हैं। डॉ पांडे ने कहा कि वह दिन दूर नहीं है जब अपनी करनी का पूरा-पूरा हिसाब 2025 चुनाव में जनता एक-एक मत देकर सत्ता से बेदखल करने में अहम भूमिका अदा करेगी।

डॉ पांडे ने कहा कि जब भाजपा गठबंधन से नीतीश कुमार अलग थे तो बिहार को विशेष राज्य का दर्ज़ा के लिए कौन-कौन सा बात बिहार की भोली भाली जनता के सामने करते थे लेकिन आज किसानों के फसल का उचित मूल्य भी नही मिल रहा है।

# अहिल्या धाम मे 23 मार्च को होगा सनातनी सम्मान समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बक्सर।** आगामी 23 मार्च को महर्षि विश्वामित्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक एवं विश्वामित्र सेना प्रमुख राजकुमार चौबे के नेतृव में मां अहिल्या धाम अहिरौली स्थित मठ प्रांगण में सनातनी सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। यह कार्यक्रम सनातन धर्म की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को सम्मान देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। श्री चौबे ने इस कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह सम्मान समारोह केवल हमारी आध्यात्मिक जड़ों को नमन करने का अवसर नहीं है, बल्कि सनातन धर्म के मूल्यों और परंपराओं को सहेजने का सामूहिक प्रयास भी है। यह वही पावन भूमि है, जहां प्रभु श्रीराम के चरण रज से माता अहिल्या का उद्धार हुआ था।

वहीं मौके पर मौजूद अशोक उपाध्याय ने बताया कि यह कार्यक्रम राजकुमार चौबे के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, सेवा दल के युवाओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर कार्यक्रम स्थल को साफ-सुथरा किया जा रहा है। वही कार्यक्रम की तैयारी को लेकर स्थानीय युवाओं और लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। इस आयोजन में कपिल मुनि पांडे, शिव शंकर उपाध्याय, हीरा पाठक, शंभू पंडित, अभय कुमार चौबे, दीप नारायण चौबे, अभिषेक चौबे, हेमंत चौबे, मुकेश, शोले, मनीष, भूलन, सनी देओल, सिद्धार्थ चौबे, राजवीर चौबे, शिवजी, दिनेश, गोलू केशरी, राजन केशरी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# 209.413 लाख की लागत से सड़क का किया जायेगा जीर्णोद्धार

## विधायक की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ उन्नयन योजना के तहत करायी जाएगी मरम्मत कार्य

नवबिहार टाइम्स संवाददात

**जगदीशपुर।** जगदीशपुर नगर के ब्लॉक मोड़ से लेकर एनएच-319 शहीद अमर सिंह द्वार तक भाया संत श्री बरहना महिला कॉलेज मार्ग की क्षतिग्रस्त सड़क के दिन बहुरने वाले हैं। स्थानीय राजद विधायक राम विशुन सिंह उर्फ लोहिया जी की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ उन्नयन योजना के तहत 209.413 लाख रुपये की लागत से करीब 1800 मीटर लंबी सड़क की मरम्मत करायी जायेगी। सड़क की प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया में है। विभाग की मानें तो अप्रैल में सड़क मरम्मत का काम शुरू हो जायेगा। गौरतलब है कि यह सड़क नगर पंचायत के वार्ड संख्या तीन, चार व पांच के लोगों के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के बसौना, विचला जंगल महाल व शिवपुर पंचायत के विभिन्न गांवों व टोलों से कनेक्टिविटी के अलावा बाइपास की दृष्टि से भी काफी महत्वपूर्ण है। अब सड़क के जीर्णोद्धार की जानकारी मिलने के बाद सड़क से नियमित आवागमन करने वाले वाहन चालकों, विद्यार्थियों, किसानों व आम लोगों में खुशी देखी जा रही है। लंबे समय से सड़क की खराब हालत से जूझ रहे राहगीरों, वाहन चालकों और स्थानीय लोगों ने सड़क के नवीनीकरण के लिए विधायक और विभाग का आभार जताया है। सड़क के जीर्णोद्धार से इन सभी लोगों को राहत मिलेगी और आवागमन में आसानी होगी। सड़क के जीर्णोद्धार के बाद जलजमाव से राहत मिलने के साथ-साथ आवागमन भी बेहतर हो जाएगाः सड़क के जीर्णोद्धार के बाद जलजमाव से राहत मिलने के साथ-साथ आवागमन भी बेहतर हो जाएगा। चूंकि यह सड़क जगदीशपुर नगर और आसपास के गांवों के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण मार्ग है, जिसका उपयोग वाणिज्यिक, शैक्षणिक और कृषि उद्देश्यों के लिए किया जाता है। लेकिन वर्तमान में इसके खराब हालत से वाहन चालकों, छात्रों, किसानों और विभिन्न कार्यालयों में जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। बरसात के मौसम में जलजमाव के कारण सड़क यात्रियों और वाहन चालकों की परेशानी दोगुनी हो जाती है। सड़क के जीर्णोद्धार होने से कई गांवों के लोगों के अलावा नपं के वार्ड संख्या-03, 04 और 5 के लोगों को प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय, सिविल कोर्ट, आदि कार्यालयों तक पहुंचने के लिए राहत मिलेगी। इसके अलावा संत श्री बरहना महिला महाविद्यालय के साथ-साथ कई निजी व सरकारी स्कूलों में आने वाले छात्र-छात्राएं भी लाभान्वित होंगे।



### क्या कहते हैं विधायक

जगदीशपुर विधायक राम विशुन सिंह लोहिया ने कहा कि मेरी अनुशंसा पर ब्लॉक मोड़ से लेकर एनएच-319 शहीद अमर सिंह द्वार तक भाया संत श्री बरहना महिला कॉलेज मार्ग की सड़क की मरम्मती करायी जायेगी। जिसकी प्रशासनिक स्वीकृति मिल गयी है। अप्रैल माह में टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद सड़क पर काम शुरू हो जायेगा। इसके अलावा, नगर की कई अन्य सड़कों की मरम्मती के लिए भी प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है।

# कैंप के माध्यम से सरकारी योजनाओं का पहुंचाएं लाभ : डीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** समाहरणालय सभागार आरा में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक सोमवार को आयोजित की गई। अध्यक्षता डीएम तनय सुल्तानिया ने की। डीएम ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया और उनकी अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। इन योजनाओं में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (राशन कार्ड), आंगनबाड़ी सेवाएं, औपचारिक शिक्षा हेतु विद्यालय में दाखिला, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), आयुष्मान भारत कार्ड, हेल्थ कैंप, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं जैसे इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना और कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना शामिल थीं। इस दौरान डीएम ने योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों पर चर्चा की और सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले के सभी महादलित टोलों का रोस्टर तैयार कर विशेष कैंपों के माध्यम से सरकार की सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पात्र लोगों तक सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही, उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को विभिन्न विभागों के लंबित एनओसी को अविलंब समन्वय स्थापित कर निर्गत करने का निर्देश दिया। जिले में सेक्स रेश्यो बढ़ाने के उद्देश्य से बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) को निर्देश दिया कि वे हर वार्ड में अधिक से अधिक संख्या में फॉर्म-6 भरवाने के लिए प्राथमिकता के आधार पर विशेष कैंप आयोजित करें। इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए उन्होंने मुखिया, वार्ड सदस्य, जन वितरण प्रणाली विक्रेता, जीविका समूह और आंगनबाड़ी सेविकाओं के सहयोग से कार्य सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही, भूमि सुधार उपसमाहर्ताओं एवं अनुमंडल पदाधिकारियों को इन सभी कार्यों की नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सहायक निदेशक (सामाजिक सुरक्षा), डीआरडीए डायरेक्टर, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# साप्ताहिक बैठक में पेयजल संकट से निपटने पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेखपुरा।** सोमवार को जिला पदाधिकारी आरिफ अहसन की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित मंथन सभागार में सभी जिलास्तरीय पदाधिकारियों के साथ सोमवारीय साप्ताहिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी प्रखंडों से विभिन्न विभागों के प्रखंडस्तरीय पदाधिकारी भी अपने-अपने प्रखंड से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। सर्वप्रथम विगत बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। तत्पश्चात जिले के सभी विभागों यथा- स्वास्थ्य, शिक्षा, मनरेगा, जीविका, विद्युत, आईसीडीएस, आपूर्ति, नगर एवं आवास विभाग, पीएचईडी, श्रम विभाग, कल्याण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, उत्पाद विभाग, डीआरसीसी, पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, मत्स्य विभाग, लघु सिंचाई विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग आदि के द्वारा संचालित योजनाएं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। विभिन्न विभागों में क्रय किये गये सामग्रियों अथवा कार्यों के उपरांत भुगतान किये विपत्रों की राशि से नियमानुसार जीएसटी एवं आयकर कटौती के संबंध में वित्त विभाग द्वारा दिये गये निर्देशों की समीक्षा करते हुए इसे गंभीरता से लेते हुए अनुपालन करने का निर्देश सभी कार्यालय प्रधान को दिया गया। इसके अतिरिक्त एसीडीसी विपत्रों के निष्पादन को ससमय करने का निर्देश सभी कार्यालय प्रधान को कहा गया।

### बड़े बकायेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का निर्देश

जिलान्तर्गत नीलाम पत्रवाद के मामलों में बड़े बकायेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। नीलाम पत्रवाद के शत प्रतिशत मामलों में नोटिस जारी करने को कहा गया है। साथ ही सभी नीलाम पत्रवाद पदाधिकारी को गिरफ्तारी या अन्य कार्रवाई की विस्तृत जानकारी के साथ प्रेस विज्ञप्ति जारी कराने का निर्देश भी दिया गया। आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए अबतक चिन्हित की गई भूमि एवं भवन निर्माण की स्थिति के संबंध में बताया गया कि भवन निर्माण हेतु कार्य प्रारम्भ किया गया है। जिला पदाधिकारी ने अंचलाधिकारी को आँगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण हेतु विवाद रहित भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। आँगनवाड़ी केन्द्रों के लिए भवन निर्माण हेतु कम से कम 3 डिसिमल भूमि की आवश्यकता होती है। इसके अतिरिक्त जो भवन जर्जर हो चुकी है उसकी मरम्मति भी तेजी से कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। जिले में स्वीकृत 718 आंगनबाड़ी केन्द्रों में से 347 अपना एवं अन्य सरकारी भवनों में संचालित की जा रही है।

## एक नजर

### देसी कट्टा के साथ एक गिरफ्तार

**कोइलवर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** चांदी थाना की पुलिस ने सोमवार को एक युवक को तीन जिंदा कारतूस एवं एक देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन ने बताया गुप्त सूचना मिली कि एक युवक संदिग्ध गतिविधि में जलपुरा मुसहरी के पास घूम रहा है। पुलिस जब वहां पहुंची तो एक युवक चला आ रहा था। पुलिस को देखकर वह भागने लगा। इस बीच पुलिस के जवान ने उसे खदेड़ कर पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम प्रदीप कुमार व घर थाना क्षेत्र के रामपुर बताया। जब उसकी तलाशी ली गयी तो उसके पास से एक देसी कट्टा व तीन जिन्दा कारतूस पाया गया। पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया।

### डा. सच्चिदानन्द सिन्हा हैं भारत रत्न के हकदार : सुमन श्रीवास्तव

**बक्सर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कायस्थ परिवार के प्रदेश संयोजक अधिवक्ता सुमन कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में सोमवार को जिला कार्यालय में एक बैठक की गई। संचालन कायस्थ परिवार के सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने की। उक्त बैठक में प्रदेश संयोजक सुमन श्रीवास्तव ने कहा कि डॉ सच्चिदानन्द सिन्हा भारतीय संविधान सभा का प्रथम अध्यक्ष थे। उनकी संविधान निर्माण में अहम भूमिका रही है। वह एक अच्छे अधिवक्ता के साथ साथ पत्रकार भी थे। उनकी पुण्यतिथि 6 मार्च को बिहार के हरेक जिलों में मनाई जायेगी। आगे श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ सिन्हा भारत रत्न के हकदार हैं और उनको भारत रत्न अवश्य मिलनी चाहिए।उक्त बैठक में मुख्य रूप से सुरेन्द्र लाल, प्रकाश सिन्हा, सत्यम श्रीवास्तव, सौरभ सिन्हा, राहुल सिन्हा, सतीश श्रीवास्तव, अजय लाल, विपिन बिहारी सिन्हा, चंदन श्रीवास्तव, अशोक लाल एवम कई अन्य समाज सेवी उपस्थित रहे।

### गड्ढे में डूबने से बच्चे की मौत

**शेखपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाउघाट थाना क्षेत्र के हरनामचक गांव के समीप सड़क किनारे पानी से भरे गड्ढे में डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान पानापुर गांव निवासी श्रवण पासवान के 6 वर्षीय पुत्र राजकुमार बताया जाता है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पानापुर गांव के श्रवण पासवान की पत्नी कुछ घरेलू काम से बाजार जा रही थी, तभी उसके छोटे पुत्र राजकुमार भी उसके पीछे-पीछे चल दिया। जहां हरनामचक गांव के पास रोड किनारे बने गड्ढे में गिरने से उसकी मौत हो गई। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने बच्चों को बचाने का प्रयास तो किया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। घटना के बाद तत्काल ग्रामीणों द्वारा पुलिस प्रशासन को इसकी सूचना दी गई। जहां घटना की खबर सुनकर बाउघाट थानाध्यक्ष सोनम कुमारी अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल शेखपुरा भेज दिया है।

### छापेमारी में वारंटी गिरफ्तार

**शेखपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** छापामारी के दौरान शेखपुरा पुलिस ने गउड वारंटी स्व. प्रयाग साव के 66 वर्षीय पुत्र सुरेश प्रसाद को महादेव नगर से गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को जेल भेजने के लिए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। वहीं, उत्पाद पुलिस ने गुप्त सुचना के आधार शहर के गिरिहिंडा मुशहरी निवासी रामाश्रय राम के 32 वर्षीय पुत्र दुलारचंद राम को ढ़ाई लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। साथ ही इन्दाय पर मोहल्ले के पीछे पहाड़ में छुपाकर रखे 12.55 लीटर विदेशी शराब जब्त किया है। उत्पाद इंस्पेक्टर प्रकाश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### पुलिस ने की वाहन जांच

**कोइलवर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अपराध नियंत्रण और यातायात नियमों के अनुपालन हेतु कोईलवर पुलिस के द्वारा सोमवार को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान वाहनों के कागजातों की जांच करने के साथ ही वाहन सवार लोगों की भी तलाशी ली गई। थाना क्षेत्र में पिछले कुछ समय से आपराधिक घटनाएं बढ़ गई है। जिससे देखते हुए अब पुलिस ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी रंजीत कुमार सिंह ने खुद इस वाहन जांच अभियान का नेतृत्व किया। साथ में थानाध्यक्ष नरोतम चंद्र व पुलिस बल मौजूद थे। इस दौरान पुलिस ने कई छोटे-बड़े वाहनों की जांच की। इस आशय कि जानकारी देते हुये पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि इस दौरान वाहनों के कागजातों की जांच करने के साथ ही वाहन पर सवार लोगों की भी तलाशी ली गई। वाहन जांच के दौरान हथियार की टोह में वाहनों की डिक्की की भी तलाशी ली गई। साथ ही बताया कि ट्रिपल लोड़ पर पुलिस कि विशेष नजर है।

### विदेशी शराब जब्त

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भोजपुर के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बौलीपुर के जंगल से बड़ी मात्रा में विदेशी शराब और एक वेस्ट बंगाल की बोलेरो गाड़ी के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त का नाम कमल कुमार है, जो बीरपुर थाना शाहपुर, जिला भोजपुर का निवासी है। बरामद की गई 257.625 लीटर विदेशी शराब और एक बोलेरो गाड़ी शामिल है। इस संबंध में जगदीशपुर थाना में कांड संख्या 82/25 दर्ज की गई है, जो बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम 2018 के तहत आती है। जगदीशपुर थाने में सोमवार को एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह ने प्रेस वार्ता कर बताया कि गिरफ्तार तस्कर ने बताया कि शाहपुर से शराब लाया गया था और बौलीपुर जंगल में उतार रहे थे। इस गुप्त सूचना के आधार पर जगदीशपुर थाना अध्यक्ष बिकाऊ राम के नेतृत्व में दरोगा आफताब खान, रश्मि कुमारी और मीना कुमारी द्वारा छापामारी कर कार्रवाई की गई। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त की आपराधिक इतिहास भी खंगाल रही है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि शराब तस्करों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। क्षेत्र में चिह्नित शराब कारोबारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। भोजपुर पुलिस का अवैध शराब के खिलाफ अभियान निरंतर जारी है।

### सम्मान समारोह आयोजित

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भोजपुर जिला शतरंज संघ द्वारा मैना सुन्दर धर्मशाला के सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह मे पद्मश्री डॉ भीम सिंह भवेश और भोजपुर जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष डॉ केएन सिन्हा पूर्व एसीएमओ भोजपुर को संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। अध्यक्षता मुख्य संरक्षक डॉ राम कृष्ण ने की। मुख्य संरक्षक डॉ राम कृष्ण, वरीय संरक्षक डॉ एसके रूंगटा, उपाध्यक्ष निशी जैन, डॉ अर्चना सिंह, डॉ मों सैफ ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया। कार्यक्रम का स्वागत सचिव, डॉ मों सैफ और निशी जैन ने किया। अध्यक्षता और मंच संचालन मुख्य संरक्षक डॉ राम कृष्ण एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ एसके रूंगटा ने किया। अपने संबोधन में पद्म श्री डॉ भीम सिंह भवेश ने कहा कि शतरंज संघ के विकास में हमारा सहयोग सदैव रहेगा। उन्होंने कहा कि समाज के हाशिए पर खड़े लोगों के बीच शिक्षा अभियान जारी रखने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि समाज के हर जरूरतमंद वर्ग को मुख्य धरना में जोड़ने का कार्य करूंगा। डॉ के ऐन सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के हर वर्ग में समाज सेवा जारी रखने का संकल्प लिया भीम सिंह भवेश को जो पदम श्री सम्मान मिला उसे भोजपुर जिले का नाम रोशन हुआ मैंने ऐसी मौका कार्य बहुत ही इमानदारी से किया और सेवानिवृत्ति के बाद में समाज सेवा करना चाहूंगा।

# 7-8 मार्च को सेना के शौर्य और पराक्रम का भव्य प्रदर्शन

## सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात, आर्मी जॉब फ़ेयर का भी होगा आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मोतिहारी।** आगामी 7 और 8 मार्च 2025 को मोतिहारी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में भारतीय सेना शौर्य वेदनम कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। इस भव्य आयोजन में सेना के सामर्थ्य और पराक्रम का प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन 7 मार्च को सुबह 10:00 बजे बिहार के राज्यपाल और सेना के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इस कार्यक्रम में थल, जल और वायु सेना के जवान शामिल होंगे। भारतीय सेना द्वारा उपयोग किए जा रहे अत्याधुनिक हथियारों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमें बोफोर्स तोप, टी-90 टैंक, एके-47 राइफल और अन्य घातक अस्त्र-शस्त्र प्रदर्शित किए जाएंगे। यह प्रदर्शनी आम जनता के लिए खुली रहेगी। शौर्य वेदनम कार्यक्रम के तहत कई रोमांचक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिनमें डॉग शो, रोबोटिक मसल डिस्प्ले, मार्शल आर्ट, मोटरसाइकिल स्टंट और ऑपरेशनल डेमोंस्ट्रेशन शामिल हैं। साथ ही, सांस्कृतिक कार्यक्रम में छऊ नृत्य, भांगड़ा और खुकरी डांस जैसी प्रस्तुतियां भी होंगी। आज सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने जिला प्रशासन के साथ समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में बैठक की। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने कहा कि कार्यक्रम की गंभीरता और भव्यता को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। गांधी मैदान के चारों ओर बैरिकेडिंग की जाएगी। चप्पे-चप्पे पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल तैनात रहेंगे। सभी अधिकारियों एवं कर्मियों के लिए फोटो युक्त पहचान पत्र जारी किया जाएगा। मीडिया प्रतिनिधियों को भी पहचान पत्र के साथ प्रवेश मिलेगा। गांधी मैदान में बड़ी संख्या में लोगों के आने की संभावना को देखते हुए क्राउड मैनेजमेंट की विशेष योजना बनाई गई है। साफ-सफाई, निर्बाध विद्युत आपूर्ति और पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाएगी। प्रवेश द्वारों पर कड़ी सुरक्षा जांच होगी। सभी तैनात अधिकारियों और कर्मियों के लिए 6 मार्च को शाम 4:00 बजे जॉइंट ब्रीफिंग होगी। सेना के अधिकारियों के साथ समन्वय के लिए जॉइंट कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। युवाओं को सेना के प्रति जागरूक करने और प्रेरित करने के लिए आर्मी जॉब फ़ेयर का आयोजन भी किया जाएगा। इसमें बताया जाएगा कि आर्मी में भर्ती होने की प्रक्रिया क्या है। एक सैनिक की दिनचर्या कैसी होती है। सेना से सेवानिवृत्ति के बाद भी कौन-कौन से करियर विकल्प उपलब्ध हैं। आज सेना के ब्रिगेडियर और कर्नल सहित कई शीर्ष अधिकारियों ने जिलाधिकारी, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी और कार्यपालक अभियंता भवन के साथ गांधी मैदान का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# दुल्हन के बिना लौटी बारात: दूल्हे की बेहोशी से विवाह समारोह में हंगामा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** रविवार देर रात मोहद्दीपुर गांव में एक विवाह समारोह के दौरान अप्रत्याशित घटना घटी, जिससे खुशी का माहौल तनाव में बदल गया। जयमाला की रस्म धूमधाम से संपन्न होने के बाद, सिंदूरदान की तैयारी चल रही थी। इसी बीच, दूल्हा राहुल अचानक मंडप में बेहोश होकर गिर पड़ा। दुल्हन के परिजनों को संदेह हुआ कि दूल्हे को कोई गंभीर बीमारी है, जो उनसे छिपाई गई थी। उन्होंने तुरंत शादी से इंकार कर दिया और गुस्से में पूरी बारात को बंधक बना लिया। काफी देर तक समझाने-बुझाने का प्रयास किया गया। स्थानीय मुखिया मनोज यादव और ग्रामीणों ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने की कोशिश की, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। अंततः, लड़की वालों के अडिग रुख के कारण, बारात बिना दुल्हन के लौट गई। यह घटना जीतना थाना क्षेत्र के गोविंदपुर तिवारी टोला निवासी रामएकबाल प्रसाद यादव के पुत्र राहुल की शादी से संबंधित है। रविवार को राहुल की बारात चिरैया थाना क्षेत्र के मोहद्दीपुर गांव में पहुंची थी। दूल्हे की बेहोशी के बाद, लड़की के पिता ने आरोप लगाया कि लड़के को दौरा पड़ा है, जिसकी जानकारी पहले नहीं दी गई थी, और इसे छिपाकर धोखा किया गया है। चिरैया थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस को अब तक कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली है। हालांकि, मामले की जानकारी मिलने पर जांच की जा रही है।

# नई ऊंचाइयों को छू रहा उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (उत्कर्ष एसएफबीएल) ने बिहार में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करते हुए ढाका (पूर्वी चंपारण), पकरी बरवान (नवादा), गाजीपुर गढ़ी (वैशाली) और माजिरवा कला (गोपालगंज) में नए बैंकिंग आउटलेट खोले हैं। इन उद्घाटनों के साथ, बैंक के बिहार में कुल 259 और देशभर में 1057 बैंकिंग आउटलेट हो गए हैं।

नए बैंकिंग आउटलेट्स के माध्यम से स्थानीय निवासियों को बचत खाते, चालू खाते, सावधि जमा और आवर्ती जमा जैसी बैंकिंग सुविधाओं का लाभ मिलेगा। साथ ही, बैंक आवास ऋण, व्यवसाय ऋण, संपत्ति के बदले ऋण, बीमा और निवेश उत्पाद भी प्रदान करेगा। डिजिटल बैंकिंग सुविधाओं और एटीएम नेटवर्क के साथ बैंक का बुनियादी ढांचा ग्राहकों को सुविधाजनक और सुरक्षित बैंकिंग अनुभव उपलब्ध कराएगा। बैंक संयुक्त देयता समूह (जेएलजी) मॉडल के माध्यम से माइक्रो-बैंकिंग ऋण सुविधाएं प्रदान करेगा, जिससे कम आय वाले व्यक्तियों और छोटे व्यवसायों को वित्तीय सेवाओं तक पहुँच मिलेगी। जेएलजी मॉडल के तहत बिना संपार्श्विक के ऋण दिया जाता है, जिससे समूह के सदस्यों को आपसी सहयोग से ऋण चुकाने की सुविधा मिलती है। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री गोविंद सिंह ने कहा, ढाका, पकरी बरवान, गाजीपुर गढ़ी और माजिरवा कला में हमारी नई शाखाओं का उद्घाटन बिहार में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इन क्षेत्रों की आर्थिक और सांस्कृतिक विशेषताएँ इन्हें विकास के लिए उपयुक्त बनाती हैं। हमारे अनुरूप वित्तीय समाधान न केवल व्यक्तियों को सशक्त बनाएंगे बल्कि स्थानीय व्यवसायों और सतत विकास को भी समर्थन देंगे। ग्राहक बैंकिंग आउटलेट, माइक्रो एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूनिफाइड पेमेंट इंटरफ़ेस (यूपीआई) और कॉल सेंटर के माध्यम से बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। बैंक डिजी ऑन-बोर्डिंग सुविधा के तहत बैंक शाखा गए बिना खाता खोलने की भी सुविधा प्रदान करता है। नए बैंकिंग आउटलेट्स के साथ, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने बिहार के वित्तीय समावेशन को एक नया आयाम दिया है, जिससे स्थानीय निवासियों और उद्यमियों को आर्थिक विकास में नई संभावनाएं मिलेंगी।

# सीएम की घोषणाओं को कैबिनेट की मंजूरी




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिला में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाएं एवं बिहार मंत्री परिषद द्वारा प्रदान की गई स्वीकृति तथा अन्य घोषणाओं पर किए गए अग्रेत्तर कार्य को लेकर जिला पदाधिकारी, जहानाबाद अलंकृता पाण्डेय की अध्यक्षता में सोमवार को पत्रकार सम्मेलन का आयोजन जहानाबाद समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में किया गया। इस पत्रकार सम्मेलन में जिला पदाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार द्वारा प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं एवं उनकी स्वीकृति के संबंध में विस्तृत जानकारी पत्रकारों से साझा की गई। बताया गया कि पत्रकार सम्मेलन में कुल 48 संवाददाताओं ने भाग लिया। जिसमें प्रिंट मीडिया के 12 एवं इलेक्ट्रॉनिक तथा वेब मीडिया के 36 संवाददाताओं ने हिस्सा लिया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर डीएम ने की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मोतिहारी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च 2025) के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। डीपीओ, आईसीडीएस ने बताया कि महिला दिवस पर महिलाओं एवं बालिकाओं के ऴअधिकार, समानता और सशक्तिकरणङ्क को बढ़ावा देने के लिए साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों में बालिकाओं के साथ संवाद कार्यक्रम भी होगा, जिसकी निगरानी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी करेंगे और इसकी रिपोर्ट जिला प्रशासन को दी जाएगी। 10 मार्च 2025 को मोतिहारी स्थित प्रेक्षा गृह में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न विभागों की उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि इस अवसर पर महिला पदाधिकारी बालिकाओं के साथ संवाद करें और अपने अनुभव एवं उपलब्धियों को साझा करें, ताकि वे प्रेरणा लेकर अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकें। इस बैठक में सिविल सर्जन, पुलिस उपाधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस), सहायक निदेशक (सामाजिक सुरक्षा कोषांग), सहायक निदेशक (जिला बाल संरक्षण इकाई), बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (मोतिहारी सदर एवं ग्रामीण), जिला परियोजना प्रबंधक (डीआरडीए), जिला मिशन समन्वयक (कुशवाहा) एवं यूनिसेफ के जिला प्रतिनिधि सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पदाधिकारियों का जिला पदाधिकारी ने रोका वेतन

**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय द्वारा कार्यालय से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित पदाधिकारियों के विरुद्ध सोमवार को सख्त कारवाई की गई है। जहानाबाद जिला मुख्यालय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित घोषी, मखदुमपुर, मोदनगंज, रतनी फरीदपुर, हुलासगंज प्रखंड की बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जिला पदाधिकारी द्वारा उनका वेतन स्थगित किया गया है। यह कार्रवाई तब की गई जब पदाधिकारियों से उनके कार्यालय दिवस में लाइव लोकेशन की मांग की गई, लेकिन उन्होंने इस आशय की सूचना को साझा नहीं किया। पूर्व में भी स्पष्टीकरण देते हुए चेतावनी निर्गत की गई थी,किंतु सुधार ना होने के कारण सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों का वेतन स्थगित किया गया है। बताया जाता है कि इन बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों द्वारा मुख्यालय में अनुपस्थिति से संबंधित किसी प्रकार की सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है।

### नशे में शराबी गिरफ्तार

**मखदुमपुर।** जहानाबाद जिले के विसुनगंज थाना की पुलिस ने शराब के नशे में एक शराबी को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष फूलचंद कुमार यादव ने बताया की शराब के नशे में विसुनगंज बाजार में एक व्यक्ति हो हल्ला कर रहा था जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई। जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शराबी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार शराबी विसुनगंज गांव का दीपक कुमार बताया जा रहा है। जिसे मेडिकल जांच करने के बाद कानूनी प्रक्रिया हेतु न्यायालय भेजा गया।

### सात सूत्री मांगों को लेकर एनएसयूआई का महाधरना

**चकिया (पूर्वी चंपारण)।** स्थानीय एसआरएपी कॉलेज परिसर में सोमवार को छात्र संगठन एनएसयूआई ने सात सूत्री मांगों को लेकर महाधरना दिया। प्रदर्शनकारियों ने कॉलेज प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। धरना प्रदर्शन में छात्रों ने कॉलेज प्रशासन से सात प्रमुख मांगों को पूरा करने की मांग की, जिनमें शामिल हैंः कॉलेज में बने नए भवन के निर्माण की विस्तृत जानकारी। पीजी और बीएड पाठ्यक्रमों की शुरुआत। एनएसएस द्वारा 2022 से अब तक किए गए कार्यक्रमों की आय-व्यय की पारदर्शी जानकारी। कन्या उत्थान योजना के नाम पर कॉलेज से जुड़े व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर धन उगाही करने वालों पर कार्रवाई। कॉलेज में शुद्ध पेयजल की उचित व्यवस्था। कॉलेज शौचालयों की नियमित सफाई। अन्य आवश्यक सुविधाओं का शीघ्र समाधान। छात्र संघ अध्यक्ष सनी कुमार ने बताया कि कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. अभ्येंद्र प्रसाद द्वारा लिखित आश्वासन दिए जाने के बाद महाधरना समाप्त किया गया। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता छात्र संघ अध्यक्ष सनी कुमार ने की। इस मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव, जिला पार्षद किरण कुशवाहा, अमन कुमार, विकास कुमार, विशाल कुमार, बालकृष्ण, कृष, राहुल, सोनू, सिद्धार्थ सहित कई छात्र नेता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### हेयर एंड ब्यूटी सैलून 'द जावेद हबीब' का शुभारंभ

**मोतिहारी।** अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हेयर एंड ब्यूटी सैलून 'द जावेद हबीब' ने राजेंद्र नगर, बैंक रोड पर अपने प्रीमियम सैलून का शुभारंभ किया है। इस सैलून में ग्राहकों के लिए बाल, सौंदर्य, मेकअप और नाखून संबंधी सभी सेवाएं उपलब्ध हैं। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि मेयर प्रीति कुमारी, विश्व प्रसिद्ध हेयर एक्सपर्ट जावेद हबीब, बिहार के मास्टर फ्रेंचाइजी अरविंद कुमार और फ्रेंचाइजी ओनर मुक्ति लश्कर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर सैलून का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जावेद हबीब ने सर्दियों में बालों और त्वचा की देखभाल के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि गर्म पानी से बाल धोने से सिर की त्वचा शुष्क हो जाती है, जिससे खुजली और रूसी की समस्या हो सकती है। उन्होंने बाल धोने से पहले तेल लगाने या सप्ताह में एक बार हेयर स्पा कराने की सलाह दी। फ्रेंचाइजी ओनर मुक्ति लश्कर ने बताया कि इस सैलून में क्लीनअप, डी-टैन और हर्बल फ़ेशियल जैसी सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है। सभी सेवाएं सर्वोत्तम स्वच्छता और सुरक्षा मानकों के साथ प्रदान की जाती हैं, जिससे ग्राहकों को एक ही छत के नीचे उत्कृष्ट सौंदर्य सेवाएं मिल सकें। बिहार के मास्टर फ्रेंचाइजी अरविंद कुमार ने जानकारी दी कि जावेद हबीब भारत में वेलनेस के क्षेत्र में अग्रणी हेयर एंड ब्यूटी सैलून श्रृंखलाओं में से एक है, जिसके देशभर में लगभग 1000 से अधिक सैलून हैं।

# अक्षरा गुप्ता ने रचा इतिहास, एक ही सीजन में बीसीसीआई के चार फॉर्मेट में खेलकर बनाई अनोखी पहचान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** बिहार के रक्सौल की 14 वर्षीय प्रतिभाशाली क्रिकेटर अक्षरा गुप्ता ने भारतीय महिला क्रिकेट में इतिहास रच दिया है। वह भारत की पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं, जिन्होंने बीसीसीआई के चार प्रमुख फॉर्मेट—अंडर-23 वनडे, अंडर-19 वनडे, अंडर-19 टी20 और अंडर-15 वनडे (उप-कप्तान) में एक ही सीजन (2024-25) में खेलकर असाधारण उपलब्धि हासिल की। उनकी यह सफलता उनकी शानदार प्रतिभा, बहुमुखी खेल क्षमता और नेतृत्व कौशल को दर्शाती है, खासकर इतनी कम उम्र में यह उपलब्धि हासिल करना उल्लेखनीय है। अक्षरा गुप्ता की उपलब्धियां यहीं तक सीमित नहीं हैं। वह बिहार की एकमात्र खिलाड़ी हैं, जिन्हें बीसीसीआई की टॉप 100 उत्कृष्ट प्रदर्शन सूची में स्थान मिला है। उन्होंने बिहार अंडर-19 वनडे, बिहार अंडर-19 टी20 और बिहार अंडर-15 वनडे में शानदार प्रदर्शन कर यह सम्मान प्राप्त किया। उनकी निरंतरता और विभिन्न आयु वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन उनकी असाधारण क्रिकेट प्रतिभा को दर्शाता है। उनकी यह सफलता भारतीय महिला क्रिकेट के भविष्य के सितारों में उनका नाम स्थापित करती है। अक्षरा गुप्ता की मेहनत, समर्पण और दृढ़ संकल्प ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। उनकी प्रेरणादायक यात्रा बिहार और पूरे देश की युवा क्रिकेटरों के लिए एक मिसाल बन गई है, जो नए मानदंड स्थापित कर रही है।

# संगीत की सुरमयी रात: भव्य संगीत समारोह में श्रोताओं ने उठाया रसास्वादन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मोतिहारी।** पंडित छोटेलाल मिश्र संगीत कला महाविद्यालय के तत्वावधान में राजेंद्र नगर भवन में एक भव्य संगीत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शास्त्रीय संगीत और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को पूरी रात बांधे रखा।

कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. (डॉ.) रवींद्र कुमार वर्मा 'रवि', ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की राजयोगिनी बी.के. मीना दीदी, वरिष्ठ लोकगायिका श्रीमती चमेली पांडेय, प्रो. शोभाकांत चौधरी, प्रकाश अस्थाना और डिप्टी मेयर डॉ. लालबाबू प्रसाद ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए पटना मगध महिला महाविद्यालय के संगीत प्रोफ़ेसर डॉ. अरविंद कुमार को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आगाज़ महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इसके बाद सितार की युगलबंदी में संजय कुमार शर्मा और सुशील कुमार ने राग श्याम कल्याण में अपनी प्रस्तुति दी, जिसमें तबले पर पंडित रविशंकर पाठक ने संगति की। कार्यक्रम की तीसरी प्रस्तुति बनारस घराने के ललित कुमार का एकल तबला वादन था। उन्होंने उठान, पराल, कायदा, बनारस की प्रसिद्ध बांट, रेला और चक्रदार परण प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। हारमोनियम पर संगति डॉ. इंद्रदेव चौधरी ने की। कोलकाता से आईं प्रसिद्ध ठुमरी गायिका विदुषी इंद्राणी चौधरी ने अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया। उन्होंने राग तिलक कामोद में रोको न डगर मेरो श्याम, दादरा ऴअब ना बजाओ श्याम बांसुरी और होली गीत ऴबरजोरी ना करो मोसे श्याम होरी में गाकर पूरा सभागार झूमने पर मजबूर कर दिया। उनके गायन में तान, मुरकी, ग़मक, मीड़ और खटका के उत्कृष्ट प्रयोगों ने गुरु विदुषी पूर्णिमा चौधरी की संगीत परंपरा को जीवंत कर दिया। तबले पर संगति ललित कुमार और हारमोनियम पर डॉ. इंद्रदेव चौधरी ने दी। कार्यक्रम का समापन युगल कथक नृत्य से हुआ, जिसे बनारस के प्रसिद्ध कथक गुरु पंडित रविशंकर मिश्रा और डॉ. ममता टंडन ने प्रस्तुत किया। उन्होंने गणेश वंदना से नृत्य की शुरुआत की, जिसमें तबले पर पंडित भोलानाथ मिश्र और रामकुमार मिश्र, सारंगी पर अंकित मिश्रा, और गायन व हारमोनियम पर शक्ति मिश्रा ने संगति की। कार्यक्रम में प्रो. (डॉ.) अरुण कुमार ने संचालन किया। दर्शक दीर्घा में डॉ. अतुल कुमार, डॉ. अनिल कुमार सिन्हा, डॉ. हेना चंद्रा, अनिल कुमार वर्मा, अशोक कुमार वर्मा, संजय पांडेय, देवप्रिय मुखर्जी, रामचंद्र साह, अंजनी अशेष, अभय अनंत और दिवाकर नारायण पाठक समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# विशिष्ट शिक्षकों की अनुपस्थिति विवरणी शीघ्र जमा करें: बीईओ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** सोमवार को महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में प्रखंड स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीइओ) सरोज कुमार सिंह ने की। बैठक के दौरान बीईओ ने विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया कि वे सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण कर विशिष्ट शिक्षक के रूप में 1 से 7 जनवरी के बीच योगदान कर चुके शिक्षकों की अनुपस्थिति विवरणी 24 घंटे के भीतर विहित प्रपत्र में जमा करें।

# राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय हुलासगंज में स्वास्थ्य उप केंद्र का होगा संचालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के अभियंत्रण महाविद्यालय में स्वास्थ्य उप केंद्र का संचालन सोमवार से किया जा रहा है। इस संबंध में जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय एवं सिविल सर्जन-सह-सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति, जहानाबाद के निर्देश पर राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, हुलासगंज में प्रतिदिन स्वास्थ्य सेवा का संचालन किए जाने के लिए हुलासगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी चंदशेखर कुमार को निर्देश दिया गया है। दनिर्देश के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, हुलासगंज से रोस्टर अनुसार राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय हुलासगंज में सोमवार से सुबह 09:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक प्रत्येक कार्य दिवस में कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी प्रतिनियुक्त कर्मीयों को रोस्टर वार स्वास्थ्य सेवा का संचालन करने का निर्देश दिया गया है। जैसा कि ज्ञात हो राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय एवं राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेजों में स्वास्थ्य उप केंद्र स्थापित करने के संबंध में बिहार के मुख्य सचिव कि अध्यक्षता में संपन्न बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि विज्ञान ,प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत सभी संस्थानों में एक स्वास्थ्य उप केंद्र स्थापित किया जाये।

# गारंटीड इनकम वाला प्रोडक्ट है 'आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सिलेक्ट', जो बाजार की अनिश्चितता में देगा वित्तीय सुरक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने नया बचत एवं सुरक्षा आधारित बीमा प्रोडक्ट 'आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सिलेक्ट' लॉन्च किया है। यह प्रोडक्ट ग्राहकों को गारंटीड इनकम की सुविधा प्रदान करता है, जिससे उन्हें वित्तीय स्थिरता मिलती है।

इस प्रोडक्ट में ग्राहकों को यह तय करने की सुविधा मिलेगी कि गारंटीड इनकम कब शुरू होगी, कितने समय तक मिलेगी और मैच्योरिटी पर कितना रिटर्न मिलेगा। साथ ही, इसमें लाइफ कवर भी शामिल है, जो परिवार की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करता है। 'आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सिलेक्ट' की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें हर साल 5 प्रतिशत की कंपाउंडिंग दर से इनकम बढ़ती है, जिससे महंगाई के प्रभाव को कम करने में मदद मिलती है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ प्रोडक्ट एंड डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर अमित पालटा ने कहा, हम अपने ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नए प्रोडक्ट्स लॉन्च कर रहे हैं। 'आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सिलेक्ट' ग्राहकों को उनकी जीवन योजनाओं और नकदी आवश्यकताओं के अनुसार गारंटीड इनकम का विकल्प देता है। उन्होंने आगे कहा कि मौजूदा आर्थिक अनिश्चितता और बाजार में उतार-चढ़ाव को देखते हुए गारंटीड इनकम देने वाले प्रोडक्ट्स की मांग बढ़ रही है। यह प्रोडक्ट बाजार के उतार-चढ़ाव से बचाने के साथ-साथ वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करेगा। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस का क्लेम सेटलमेंट रेशियो 99.3 प्रतिशत (वित्त वर्ष 2025 के पहले 9 महीने) रहा है और गैर-जांच वाले मामलों में औसत क्लेम सेटलमेंट समय सिर्फ 1.2 दिन है, जो कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# गांधीवादी सामाजिक कार्य पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

## महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय और गुजरात विद्यापीठ के बीच समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के आचार्य बृहस्पति सभागार, महात्मा बुद्ध परिसर में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय गांधीवादी सामाजिक कार्यः संभावनाएं और चुनौतियां था। इसका आयोजन गांधीवादी एवं शांति अध्ययन विभाग और सामाजिक कार्य विभाग ने भारतीय गांधीवादी अध्ययन सोसायटी के सहयोग से किया। संगोष्ठी के संरक्षक कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव थे, जबकि उद्घाटन सत्र में पटना विश्वविद्यालय के प्रो. संजय पासवान (पूर्व विधान परिषद सदस्य, बिहार) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. सुनील महावर (डीन, सामाजिक विज्ञान संकाय) और आयोजन सचिव डॉ. जुगल किशोर दाधीच मंचासीन थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के पारंपरिक स्वागत (शॉल, मोमेंटो और पौधारोपण) से हुई। कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने गांधीजी के सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उनके सिद्धांतों की वर्तमान समय में उपयोगिता को रेखांकित किया। मुख्य वक्ता प्रो. शीला राय ने सामाजिक कल्याण और सामाजिक कार्य के बीच अंतर को स्पष्ट किया और गांधीजी के उद्देश्यों पर चर्चा की। प्रो. एस. सी. जीना ने सामाजिक कार्य को एक मिशन बताते हुए कहा कि गांधीजी हमेशा गैर-सरकारी संगठनों और सामाजिक संगठनों के पक्षधर थे। प्रो. संजय पासवान ने अपने संबोधन में कहा, गांधीजी सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए प्रासंगिक हैं। उन्होंने वर्णव्यवस्था और छुआछूत पर गांधीजी के विचारों का उल्लेख करते हुए नए भारत में ट्रस्ट डेफिसिट, नई सामाजिक संरचना और नेतृत्व की भूमिका पर जोर दिया। द्वितीय सत्र में समकालीन समय में गांधीवादी सामाजिक कार्य की चुनौतियां विषय पर चर्चा हुई। अध्यक्षता सी.सी.एस. विश्वविद्यालय, मेरठ की प्रो. अर्चना शर्मा ने की। प्रमुख वक्ताओं में शामिल थेः

प्रो. हिमांशु बौराई (एच.एन.बी. विश्वविद्यालय, उत्तराखंड) - उन्होंने गांधीवादी सामाजिक कार्य को आध्यात्मिक, मूल्य-आधारित और समग्र दृष्टिकोण से जोड़ने पर बल दिया। प्रो. प्रेमानंद मिश्रा (गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद) - उन्होंने नील की खेती, गांधीजी की रचनात्मक कार्यशैली और संघर्ष के महत्व पर चर्चा की। प्रो. बंशीधर पांडेय (काशी विद्यापीठ, वाराणसी) : उन्होंने सोशल मीडिया के प्रभाव और नागरिकों में आत्मनिर्भरता की कमी को प्रमुख चुनौतियों में गिना। प्रो. तपन आर. महांती (राष्ट्रीय विधि संस्थान विश्वविद्यालय, भोपाल): उन्होंने कहा गांधीजी के विचार कभी पुराने नहीं होते, बल्कि हर युग में प्रासंगिक बने रहते हैं। प्रो. अर्चना शर्मा ने गांधीजी के विचारों को केंद्र में रखते हुए कहा, आवश्यकता से अधिक संग्रह करना पाप है। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अंबिकेश त्रिपाठी (सहायक प्रोफ़ेसर, गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग) ने किया।

### शोध गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

कार्यक्रम के दौरान महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग और गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद के गांधी दर्शन विभाग के बीच एक समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत दोनों संस्थानों के बीच शोध कार्यों, अकादमिक गतिविधियों, प्राध्यापकों और छात्रों के आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया जाएगा। समझौता-ज्ञापन पर महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से प्रो. सुनील महावर और गुजरात विद्यापीठ की ओर से प्रो. प्रेमानंद मिश्रा ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर कुलानुशासक प्रो. प्रसून दत्त सिंह, डॉ. जुगल किशोर दाधीच, डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ. अंबिकेश त्रिपाठी, डॉ. उपमेश, डॉ. अनुपम वर्मा सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे। प्रो. सुनील महावर ने बताया, यह समझौता-ज्ञापन गांधी अध्ययन में शोध कर रहे छात्रों और प्राध्यापकों के अकादमिक उन्नयन में मील का पत्थर साबित होगा। गुजरात बापू की जन्मस्थली है और चंपारण उनकी कर्मस्थली। इन दोनों स्थानों पर जाकर गांधीजी से जुड़ी घटनाओं का अध्ययन करने से अधिक स्पष्ट और तथ्यपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

# हर्षोल्लास के साथ मना एस.के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का स्थापना दिवस



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** एस.के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का 10वां स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। तत्पश्चात, एस. के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन एस.के. मंडल, सचिव मोनी रानी एवं उपस्थित सांसदों ने राज्यपाल का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया।

संस्थागत परंपरा के अनुसार, राष्ट्रगान के बाद, संस्थान के निदेशक, सचिव के अलावा राज्यसभा सांसद सह केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर, स्थानीय सांसद शाम्भवी चैधरी, महाराजगंज सांसद जनार्दन प्रसाद सिग्रीवाल, सीतामढ़ी सांसद देवेशचंद्र ठाकुर के साथ राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इसके पश्चात चेयरमैन एस.के. मंडल एवं सचिव मोनी रानी ने महामहिम राज्यपाल सहित सभी सम्मानित अतिथियों को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। श्री मंडल के स्वागत संबोधन के बाद उपस्थित नर्सिंग, फार्मेसी एवं पैरा मेडिकल के विद्यार्थियों ने 100 प्रतिशत निष्ठा, समर्पण एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों का निर्वहन करने की शपथ ली। इस अवसर पर वक्ताओं ने जहां एस. के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की 10 वर्षों की सफल यात्रा की सराहना की, जिसने सुदूर क्षेत्रों में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के प्रकाश का प्रसार किया है। वहीं विद्यार्थियों को पूर्ण निष्ठा, समर्पण और सेवा भाव के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा का क्षेत्र संपूर्ण रूप से समाज सेवा एवं मानवता की सेवा है, जिसमें धैर्य, समर्पण एवं निष्ठा की प्रतिदिन परीक्षा होती है। इस दौरान अतिथियों ने एस. के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के विभिन्न कॉलेजों एवं पाठ्यक्रमों की सराहना की और उनके लाभों पर विस्तृत चर्चा की। बताते चलें कि एस. के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अंतर्गत संचालित संस्थानों यथा कृष्णा इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन मधेपुरा, कृष्णा इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन पटना, कृष्णा इंस्टिट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज पूर्णिया, विद्यापति इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन समस्तीपुर, कृष्णा इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज समस्तीपुर, कृष्णा इंस्टिट्यूट ऑफ आईटी एंड मैनेजमेंट समस्तीपुर, सौम्या कृष्णा एएनएम ट्रेनिंग स्कूल पटना, में नर्सिंग, फार्मेसी, पैरामेडिकल, आईटी एवं मैनेजमेंट सहित विभिन्न प्रकार के व्यवसायिक पाठ्यक्रम मौजूद हैं।

इस अवसर पर केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहा कि एस. के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस शिक्षा के क्षेत्र में जो योगदान दे रहा है, वह सराहनीय है। इस संस्थान ने बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा को बढ़ावा दिया है, जिससे छात्रों को अपने सपनो को साकार करने के बेहतर अवसर प्राप्त हो रहे हैं। वहीं महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि इस संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों से युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा मिल रही है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन रहे हैं। आत्मनिर्भर युवा ही आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करेंगे। जबकि सीतामढ़ी सांसद देवेशचंद्र ठाकुर ने कहा कि चिकित्सा और शिक्षा का क्षेत्र सेवा का क्षेत्र है और इसमें कार्य करने वाले लोगों को धैर्य, निष्ठा और समर्पण के साथ काम करना चाहिए। विद्यार्थियों को सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि वे अपने ज्ञान का उपयोग समाज और देश के हित में करें। उन्होंने कहा कि चिकित्सा से जुडी सेवायें नौकरी या पेशा नहीं है बल्कि स्वस्थ समाज व स्वस्थ राष्ट्र निर्माण का दायित्व है। इसमें समर्पण और निष्ठा के साथ करूणा और दया की भावना भी महत्वपूर्ण है। जदयू प्रवक्ता इं. अभिषेक झा ने बिहार में शिक्षा के विकास में एस. के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के योगदान को अनुकरणीय बताया। कार्यक्रम का संचालन आरजे विजेता नेएवं धन्यवाद ज्ञापन राजीव रंजन सिन्हा ने किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी रोशन कुशवाहा, पुलिस अधीक्षक अशोक मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक संजय पांडेय, अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार, अंचल अधिकारी पल्लवी सहित सभी प्रशासनिक अधिकारी एवं संस्थान की सभी शाखाओं के हजारों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## जीवनपर्यन्त छात्र बना रहना चाहता हूं : राज्यपाल



**समस्तीपुर।** मनुष्य का जीवन एक जीवन्त पाठशाला है जिसमें वह प्रतिदिन परीक्षा देता है और प्रति दिन कुछ सीखता है। कुछ समय से सीखता है कुछ दूसरों से। एस.के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के 10वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर समस्तीपुर पधारे मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने छात्र-छात्राओं के साथ मन की बात साझा करते हुए उक्त बातें कही। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ज्ञान प्राप्ति के लिए ध्यान आवश्यक है और ध्यान के लिए एकाग्रता, जो शांत वातावरण में ही संभव है। उन्होंने कहा कि इसी कारण प्राचीन काल में शिक्षण संस्थान दूर-दराज एवं एकांत स्थानों पर स्थापित किए जाते थे। उन्होंने विद्या ददाति विनय श्लोक को कहते हुए शिक्षा के महत्व को समझाया और कहा कि शिक्षा एवं ज्ञान का उद्देश्य केवल व्यक्तिगत लाभ न होकर संपूर्ण समाज एवं राष्ट्र के कल्याण के लिए होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा तभी सार्थक होती है जब उसमें करुणा और दया का भाव समाहित हो। उन्होंने श्रद्धावान लभते ज्ञानं का उल्लेख करते हुए कहा कि श्रद्धावान ही ज्ञान प्राप्त करते हैं। सीखने केलिए श्रद्धा और सीखने की ललक बेहद आवश्यक है। उन्होने कहा कि वे आजन्म विद्यार्थी बने रहना चाहते हैं, ताकि हर पल कुछ सीखने का अवसर मिलता रहे। याद रखिए जब तक आप में सीखने की प्रवृति जागृत है तब तक अबाध गति से आप की तरक्की होती रहेगी।

## बजट में कुछ भी नया नहीं, सत्ता पक्ष ने कहा संतोषजनक बजट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता







**बेगूसराय।** बिहार सरकार के द्वारा पेश की गई बजट को सत्तापक्ष एवं विपक्ष ने अलग अलग अंदाजों में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। सोमवार को कांग्रेस नेत्री सह पूर्व विधायक अमिता भूषण ने कहा कि बजट आनुपातिक रूप से जितना भारी भरकम था। पिछले वर्ष से तकरीबन 38 हजार करोड़ ज्यादा है। यानि 3 लाख 17 हजार करोड़ का उतना ही बिहारवासियों की प्राथमिकताओं क़े लिहाज से हल्का। रूटीन घोषणाओं के अलावा इसमें आम लोगों क़े जीवन में तात्कालिक सुधार की नितांत आवश्यकताओं की कोई चर्चा नहीं दिखती। बेतहाशा मंहगाई के बीच वृद्धजनों, दिव्यांगो और महिलाओं की गिरती आर्थिक हालत में उन्हें 400 की जगह 1500 रुपया कम से कम मासिक पेंशन की जरूरत है। ताकि वो अपनी न्यूनतम जरूरत पूरी कर सकें जिस पर कोई चर्चा नहीं। बढ़े हुए बिजली दरों में कोई राहत नहीं दी गईं। बेरोजगार सार्वजनिक तौर पर डिग्री लेकर घूम रहे हैं। उन्हें प्रधानमंत्री की तरह अपनी डिग्री दिखाने में कोई संकोच भी नहीं है। वित्तमंत्री और मुख्यमंत्री ने बजट में बेरोजगारों के लिए किसी तरह के प्रयासों पर मुंह नहीं खोला। रूटीन और पिछले कई बजट सत्रों से पुनरावृत की जा रही घोषणाओ, जैसे कोल्ड स्टोरेज, बस स्टैंड, हवाई अड्डा जैसी हवाई घोषणाओं क़े अतिरिक्त नया कुछ भो नही है। इसके लिये शोध की जरूरत है। किसान यूरिया की कालाबाजारी और किल्लत से जूझ रहे हैं। अभी तक पुरानी घोषित हवाई अड्डे चालू होने का इंतजार कर रहे हैं। इधर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष ने इस बजट की सराहना करते हुए कहा कि बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जो बजट पेश किया वो आम लोगों के जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया हुआ है जिसमे प्रमुख शहरों में कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास का निर्माण होगा। 358 प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोले जाएंगे। बड़े अनुमंडलों में रेफरल अस्पताल का निर्माण होगा। 108 नगर चिकित्सा सुविधा केंद्र खुलेंगे। सभी प्रमंडालों में कैंसर अस्पताल खुलेंगे। बेगूसराय में कैंसर अस्पताल बनेगा। पिछड़ों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति दोगुनी की जाएगी। एससी एसटी की छात्रवृत्ति दोगुनी होगी। प्रत्येक प्रखंड में आउटडोर स्टेडियम बनेंगे। साइबर अपराध रोकने के लिए डेटा सेंटर बनाये जाएंगे। प्रमुख शहरों में पिंक बस चलेंगे, इसमें चालक और कंडक्टर महिला होंगी। नहर के किनारे सोलर प्लांट लगेंगे। इसके लिए 25 करोड़ का फंड बनेगा। होम स्टे योजना को बढ़ावा दिया जायेगा। महिला गाइड बहाल होंगे। पूर्णिया हवाई अड्डे से अगले तीन महीने में उड़ान शुरू हो जायेगा। बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा शिक्षक नेता डॉ सुरेश प्रसाद राय ने कहा कि बिहार विधानमंडल में वित्त मंत्री सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा प्रस्तुत बिहार बजट 2025 स्वागत योग्य है। जहां सभी लोगों के सम्यक विकास का समावेश है। वहीं दूसरी ओर महिलाओं एवं युवाओं के हित को प्राथमिकता दी गई है। जिले में प्रस्तावित कैंसर अस्पताल और राज्य के 368 प्रखंडों में डिग्री कॉलेज की स्थापना का निर्णय भी प्रशंसनीय है। राज्य में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु 100 करोड़ रुपए की लागत से बिहार क्लीन एयर ट्रांसफर्मेशन परियोजना की क्रियान्वयन का निर्णय शायद देश का अनोखा निर्णय है। उलाव हवाई अड्डा के विकास का निर्णय और दिनकर विश्वविद्यालय की स्थापना का निर्णय न होने से बेगूसराय जिला वासियों को थोड़ी मायूसी हुई है। इस संतुलित बजट के लिए बिहार सरकार के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

## अपने सहपाठी के परिजनों से मिले राज्यपाल

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शहर के धरमपुर में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान का निजी कार्यक्रम के तहत धरमपुर चकनूर रोड स्थित अपने पुराने साथी के यहां आगमन हुआ। इस अवसर पर उनके अगवानी के लिए समस्तीपुर मेयर अनीता राम समेत काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। इस दौरान उन्हेंाने अपने पुराने परिचित और अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में सहपाठी रह चुके स्वर्गीय प्रोफ़ेसर मसरूर अहमद के परिजनो से मुलाकात की। ज्ञात हो स्वर्गीय प्रो. मसरूर अहमद बिरौली कॉलेज के प्रोफ़ेसर रह चुके हैं वर्ष 2019 में उनका निधन हो गया था। इस अवसर पर नगर निगम की मेयर अनीता राम पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मीडिया से बात चीत करते हुए उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा के बिहार में उच्च मानकता वाले संस्थान का खुलना आवश्यक है।

## एक नजर

### पांच वर्ष के सश्रम कारावास की सजा

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** संजय कुमार द्वितीय विशेष न्यायाधीश उत्पाद अधिनियम न्यायालय संख्या 02 ने उत्पाद बाद संख्या 488 वर्ष 2019 की सुनवाई पूरी करते हुए उसमें बनाए गए अभियुक्त बसराज पासवान पिता स्वर्गीय पलक पासवान निवासी ग्राम बलुआही वार्ड संख्या 10 थाना मोहद्दीनगर जिला समस्तीपुर को धारा अंतर्गत 30 मे बिहार मध्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 में दोष सिद्ध करते हुए 5 वर्ष का सश्रम कारावास और 100000 की आर्थिक जुर्माना की सजा सुनाई। अभियुक्त पर आरोप था कि अपने निवास स्थान ग्राम बलुआही वार्ड संख्या 10 थाना मोहद्दीनगर जिला समस्तीपुर में खपरपोश घर के आंगन में 15 लीटर के प्लास्टिक के जर्किन में 10 लीटर अवैध चुलाई शराब रखे हुए था जिसे छाप दल द्वारा बरामद किया गया और घटनास्थल पर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया था। अभियोजन की ओर से पंकज कुमार उत्पाद अधिवक्ता एवं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता गणेश मिश्रा ने विद्वान न्यायालय में अपना अपना पक्ष रखा।

### हत्या की प्राथमिकी दर्ज

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हसनपुर बागर के बाइक मिस्त्री मो नसीम के शव बरामदगी के संबंध में मृतक की पत्नी अमीना खातुन ने थाने में आवेदन देकर अज्ञात व्यक्ति पर हत्या कर लाश गेहूं के खेत में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उसने दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि उसका पति 26 फरवरी को घर से काम करने निकला था। उस दिन वह काम करके घर वापस नहीं गया। उसके घर नहीं जाने पर सगे संबंधियों के यहां इसकी तलाश की गई। 28 फरवरी को सूचना मिली कि एपीएस +2 स्कूल नावकोठी के खेल मैदान के उत्तर में गेहूं के खेत में एक व्यक्ति की लाश है। सूचना पाकर उक्त स्थल पर गई। वहाँ जाने पर मेरे पति की ही लाश थी। मुझे विश्वास है कि कोई व्यक्ति बाइक मरम्मत करने के लिए उसे बुलाया। बाइक मरम्मत करने के बाद मजदूरी के पैसे मांगने पर विवाद हुआ होगा। आक्रोशित होकर उसने मेरे पति की हत्या कर साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को गेहूं के खेत में फेंक दिया। थानाध्यक्ष कांड अंकित कर प्रत्येक पहलू पर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया।

### वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विशेष समकालीन अभियान के तहत विभिन्न गांवों से तीन वांछित को नावकोठी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रभारी थानाध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने बताया कि गिरफ्तार वांछित पहसारा के विनोद सिंह, बमबम सिंह तथा देवपुरा के चंदन कुमार है। विनोद सिंह नालिसी वाद संख्या 1161/09 का नामजद था। वही बमबम सिंह शराब के नशे में राहगीरों के साथ बदसलूकी कर रहा था। चंदन कुमार नावकोठी थाना कांड संख्या18/25 का प्राथमिकी नामजद था। नशेड़ी बमबम सिंह के विरुद्ध उत्पाद एवं मद्यनिषेध अधिनियम के तहत सूचना दर्ज किया गया है। तीनों गिरफ्तार वांछित को न्यायालय में उपस्थापित किया गया। इस गिरफ्तारी में प्रभारी थानाध्यक्ष अरविंद शुक्ला, एस आई अनिल कुमार सिंह, विश्वजीत कुमार, रंजीत कुमार व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### बंध्याकरण शिविर का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** परिवार विकास कार्यक्रम के तहत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर सह अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र देवपुरा में सोमवार को बंध्याकरण शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में डॉ हिमांशु कुमार ने 13 महिलाओं का बंध्याकरण व दो पुरुष का नसबंदी ऑपरेशन किया गया।डॉ चंदन कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रखंड के विभिन्न गांवों से शिविर में आई 13 महिलाओं व दो पुरुष का नसबंदी किया गया। ऑपरेशन से पूर्व हेमोग्लोबीन, डायबिटीज, ब्लडप्रेशर सहित अन्य पैथोलॉजिकल जांच एल टी पंकज कुमार जोशी ने किया। ऑपरेशन उपरांत आवश्यक दवा एवं परामर्श दिया गया।

## चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के साथ बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेनीपुर (दरभंगा)।** अनुमंडल कार्यालय में सोमवार को एसडीओ शंभूनाथ झा की अध्यक्षता में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रखंड अध्यक्षों की बैठक हुई। 90 वर्ष से अधिक उम्र के वोटरों का भौतिक सत्यापन करने, नए वोटरों के नाम जोड़ने तथा मृतक का नाम विलोपित व शुद्धि करवाने में सहयोग करने की बात कहीं। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह पप्पू ने कहा कि अलीनगर विधानसभा क्षेत्र में 14 मतदान केंद्र के गरीब गुरवा वोटरों को अपने घरों से 8 से 10 किलोमीटर दूरी तय कर वोट डालने जाना पड़ता है। जबकि सरकारी भवन और बूथ के सभी मानक पूरा करने वाला जगह पर बूथ बनाने की बात को उठाया। इस दौरान संबंधित निर्वाचन निबंध अधिकारी आनंद उत्सव ने कहा कि मतदान केंद्र बनाने के लिए जिला के में प्रस्ताव भेजा गया था जिसकी स्वीकृति नहीं होने की बात कही गई। बैठक में बेनीपुर, अलीनगर, घनश्यामपुर, बिरौल, बहेड़ी के बीडीओ प्रवीण कुमार, बीपीआरओ रमेश झा, बीसीओ, बेनीपुर राजद प्रखंड अध्यक्ष नीलांबर यादव आदि शामिल थे।

## सिमरिया धाम में श्रद्धालुओं के साथ मारपीट व गोलीबारी

### लुटेरों और होमगार्ड जवानों के बीच हुई मुठभेड़ में कई राउंड गोली चली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बीहट।** चकिया थाना क्षेत्र के सिमरिया गंगातट पर लुटेरों ने आगंतुक परिवार के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया। बचाव में पहुचे ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड के जवानों पर अपराधियो ने गोलीबारी की।

घटना की सूचना पाकर चकिया थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। अंधेरे का लाभ उठाकर अपराधी भाग निकले। रविवार की रात दरभंगा जिले के अहिलवारा से श्राद्धकर्म के लिए सिमरिया गंगातट पर पहुंचे थे। लोगों के साथ बदमाशों ने लूटपाट की नीयत से फायरिंग की। पीड़ित लोगों के द्वारा शोर मचाने पर उसी जगह ड्यूटी पर मौजूद होमगार्ड जवान घटना स्थल पर पहुंचे तो बदमाशों ने पुलिस पर भी गोली चला दी। जवाब में जब पुलिस की ओर से भी गोली चलाई गई तो सभी बदमाश हवाई फायरिंग करते हुए भाग निकले। इस घटना में किसी को हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना को लेकर पीड़ित परिवार के द्वारा चकिया थाना में आवेदन दिया गया। पीड़ित परिवार की ओर से राजेश कुमार पासवान व नीलेश कुमार ने बताया कि उनके ही पड़ोस के गणेशी पासवान की पुत्री काजल कुमारी के निधन के बाद वे लोग 25-30 की संख्या में श्राद्धकर्म के लिए रविवार की रात 10 बजे सिमरिया गंगातट पहुंचे थे। इसमें महिलाएं व बच्चें भी शामिल थे। बताया कि श्राद्धकर्म में शामिल कुछ लोग शौच के लिए रात को करीब दो बजे सिक्सलेन सड़क पुल के नीचे गये तो इसी दौरान बदमाशों ने उनके साथ लूटपाट करने की कोशिश की। पीड़ित लोगों ने बताया कि बदमाशों के द्वारा करीब छह राउंड गोली चलाई गई। जबकि पुलिस की ओर से सात राउंड फायरिंग की गई। पीड़ित परिवार के लोगों ने बताया कि घटना के बाद पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंची थी लेकिन तब तक बदमाश भाग चुके थे। दूसरी ओर स्थानीय लोगों ने रविवार की रात में ही अन्य राहगीरों के साथ भी लूटपाट कर मोबाइल, जेवरात व नगद रुपए छिनतई करने की बातें कही गई है। इस संबंध में जब चकिया थाना थाना प्रभारी नीरज कुमार चौधरी से बात की गई तो उन्होंने इस घटना की जानकारी नहीं होने की बातें कही।

## कॉलेज गेस्ट टीचर करेंगे प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिले के सभी कॉलेजों में कार्यरत अतिथि सहायक प्राध्यापक समायोजन की मांग को लेकर 7 मार्च को पटना में धरना देंगे। कार्यक्रम की सफलता के लिए लनामिवि के कॉलेजों में बैठक की जा रही है। सोमवार को गणेश दत्त महाविद्यालय में अतिथि सहायक प्राध्यापकों की बैठक हुई। इसमें प्राध्यापकों ने सात मार्च को पटना के गर्दनीबाग स्थित धरना स्थल पर धरना देने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता डॉ. प्रीतम कुमार ने की। उन्होंने कहा कि अतिथि सहायक प्राध्यापक कई माह से सेवा नियमितीकरण की मांग को लेकर प्रयासरत हैं। सरकार के विभिन्न मंचों पर अपनी आवाज उठाते रहे हैं। महाविद्यालय संघ के उपाध्यक्ष डॉ. मो. अब्दुल्लाह ने कहा उनके सेवाकाल का छह वर्ष से अधिक हो चुका है। छह वर्ष पूर्व जब नियुक्ति की गई थी। तब कॉलेजों में नाम मात्र के वरीय शिक्षक थे। पठन पाठन बिल्कुल ठप था। उनके योगदान के बाद विश्वविद्यालयों को नया जीवन मिला और पठन पाठन सहित कॉलेजों की अन्य गतिविधियां शुरू हो सकी। संघ के सचिव डॉ. अभिषेक कुमार ने कहा अतिथि सहायक प्राध्यापकों के आने से महाविद्यालय में पठन पाठन का माहौल बना है।

## विधायक ने अपने क्षेत्र की समस्याओं से सदन को कराया अवगत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केवटी (दरभंगा)।** केवटी विधायक डॉ मुरारी मोहन झा ने बिहार विधानसभा के बजट सत्र के दूसरा दिन तारांकित, शून्यकाल, निवेदन, ध्यानाकर्षण एवं याचिका प्रश्नों के माध्यम से अपने विधानसभा क्षेत्र के कई जनहित मुद्दों को लेकर सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। तारांकित के माध्यम से बरही उच्च विद्यालय का अपना भवन नहीं रहने के कारण वर्ग संचालन में हो रही कठिनाइयों का मुद्दा उठाया, बिहार के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में 16 वर्ष से अनवरत कार्य कर रहे शिक्षा सेवक एवं तालीम मरकज को मिल रहे 22000 रुपया मासिक मानदेय में जीवन यापन करना मुश्किल हैं तारांकित प्रश्न के माध्यम से वेतनमान देने की सरकार से मांग की,शून्यकाल के माध्यम से प्रदेश के सभी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक, शिक्षिका एवं कर्मचारियों का ऐप के माध्यम से बन रहे ऑनलाइन हाजरी में कभी कभी तकनीकी खराबी होने के कारण उपस्थिति दर्ज नहीं हो पाती हैं, और कर्मियों का वेतन कट जाता हैं। प्रश्न के माध्यम से सरकार से आग्रह किया कि पहले की तरह भौतिक उपस्थिति के आधार पर ही वेतन भुगतान करने की मांग की।

## एक दूसरे के सुख दुःख के सहभागी बनें सत्संगी : बिंकी दा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** ठाकुर के शरण में मिलती है आत्मिक संतुष्टि। दुर्बलता में घिरकर ठाकुर तक पहुंचना असंभव है। उक्त बातें परम प्रेममय श्री श्री ठाकुर अनुकूलचंद्रजी के 137वें जन्म महोत्सव सह विराट सत्संग के आचार्यदेव के आदेश से पधारे पूजनीय बिंकी दा ने अपने सुदीर्घ उद्बोधन में कहीं। आगे उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक चेतना के सम्यक विकास के लिए श्री श्री ठाकुर के चरणों में शरणागत ही एकमात्र सुगम मार्ग है। साथ ही उन्होंने कहा कि सारे भेदभाव भूलाकर पुरुषोत्तम के लिए समर्पित होने का निहितार्थ ही होना चाहिए मानव जीवन का परम लक्ष्य। मातृ, युवा एवं बाल सम्मेलन में दूर-दूर से आए सत्संगियों ने अपनी सक्रिय सहभागिता प्रदान की। नटराज डांस एकेडमी की मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी भावविभोर हो गए। कालीकांत दा के आकर्षक संचालन में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में लगभग दस हजार लोगों ने आनंद बाजार में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोगों क्रमशः कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.लक्ष्मी निवास पाण्डेय, पूर्व विधान पार्षद डॉ. दिलीप चौधरी, युवराज कुमार कपिलेश्वर सिंह, डॉ. आर. बी. खेतान, प्रो. जयशंकर झा, डॉ. मित्रनाथ झा, डॉ. अंजू अग्रवाल अंतरराष्ट्रीय पैरा साईकलिस्ट जलालुद्दीन को परम प्रेममय श्री श्री ठाकुर के आशीर्वाद स्वरूप चादर,पुष्पगुच्छ एवं ठाकुर जीवन दर्शन पर केंद्रित पुस्तक भेंट की गई।

## बच्चों के विकास में स्कूल की है अग्रणी भूमिका : प्रो. प्रीतम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बरौनी।** बरौनी प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत पिपरा देवस बाबा स्थान स्थित रविवार को महामना नॉलेज हेरिटेज स्कूल का वार्षिकोत्सव धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ मुख्य अतिथि आई आई टी पटना के प्रोफ़ेसर प्रीतम कुमार, डॉ सौरव कुमार, डॉ राजीब कुमार पाण्डेय एमएनएनआईटी के प्रोफ़ेसर डॉ बसंत कुमार एवं विद्यालय के प्राचार्या मीनाक्षी भारती ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के प्रारंभ गणेश वंदना से किया गया। बच्चों ने संगीत नाट्य के माध्यम से बिहार की अलग-अलग सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि आईआईटी पटना के प्रोफ़ेसर प्रीतम कुमार ने बताया की बच्चों के चहुमुखी विकास में स्कूल की अग्रणी भूमिका होती है। विद्यालय में ही बच्चों को इस स्तर की पढ़ाई सुनिश्चित हो की उन्हें जेल ई ई एवं नीट में सफलता प्राप्त कर सके। वहीं विशिष्ट अतिथि डॉ सौरव कुमार पाण्डेय ने बताया की तकनीकी शिक्षा जरुरी है एवं बच्चों को आई आई टी जैसे संस्थान में मार्गदर्शन के लिए समय-समय पर विजिट करते रहे। डॉ राजीब झा ने बच्चों को विद्यालय में ही रोबोटिक, ए. आई. एवं अन्य तकनीकी दक्षता देने की बात कही। कार्यक्रम में 9 फरवरी को आयोजित प्रतिभा खोज परीक्षा-2025 एवं साइंस ओलिंपियाड के सफल छात्र - छात्राओं को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कृत किया गया। धन्यवाद ज्ञापन लाइफलाइन हॉस्पिटल के निदेशक डॉ हेमंत कुमार ने किया। कार्यक्रम का संचालन पुरषोत्तम कुमार, वंदना कुमारी, सिद्धार्थ एवं ऋषि ने किया। मौके पर रेलवे इंटर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य सच्चिदानंद सिंह निरंजन प्रसाद थे।

**पूर्व रेलवे**

**सूचना संख्या: सिग_डब्ल्यू_5_पॉलिसी, दिनांक: 27.02.2025।** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, पो.ऑ.: झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **ई-निविदा संख्या: एमएलडीटी_एसएनटी_24-25_26_ओटी। कार्य का नाम:** मालदा मंडल के सम्बन्ध में एस एंड टी कार्य- ट्रैक मशीन साइडिंग्स- 27 अदद। **निविदा मूल्य:** ₹ 6,85,18,604.94। **बयाना राशि:** ₹ 4,92,600। **ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समय:** 07.03.2025 से 21.03.2025 को सुबह 11.00 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्ट का स्थान: www.ireps.gov.in।** सूचना पट्ट का स्थान: वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, डीआरएम बिल्डिंग, मालदा का कार्यालय।

(MLD-236/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना संख्या: 68-एसडीएसटीई-एएसएन-2024-25, दिनांक: 28.02.2025।** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम/स्थान:** आसनसोल मंडल: ज़रूरत के दौरान इस्तेमाल के लिए सुरक्षा उपकरणों को रखने हेतु आसनसोल मंडल के सभी स्टेशनों के दोनों छोर पर लोकेशन बॉक्स का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹ 59,57,846.26। **बयाना राशि:** ₹ 1,19,200। **कार्य पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 180 दिन। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 25.03.2025 को दोपहर 2.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** **http://www.ireps.gov.in।**

(ASN-360/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# सीएम द्वारा 935 करोड़ की राशि की घोषणाओं को मिली स्वीकृति

## रेहल से रोहतासगढ़ किला होते हुए चौरासन मंदिर तक पथ का किया जाएगा निर्माण : डीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**सासाराम।** रोहतास जिला में अपनी प्रगति यात्रा के दौरान जिन योजनाओं की घोषणाएं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने की। उसको लेकर जिला पदाधिकारी उदिता सिंह ने संवाददाता-सम्मेलन में जानकारी देते हुए कहा कि रेहल से रोहतासगढ़ किला होते हुए चौरासन मंदिर तक पथ का निर्माण किया जाना है जिसकी लागत 66.89 करोड़ रूपये है। इसी तरह संझौली प्रखंड के बाजीतपुर में काव नदी पर पुल का निर्माण किया जाना है जिसकी लागत कुल 7.11 करोड़ रूपये है जबकि कुदरा-चेनारी-मल्हीपुर पथ की चौड़ीकरण हेतु 147.00 करोड़, करगहर-बड़हरी-धर्मपुरा पथ के चौड़ीकरण एवं जीर्णोद्धार हेतु 41.32 करोड़, बरांव-जहानाबाद पथ के जीर्णोद्धार एवं चौड़ीकरण के लिए 56.49 करोड़, इंद्रपुरी जलाशय के पास पर्यटन हाट के निर्माण हेतु 27.53 करोड़, डिहरी में औद्योगिक विकास हेतु 6.4595 करोड़, कोचस में पुराने बस पड़ाव की जगह नये बस पड़ाव के निर्माण के लिए 3.3099 करोड़, पुरानी जीटी रोड से बबुरा मुख्य नहर पथ के जीर्णोद्धार एवं चौड़ीकरण के लिए 09.01 करोड़, नोखा-नासरीगंज पथ में सोन नहर पर उच्चस्तरीय आरसीसी पुल के निर्माण के लिए 26.77 करोड़, डिहरी-अकोढ़ीगोला-तेतराढ़-राजपुर पथ, आयरकोठा-अकोढ़ीगोला-अमरा तालाब पथ की चौड़ीकरण एवं डिहरी ऑन-सोन अंतर्गत अकोढ़ीगोला बाईपास पथ निर्माण के लिए 265.95 करोड़, करगहर, डिहरी, दावथ, दिनारा, नासरीगंज, नोखा, नवहट्‌टा, सूर्यपुरा, शिवसागर तथा चेनारी प्रखंडों में नये प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन तथा काराकाट एवं तिलौथू में प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर के निर्माण हेतु 217.21 करोड़, डिहरी - बिक्रमगंज - दिनारा पथ के दिनारा बाजार भाग तथा नटवार भाग बाजार में नाला का निर्माण के लिए 5.99.करोड़ तथा कोचस में आरा-मोहनिया पथ पर बाईपास के निर्माण हेतु 54.09 करोड़ की राशि खर्च की जायेगी। जिला पदाधिकारी ने बताया कि कुल चौदह योजनाओं में 935.1294 करोड़ राशि खर्च होगी। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं को मूर्तरूप देने के लिए जिला प्रशासन इस दिशा में तेजी से काम कर रहा है। इससे जिले के लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी और रोजगार की संभावनाएं बढेंगी। जिले के लोगों को एक जगह से दूसरी जगह जाने में भी कम दूरी तय करनी पड़ेगी क्योंकि योजनाओं में शामिल सड़कें स्टेट हाइवे तथा नेशनल हाइवे से भी जुड़ेंगी। संवाददाता-सम्मेलन में जिला पदाधिकारी के साथ उप विकास आयुक्त विजय कुमार पाण्डेय, जिला पंचायतीराज पदाधिकारी रविकांत सिन्हा तथा डीपीआरओ आशीष रंजन भी उपस्थित रहे।

# सीएम की घोषणाओं को मूर्त रूप देने की पहल शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भभुआ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जिले में प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं एवं उनके मूर्त रूप होने से जिले में विकास की क्या संभावना हो सकती है के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से अवगत कराया गया। समाहरणालय के मुंडेश्वरी सभागार में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में जिलाधिकारी सावन कुमार ने बताया कि प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा जिले की कुल 12 घोषणाएं की गई थी जिनमें पांच घोषणाओं की स्वीकृति 25 फरवरी 2025 के कैबिनेट में दे दी गई है। उन्होंने बताया कि 25 फरवरी 2025 के कैबिनेट के बैठक में कैमूर जिले के पांच योजनाओं की स्वीकृति दी गई है जिसमें स्वास्थ्य विभाग की कैमूर जिले में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के निर्माण एवं जिला अस्पताल के सुदृढ़ीकरण हेतु कर 402 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार खेल विभाग के अंतर्गत कैमूर जिला के भगवानपुर प्रखंड में स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के निर्माण हेतु कुल 37 करोड़ 11 लाख 15 हजार रुपए मात्र के तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन पर प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। उन्होंने बताया कि जल संसाधन विभाग के अंतर्गत कैमूर जिला अंतर्गत सोन कोहिरा लिंक सिंचाई योजना जिसमें 154 करोड़ 54 लाख 28 हजार रुपया सन्निहित है कि प्रशासनिक एवं व्यय की स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार जल संसाधन विभाग के अंतर्गत कैमूर जिला अंतर्गत जमानिया से कक्रेट गंगाजल उद्धव सिंचाई योजना जिसमें 528 करोड़ 44 लाख 37 हजार रुपए सन्निहित है, कि प्रशासनिक एवं व्यय की स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अंतर्गत कैमूर जिला अंतर्गत भूजल की अनुपलब्धता से प्रभावित अधौरा प्रखंड अंतर्गत 6 पंचायत के 35 वार्डों में पेयजल आपूर्ति की वर्तमान व्यवस्था की सुदृढ़ीकरण हेतु सोन नदी के सतही जल के उपयोग एवं दुर्गावती नदी के सतही जल के उपयोग से बहू ग्रामीण जलापूर्ति योजना के निर्माण तथा 5 वर्षों तक रखरखाव एवं परिचालन हेतु योजना की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त अधौरा प्रखंड में डिग्री कॉलेज के निर्माण हेतु 14 करोड़, मोहनियां में बाईपास के निर्माण हेतु 11 करोड़ तथा कैमूर जिले में प्रेक्षागृह के निर्माण हेतु 25 करोड़ की राशि का अनुमोदन दिया गया है। पर्यटन की असीम संभावनाओं को देखते हुए जिले के अधौरा पहाड़ स्थित पर्यटन स्थल करकटगढ़, तेल्हारकुंड, बंशीखोह एवं जगदवा नेचर सर्किट में पर्यटक सुविधाओं के विस्तार हेतु 38 करोड़ 45 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है।

# अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने शशांक शिव शेखर



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी संघ रोहतास के अंतर्गत डिहरी अनुमंडल कमेटी का चुनाव मध्य विद्यालय भड़कुड़िया दक्षिणी डिहरी के प्रांगण में अनुमंडल स्तरीय सम्मेलन आयोजित कर कराया गया चुनाव पर्यवेक्षक जितेंद्र कुमार अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी रोहतास एवं लाल बाबू राम, उप प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक सासाराम के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ जिसमें संघ के जिला उपाध्यक्ष चंद्रमा प्रसाद एवं जिला सचिव दिलीप कुमार मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनार्दन पासवान एवं संचालन राजकुमार पासवान प्रखंड सचिव तिलौथू ने किया जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर पुनः शशांक शिव शेखर प्रसाद एवं सचिव शशि कुमार को चुना गया तथा उपाध्यक्ष पद पर बबीता कुमारी एवं रामसनेही राम संयुक्त सचिव नीरज कुमार एवं अर्जुन चौधरी कोषाध्यक्ष दिनेश पासवान, अंकेक्षक संजय कुमार चौधरी, प्रचार सचिव संजीत कुमार एवं धनंजय कुमार को प्रचार सचिव के साथ-साथ सोशल मीडिया का भी प्रभारी बनाया गया।

# बिहार में जनता सरकार को बदलने के मूड में : सुरेश पासवान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** वर्ष 1974 आंदोलन की उपज बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाडला बोलकर बालक को चुप रहने का संकेत दे दिया। बिहार में चुनावी वर्ष की शुरुआत हो चुकी है। नीतीश कुमार का यह हाल चुनाव बाद वही होगा जो महाराष्ट्र के चुनाव के बाद हुआ था। यह बातें पूर्व पर्यटक मंत्री व राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सुरेश पासवान ने पत्रकार वार्ता में व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अब बिहार में जनता सरकार को बदलने के मूड बना लिया है। नीतीश जी को एनडीए इस बार के चुनाव में सीएम चेहरा घोषित नहीं करने के पीछे उनकी 20 वर्षों की राजनीति पर बड़ा प्रश्न खड़ा कर दिया है। समय रहते नीतीश जी को सावधान हो जाना चाहिए। वे रोहतास जिले के कल्याणपुर बंजारी और कच्छुहर, बौलिया माइंस के मजदूरों की व्यथा सुनाने के बाद डिहरी पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि उन मजदूरों का बकाया और पीएफ की राशि कंपनी नहीं दे रही है जिस भूमि पर वे लोग वर्षों से रह रहे हैं उसे भूमि को भू -माफियाओं के हाथों बेचा जा रहा है। मजदूरों के हक के लिए लंबी लड़ाई जारी रहेगी। बिहार हिंद मजदूर सभा के वरिष्ठ नेता नागेश्वर ने कहा कि कल्याणपुर बंजारी, कछुआ और बौलिया के मजदूरों की मांग को लेकर कंपनी के अधिकारियों से वार्ता हुई है। उनके हक को पूरा करने के लिए फिर से जांच बैठाई जाएगी और किन-किन लोगों का बकाया और पीएफ नहीं मिला है उसे दिया जाएगा। मजदूरों का कहना है कि सभी बकाया मिलने पर हम लोग बसे हुए भूमि से हट जाएंगे। प्रश्न-क्या सीएम के पुत्र निशांत को राजनीति में आना चाहिए। सुरेश पासवान ने कहा कि बिल्कुल आना चाहिए, लेकिन बीजेपी इसे नहीं चाह रही है। आज बिहार की हालत अपराध के मामले में बहुत खराब है। यह लोग 2005 के रट लगाए हुए हैं। अभी क्या हालत है बिहार का उसे नहीं देख रहे हैं। मखाना मामले में तो प्रधानमंत्री ने लंबी चौड़ी भाषण बिहार से देकर चले गए हैं, लेकिन गन्ना के ऊपज से बनने वाली गुड़ की कारखाने की क्या हालत है इस पर वे एक शब्द भी नहीं बोल पाए। डालमियानगर में 1933 का गुड़, सुगर कारखाना बंद पड़े केंद्र सरकार का मुंह चिढ़ा रही है। इस अवसर पर राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश नेता सह मुख्य पार्षद प्रतिनिधि गुड्डू चंद्रवंशी भी मौजूद रहे।

# कॉलेज कर्मियों की बैठक में आर्थिक स्थिति पर चर्चा

**कुदरा (नबिटा सं.)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जगदेव मेमोरियल कॉलेज के सभा भवन में सोमवार को कॉलेज कर्मियों की बैठक हुई जिसमें उनके आर्थिक स्थिति पर चर्चा किया गया। बैठक की अध्यक्षता शिक्षक प्रतिनिधि प्रो. नरेंद्र कुमार सिंह व संचालन प्रो. उदय नारायण सिंह ने किया। बैठक में कर्मियों ने कॉलेज प्रशासन से वेतन में वृद्धि करने व वार्षिक वृद्धि समेत कई मांगे मांगी। कर्मियों ने कहा कि कॉलेज में जो वेतन मिल रहा है उससे अपना खर्चा चलना मुश्किल है जिसके चलते बच्चों की पढ़ाई, इलाज व रोजमर्रा की सामग्री की खरीदारी के लिए कर्जा लेना पड़ रहा है। कर्मियों ने बताया कि मांगों से सम्बंधित ज्ञापन कॉलेज के प्राचार्य को दिया जाएगा। बैठक परीक्षा नियंत्रक प्रो. दामोदर शर्मा, प्रो.परमहंस सिंह, प्रो. महेंद्र कुमार सिंह, प्रो. लल्लू प्रसाद सिंह, प्रो. अरुण कुमार सिंह, प्रो. अजहर अली, प्रो. उदय प्रकाश सिंह, प्रो. इमरान अंसारी, प्रो. वेद प्रकाश वर्मा, प्रो. हरिद्वार सिंह, प्रो. डॉ. पूनम कुमारी, कमल कुमार, कुंदन मौर्या, सावंत कुमार, गंगा पाल, दिनेश सिंह समेत दर्जनों कर्मी उपस्थित थे।

# होली व रामनवमी में विधि व्यवस्था को ले आरोपितों पर करें निरोधात्मक कार्रवाई : डीआइजी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र के चारों जिलों रोहतास, भोजपुर, बक्सर, कैमूर में होली व रामनवमी में विधि व्यवस्था संधारण को ले आरोपितों पर निरोधात्मक कार्रवाई करने व शराब तस्करों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। मुख्यालय ने होली को लेकर पुलिस कर्मियों की छुट्टी रद्द कर दिया गया है। डीआइजी डॉ सत्यप्रकाश के अनुसार प्रक्षेत्र के चारों जिलों के एसपी को कहा गया है कि मार्च माह में होली, ईद व इसके बाद रामनवमी त्योहार पर पर्व के दौरान विधि व्यवस्था प्रभावित करने वाले लोगों पर अभियान चलाकर निरोधात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा है कि पुलिस हमला, प्रशासनिक कार्य में बाधा डालने वाले असामाजिक तत्वों पर बी एन एस 126 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि प्रक्षेत्र की भौगोलिक स्थिति यूपी व झारखंड की सीमा से लगता है जहां शराब पर प्रतिबंध नहीं है। होली के मौके पर शराब तस्करों पर कार्रवाई सुनिश्चित किया जाए। जेल से रिहा हुए शराब तस्करों की सूची बनाकर उनकी गतिविधियों की जांच कर कार्रवाई किया जाए। उन्होंने कहा कि इस पर्व को लेकर चारों जिलों में चल रहे अभियान की वे स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पर्व को लेकर थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित किया जाए।

# पर्व को लेकर सद्‌भावना समिति का गठन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अकोढ़ीगोला (रोहतास)।** रोहतास जिलाधिकारी के आदेश पर आगामी आने वाले पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर जिले के विभिन्न पंचायत में पंचायत स्तरीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर सद्‌भावना समिति का गठन किया जा रहा है। इस संबंध में अकोढ़ीगोला प्रखंड के अकोढ़ी पंचायत सरकार भवन पर अकोढी और बराढी के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था पर चर्चा की गई तथा सद्‌भावना समिति का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी जितेंद्र कुमार ने की। उन्होंने बताया कि आगामी पर्व को लेकर पंचायत स्तर पर सद्‌भावना समिति का गठन किया जा रहा है जिसमें सभी समुदाय के लोग तथा जनप्रतिनिधियों से साथ मिलकर समिति का गठन कर विवादित स्थल तथा आगामी पर्व को शांतिपूर्ण मनाने को लेकर सुझाव लिए गए। बैठक में पंचायत की जनप्रतिनिधि के साथ-साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, स्थानीय थाने की पुलिस सहित अन्य अधिकारियों ने हिस्सा लिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य सद्‌भावना समिति का गठन विधि व्यवस्था की समीक्षा तथा आपसी भाईचारा है। सद्‌भावना समिति में सामाजिक कार्यकर्ता सहित सभी समुदाय के जनप्रतिनिधि तथा पूजा कमेटियों के सदस्य भी रहेंगे तथा विवादित स्थल का चयन करना तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर स्थानीय थाना या अधिकारियों को सूचना देंगे। बैठक एवं गठन के समय पंचायत के सभी समुदाय के लोग पूजा कमेटी तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# कैमूर के डीएम को लोकसभा आम चुनाव में वित्तीय अनुशासन के लिए प्रशस्ति पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** बिहार के मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा द्वारा सावन कुमार जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला दंडाधिकारी कैमूर को लोकसभा 2024 आम चुनाव के दौरान चुनावी प्रबंधन प्रथाओं में अनुकरणीय वित्तीय अनुशासन का प्रदर्शन करने के लिए प्रशस्ति पत्र दिया गया है। कैमूर के जिलाधिकारी सावन कुमार के नेतृत्व में लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान वित्तीय अनुशासन का पालन करते हुए न्यूनतम खर्च करके बेहतरीन चुनाव प्रबंधन का अनूठा उदाहरण पेश किया गया था। लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान कैमूर जिले ने बेहतरीन कार्मिक प्रबंधन, प्रत्येक स्तर पर समन्वय, पुलिस और प्रशासन के बीच बेहतरीन सामंजस्य एवं समन्वय, जिला स्तर से प्रखंड स्तर तक बेहतरीन समन्वय के साथ-साथ वित्तीय अनुशासन का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया था। जिले के समाजसेवियों तथा गणमान्य व्यक्तियों ने इस प्रशस्ति पत्र के लिए जिला पदाधिकारी को बधाई दिया है।

# सातवीं बार मनन मिश्रा के निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर अधिवक्ताओं में हर्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** भारतीय विधिक परिषद के सातवीं बार अध्यक्ष पद पर मनन मिश्रा को निर्विरोध चुने जाने पर अधिवक्ताओं में खुशी की लहर है, वही डिहरी विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय के नेतृत्व में डिहरी विधिज्ञ संघ के अधिवक्तागण एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपार हर्ष के साथ खुशी जाहिर किये। श्री पाण्डेय ने बताया कि पूरे भारत वर्ष के राज्यों के अधिवक्ता, प्रतिनिधि अपना-अपना समर्थन देकर भारतीय विधिक परिषद् के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिए तथा डिहरी विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष श्री पाण्डेय द्वारा बीसीआई अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा को स्वागत करने हेतु डिहरी विधिज्ञ संघ में आने का आमंत्रण पत्र भेजा है। बीसीआई अध्यक्ष को बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों में संघ के अध्यक्ष उमा शंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय, सचिव रितेश कुमार, उपाध्यक्ष काशी नाथ गुप्ता, मिथिलेश कुमार, खुर्शीद आलम, संयुक्त सचिव कमलेश कुमार, विभूति सर्राफ, दीपक सिंह सहायक सचिव अमरनाथ सिंह, रंजीत दुबे, रामाशीष सिंह कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद पाल कार्यकारिणी धर्मेन्द्र चौबे, गजेन्द्र सिंह, मुकेश पाण्डेय, प्रवीण दुबे, गोपाल राम, रवीन्द्र कुमार, बी.एन. सिंह, बैरिस्टर सिंह, अजय कुमार, ओम प्रकाश पाण्डेय, कमला सिन्हा, सत्यनारायण सिंह, चंद्रमा प्रसाद, मुनमुन पाण्डेय, चन्द्रिका राम, विजय सिंह यादव, नमो नारायण तिवारी, मनीषा दुबे, श्वेता पाण्डेय, दिनेश्वर पासवान, रामाकांत दुबे, बिनोद पाठक, रामनाथ पासवान, विजय अरुण, अनूप राय, वरीय अधिवक्ता सुरेन्द्र राय, अजित सिन्हा, अजय कुमार, मुन्ना दुबे, सुधीर तिवारी, अनु कुमारी, जहांआरा, जावेद फिरोज तैयबी, रामदेव सिंह सहित कई लोगों ने बधाई दी।

# मां सरस्वती देवी पुस्तकालय एवं वाचनालय में 168 छात्रों को मिला कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रमाण पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**तिलौथू (रोहतास)।** प्रखंड के मां सरस्वती देवी पुस्तकालय एवं वाचनालय में संचालित निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण कक्षा के तहत आज 168 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रजनीश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जबकि हाई स्कूल तिलौथू के प्रधानाध्यापक मैकू राम, मंजू देवी, संस्थापक ओम प्रकाश (ओम जी) एवं व्यवस्थापक मिथिलेश विश्वकर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में शिक्षक मो. अफजल, सूरज कुमार एवं अंशु जी की उपस्थिति रही। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह पुस्तकालय बच्चों के भविष्य निर्माण में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने संस्था द्वारा निःशुल्क शिक्षा देने की पहल की भूरी-भूरी प्रशंसा की और इसे समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण बताया।संस्थान के संस्थापक ओम प्रकाश (ओम जी) ने कहा कि इस पुस्तकालय का उद्देश्य सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि डिजिटल युग में छात्रों को तकनीकी शिक्षा से जोड़ना भी है जिससे वे अपने करियर में आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि संस्था बच्चों को 'गोद लेकर' शिक्षित कर रही है। ताकि शिक्षा से वंचित कोई भी छात्र आगे बढ़ने से न रुके। इस अवसर पर छात्रों और अभिभावकों में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले छात्रों ने भी अपने अनुभव साझा किए और इस अवसर के लिए संस्थान को धन्यवाद दिया।


## शपथ पत्र

मैं माही कुमारी, पिता-अमूल सिंह, ग्राम-बभंडी, पो.-जोगिया, थाना-औरंगाबाद मुफ्फसिल, जिला-औरंगाबाद (बिहार) का निवासी हूं। शपथ पूर्वक बयान करती हूं कि मैं उपरोक्त आवासीय पता का स्थायी निवासी हूं और मेरा आधार कार्ड संख्या-3263 2693 3979 है। संदल कुमारी एवं माही कुमारी दोनों मेरा ही नाम है। मैं दोनों नामों से जानी-पहचानी जाती हूं। इस नाम की मेरे गांव में दूसरी कोई महिला नहीं है।

शपथ पूर्वक घोषणा करती हूं कि लिखी गई सारी बातें सही एवं सत्य है। शपथ पत्र संख्या-1163-दिनांक-03/03/25 है।

शपथकर्ता
माही कुमारी


# नारकीय जिंदगी जी रहे हैं वार्ड आठ के निवासी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा।** नगर पंचायत कुदरा के वार्ड नम्बर आठ के निवासी नारकीय जिंदगी जीने को मजबूर हैं। वार्ड में जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है। नाली के अभाव में लोगों के घरों का पानी गलियों में गिरता है जिससे गलियों में हमेशा जलजमाव का नजारा रहता है। वार्डवासियों का कहना है कि कुदरा नगर पंचायत बनने के बाद भी वार्ड आठ का कायाकल्प नहीं हुआ। स्थानीय निवासी नीरज गुप्ता, लालजी सिंह, अरविंद सिंह व विजय पासवान का कहना है कि वार्ड आठ में गंदगी के कारण छोटे-छोटे बच्चों को स्कूल आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। महिलाओं व बच्चियों को घर से बाजार आने-जाने में काफी परेशानी होती है जबकि हैदर अली, बसंत सिंह, राधेश्याम सिंह व गोबिंद सिंह का कहना कि गली व निर्माण के लिए महीनों से जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन किसी ने अभी तक समस्या के समाधान के लिए कोई पहल नहीं किया है जिससे वार्डवासियों में नाराजगी है।


## कार्यालयः- नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर
Email- npsbnagar@gmail.com

पत्रांक 203 — **आम सूचना** — दिनांक 03.03.2025

कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर के सभागार में आज दिनांक 03.03.2025 को Holding Tax से संबंधित प्रशासक न0 पं0, श्री बंशीधर नगर की उपस्थिति में सभी SSPL टीम के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें निर्णय लिया गया की नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर क्षेत्रांतर्गत सभी भवनों/मकानों का स्व–कर निर्धारण प्रपत्र (SAF) भरकर Holding Tax कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है। SAF प्रपत्र नहीं जमा करने पर झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 एवं विभागीय आदेश के आलोक में निम्नलिखित कार्रवाई करने का प्रावधान है :–

1) मांग पत्र निर्गत करना
2) अखबारों में नाम प्रकाशित करना
3) चल–अचल संपति को जब्त करना
4) आपके बैंक खाता को फ्रीज करना

अतः सभी धृतिधारीयों को ताकीद की जा रही है कि 03 दिनों के अन्दर अपना स्व–कर निर्धारण (SAF) प्रपत्र भरते हुए Holding Tax का भुगतान कार्यालय में अथवा SSPL के प्राधिकृत Tax Collector को देना सुनिश्चित करें। अन्यथा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 एवं विभागीय निदेश के आलोक में आपका नाम बकायेदार की श्रेणी में अखबारों में प्रकाशित किया जाएगा एवं आपके विरूद्ध कानून संगत कार्रवाई प्रारंभ करने हेतु नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर बाध्य होगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होगें।

विश्वासभाजन
प्रशासक
नगर पंचायत,श्री बंशीधर नगर

PR 347658 (Urban Development)24-25*D



## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक......................../दिनांक..........................

**आम सूचना**

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि कोई व्यक्ति, किसी नगरपालिका क्षेत्र में, किसी निर्माण या स्थापना या किसी भवन निम्रण का प्रारंभ या स्थायी महत्व की कोई संरचना या विद्यमान भवन का कोई रूपांतरण या बदलाव या अतिरिक्त निर्माण सहित, भवन निर्माण से संबंधित किसी कार्य का निष्पादन, भवन विनियमों के अनुरूपता के सिवाए या अलावा नहीं करेगें। जब तक कि इसकी स्वीकृति सक्षम स्तर से प्राप्त नहीं हो जाती है।

अतः आम नागरिक को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 के धारा 428 के अनुरूप नकसा स्वीकृत करना जरूरी समझे।

सहायक नगर आयुक्त,
मेदिनीनगर नगर निगम।

PR.NO.347570 District(24-25):D



## कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)।
Email: - nphussainabad@gmail.com

ज्ञापांक..................../दिनांक ..............................

अल्पकालिन सैरात/व्यवसायिक वाहन प्रवेश शुल्क बंदोबस्ती की आम सूचना(2nd Call)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत हुसैनाबाद क्षेत्रान्तर्गत सैरात/नगरपालिका व्यावसायिक वाहन शुल्क वसूली हेतु उच्चतम डाकवक्ता के माध्यम से एक वर्ष के लिए 1.04.2025 से बन्दोवस्त की जानी है। डाक की विवरणी निम्नरूपेण है :–

| क्र | डाक की विवरणी | डाक की न्यूनतम राशि | अग्रधन की राशि डाक की न्यूनतम राशि का 10 प्रतिशत आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य है। | डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए आवेदन जमा करने की तिथि एवं समय | डाक खोलने की तिथि, समय एवं स्थान | बन्दोबस्त में भाग लेने के लिए आवेदन शुल्क जो वापस नहीं किया जायेगा। | निर्धारित वसूली दर 24 घंटा के लिए जो अनुमानतः दोपहर 12 बजे से अगला दिन दोपहर 12 बजे तक। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | नगरपालिका व्यवसायिक वाहन शुल्क | | | | | | |
| 01 | नगरपालिका व्यावसायिक वाहन शुल्क (नगर पंचायत हुसैनाबाद का संपूर्ण क्षेत्र) | 27,61,000 (सताइस लाख एकसठ हजार रूपए मात्र) | 2,76,100.00 (दो लाख छिहत्तर हजार एक सौ रूपए मात्र) | दिनांक–10.03. 2025 समयः पूर्वाहन 11:00बजे से अपराहन 12:15 बजे तक। | दिनांक–10.03. 2025, समयः अपराहन 12:30 बजे से स्थानः थाना परिसर हुसैनाबाद | 10000 (दस हजार रुपये) | 1. तीन चक्का वाहन – 20 रु 2. कमांडर – 30 रु 3. ट्रेक्टर –30 रू0 4. चार चक्का (407/pick up, आदि के लिए–40 रू0 5. 6 से 10 चक्का तक वाहन के लिए –100 रू0 6. 10 चक्का से अधिक वाहन के लिए–200 रू0 |
| | सैरात बन्दोबस्ती | | | | | | |
| 01 | बाजार सैरात दुकानदार बाजार सैरात फुटपाथ दुकानदार (नगरपालिका अधीन संपूर्ण क्षेत्रों में) | 700700.00 (सात लाख सात सौ रुपये) | 70070.00( सत्तर हजार सत्तर रुपये) | दिनांक–10.03. 2025 समयः पूर्वाहन 11:00बजे से अपराहन 12:15 बजे तक। | दिनांक–10.03. 2025, समयः अपराहन 12:30 बजे से स्थानः थाना परिसर हुसैनाबाद | 5000.00 (पाँच हजार रुपये) | चलन्त ठेला गुम्टी/ठेला/अस्थायी दुकान इत्यादि 1- 0–30 वर्ग फीट– 10 रु/दिन 2- 30 वर्ग फीट से अधिक– 20रु दिन (निविदा की शर्तें कंडिका –5 में बोली में न्यूनतम 20000.00रु एवं अधिकतम 40000.00रु का अंतर की बोली लगानी होगी।) |

डाकवक्ता के लिए अन्य शर्त्त नोटिस बोर्ड पर किसी कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 347547 District(24-25)D


CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### छह किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चनपटिया पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने रविवार की शाम नगर के वार्ड- दो में छापेमारी कर 5.86 किलोग्राम गांजा के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार धंधेबाज की पहचान चनपटिया नगर के वार्ड- दो निवासी झुन्ना अंसारी (42) के रूप मे हुई है। जब्त किए गए गांजा की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 2.35 लाख रुपये आंकी गई है। एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि पुलिस को झुन्ना अंसारी के घर में मादक पदार्थ गांजा रखे होने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना व तकनीकी जांच के आधार पर प्रभारी थानाध्यक्ष निक्कु कुमार सिंह के नेतृत्व में एसआई अरविन्द कुमार, शशिकांत दुबे, पप्पु कुमार यादव, प्रिंस कुमार, एएसआई नजीम खां समेत सशस्त्र पुलिस बल झुन्ना अंसारी के घर की तलाशी ली। जहां से 5.86 किलोग्राम गांजा बरामद किया।

### 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बलथर पुलिस ने दो अलग अलग थानाक्षेत्रों के चोरी,लूट कांड और 25 हजार के इनामी अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पुरुषोत्तमपुर थाना क्षेत्र के भेड़िहारी गांव निवासी हसनजाद के पुत्र शेख साहब के रूप में की गई है। इसके खिलाफ बलथर थाना में कार्ड संख्या 29/23 दर्ज है थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि 2023 में यह गौरीपुर बाजार से दो सौ मीटर पूर्व एक बाइक लूट कांड का आरोपी है इसके खिलाफ पुरुषोत्तमपुर थाना में भी चोरी का एक मामला वर्ष 2023 में ही दर्ज है। थानाध्यक्ष श्री कुमार ने बताया कि बलथर लूटकांड में इसके ऊपर बीस हजार का और पुरुषोत्तमपुर में पांच हजार का इनाम घोषित था। इसे इसके गांव से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### बीडीओ ने किया आरएमसी हेल्थ केयर का उद्घाटन

**हुसैनगंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सीवान :प्रखंड के स्थानीय हैदरी मार्केट हुसैनगंज में आरएमसी हेल्थ केयर का उद्घाटन स्थानीय बीडीओ राहुल कुमार, हेल्थ मैनेजर एसरारूलहक हक उर्फ डीजू, वरीय शिक्षक राजेश कुमार चौधरी,सरपंच प्रेम यादव सहित अन्य द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट किया गया. इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि पूर्व में इस प्रखंड में प्रसूति एवं महिला रोग विशेषज्ञ की एक भी महिला डाक्टर नहीं थी. इस क्षेत्र के महिलाओं को ईलाज के लिए सिवान या अन्यत्र स्थानों पर जाना पड़ता था.अब उनका ईलाज यहीं पर आसानी से हो जायेगा. हेल्थ केयर की डाक्टर श्वेता चौधरी ने बताई की मेरे यहाँ पैसे के अभाव में कोई भी महिला ईलाज से वंचित नहीं रहेगी, सभी की ईलाज बेहतर ढंग से ईलाज होगा.गरीब महिलाओं को विशेष छुट मिलेगी.इस अवसर पर अशोक चौधरी, पत्रकार खुर्शीद अहमद, साजिद हुसैन, मो. हारून, कृपा शंकर सहित अन्य उपस्थित थे.



### दिव्यांगों को उपलब्ध कराये जायेंगे सहायक उपकरण : डा. जायसवाल

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प.चंपारण के सांसद डा. संजय जायसवाल ने बताया कि जिले के दिव्यांगो को सहायक उपकरण दिये जायेंगे। चनपटिया, नौतन एवं बेतिया में शिविर का आयोजन कर लोगो की जांच की जायेगी। सहायक उपकरणों में मोटराईज्ड ट्राई साइकिल, तिपहिया साइकिल, ह्वील चेयर, श्रवण यंत्र, छड़ी मानसिक दव्यांग के लिए किट, नेत्रहन दिव्यागों के लिए किट, एवं कृत्रिम अंग आदि का निशुल्क वितरण किया जाएगा। इसका परीक्षण एलिम्को के विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा किया जाएगा। इसके लिए बेतिया में 8 मार्च एवं चनपटिया के लिए 6 मार्च संबंधित प्रखंड कार्यालय परिसर में और नौतन विधान सभा क्षेत्र के लिए 7 मार्च को बैरिया का बुनियाद केंद्र वितरण शिविर का स्थल निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिक जरूरत के हिसाब से सहायक सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए कंपनी के तीन तीन चिकित्सक उनकी जांच करेंगे। इसका लाभ लेने के लिए संबंधित व्यक्ति को पहचान पत्र, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र आदि की आवश्यकता होगी। उन्होंने सभी संबंधितों को इसका लाभ उठाने की बात कही है। मौके पर नौतन के विधायक नारायण प्रसाद, विधायक उमाकांत सिंह, रवि सिंह, आनंद सिंह आदि मौजूद रहे।

### मां सिंधासनी इंटरप्राइजेज का उद्घाटन

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र के अहवर कुड़िया पसावन चौक स्थित मां सिंगासनी इंटरप्राइजेज का उद्घाटन भाजपा नेता राहुल कुमार, मनोज प्रसाद पूर्व मुखिया सुरेश शाह , सरपंच पुरण दास ने संयुक्त रूप से किया । प्रोपराइटर मनोज प्रसाद पटेल ने बताया कि मेरे यहां से ई रिक्शा अच्छे क्वालिटी ग्राहकों के लिए उपलब्ध कराई गई है। प्रदूषण के बेहतर ख्याल करते हुए कंपनी ने ई रिक्शा उत्पादन की है। इसी को लेकर बाजार में उपलब्ध कराई गई है। ग्राहकों के सुविधा के लिए फाइनेंस का भी व्यवस्था किया गया है मौके पर निक्कू प्रसाद बृजेश कुमार मिश्रा जय नाथ प्रसाद चंदन प्रसाद, बजेश पटेल छोटू कुमार, बाबूलाल शाह, सोनू पटेल, द्वारिका प्रसाद, बलिराम पटेल आदि लोग शामिल रहे।

# जदयू जिला कार्यकारिणी में '2025 फिर से नीतीश' का नारा हुआ बुलंद

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के एक नीजी उत्सव भवन में जिला जदयू कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुयी। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न कुशवाहा ने की। जबकि संचालन असलम खां हक्की ने किया। बैठक में वरिष्ठ नेता डा. एन एन शाही, जिला संगठन प्रभारी राणा रणधीर सिंह के अलावे जिलास्तरीय व प्रदेश स्तरीय नेता मौजूद थे। वक्ताओ ने संगठन को मजबूत करने के लिए प्रत्येक बुथ टेन युथ का नारा दिया। और प्रदेश नेतृत्व के दिये गये टॉस्क को पुरा करने का संकल्प जताया। जिला प्रभारी राणा रणधीर सिंह ने कहा कि हमें केवल जदयू के कोटे में गयी सिट के लिए हीं अपने संगठन को मजबूत नही करना है बल्कि हमें एनडीए के सभी घटकों के लिए अपनी एकता प्रर्दशित करते हुए पुरी मजबूति के साथ जदयू के नारा 2025 फिर से नीतीश, सिट 225 के संकल्प को पुरा करने का पुरजोर प्रयास करना है। बैठक को पूर्व विधायक प्रदीप सिंह, अजय कुमार कुशवाहा, अनिल कुमार, मनोज कुमार कुशवाहा, शंभु पांडेय, सहमत अली, अलखदेव पासवान, माधव सिंह पटेल, मधुसूदन पटेल, मोहन साह गोंड, सुमीत कुमार बबलू समेत अन्य लोगो ने भी संबोधित किया।



# किसानों को संगठित कर भ्रष्टाचार के खिलाफ होगा आंदोलन

**महाराजगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के बंगरा गांव के देव मैरेज हॉल में भारतिय किसान संघ के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिन्हा की अध्यक्षता में जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई. बैठक में किसानों के शोषण व भ्रष्टाचार के विरुद्ध चरणवद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया. वही किसान संघ के प्रदेश प्रचार प्रमुख मनोज कुमार सिंह ने कहा कि जिले के सभी अंचल कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है. दाखिल खारिज, भूमि रिकॉर्ड, भूमि अधिग्रहण में विना घुस के कोई कार्य नहीं हो रहा है.घुस नहीं देने पर आवेदन रद्द किया जा रहा है। अधिकारी, कर्मचारी अवैध वसुली करवा रहा है. सभी जनप्रतिनिधि यह बात जानते हुए किसानों के प्रति उदासीन है.किसानों ने कहा कि राम जानकी पथ निर्माण में बिना किसानों की सहमति से मुवावजा राशि का अधिकारियों द्वारा कम निर्धारण किया गया है. जानबुझ कर विभाग द्वारा आपत्ति कर रैयतों को मुवावजा देने में परेशान किया जा रहा रहा है. भूमी अधिग्रहण तीन वर्ष पहले किया गया. लेकिन उसका भुगतान आज तक सभी किसानों को नहीं किया गया है. न हीं रैयतों को व्याज दिया जा रहा है. रत्नेश चन्द्र सिंह ने कहा कि संघ गांव-गांव में किसानों को संगठित कर अपने अधिकार के लिए संघर्ष करने को तैयार करेगा. जिला अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंहा ने कहा यूपी, एमपी राजस्थान, पंजाब की तरह बिहार सरकार भी किसानों का कर्ज माफ करे.

# छपरा में डबल डेकर फ्लाईओवर निर्माण कार्य में तेजी

## नगरपालिका चौक से गांधी चौक तक सड़क ब्लॉक

**छपरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के लिए बहुप्रतीक्षित डबल डेकर फ्लाईओवर के निर्माण कार्य ने अब रफ्तार पकड़ ली है। निर्माण एजेंसी ने नगरपालिका चौक से गांधी चौक खंड पर सड़क को ब्लॉक कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। इस क्षेत्र में लगातार बढ़ते ट्रैफिक और जाम की समस्या को देखते हुए प्रशासन ने वैकल्पिक यातायात व्यवस्था की योजना बनाई है ताकि लोगों को कम से कम परेशानी हो। डबल डेकर फ्लाईओवर का निर्माण छपरा के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह फ्लाईओवर न केवल शहर की ट्रैफिक समस्या को दूर करेगा, बल्कि भविष्य की बढ़ती यातायात जरूरतों को भी पूरा करेगा। नगरपालिका चौक से गांधी चौक तक का हिस्सा बेहद व्यस्त मार्गों में से एक है, जहां प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं। ऐसे में इस खंड का निर्माण कार्य पूरा होने से शहरवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। निर्माण एजेंसी के अनुसार, इस खंड का कार्य अब तेजी से किया जाएगा और जल्द से जल्द इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। स्थानीय प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे ट्रैफिक डायवर्जन का पालन करें और निर्माण कार्य में सहयोग दें।



### उपमुखिया को गोली मारने वाले मुख्य आरोपित गिरफ्तार

**मांझी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मांझी थाना क्षेत्र के मुबारकपुर पंचायत में उपमुखिया कमलेश यादव को गोली मारने की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना 02 मार्च 2025 की रात की है, जब कुछ अज्ञात अपराधियों ने उन पर हमला कर दिया। गोली लगने के बाद घायल उपमुखिया को एकमा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें पटना रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मांझी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। सहायक पुलिस अधीक्षक (परि०)-सह-थानाध्यक्ष मांझी थाना ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले के मुख्य आरोपी मनीष कुमार यादव (पिता- अच्छेलाल यादव, निवासी- रूद्रपुर, थाना- मांझी, जिला- सारण) को गिरफ्तार कर लिया।

# बिहार दिवस को लेकर 5 मार्च को होगा प्रखण्ड स्तर पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**जिरादेई/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी 22 मार्च को आयोजित होने वाले बिहार दिवस को लेकर बिहार राज्य का शिक्षा विभाग 22 मार्च को बिहार सरकार के आदेश के आलोक में अपना तैयारी शुरू कर दिया है बिहार सरकार के आदेश के आलोक सूबे के हर एक विद्यालय में छात्र -छात्राओं के लिए विभिन्न प्रकार का प्रतियोगिता यथा गणित ओलंपियाड, प्रश्नोत्तरी क्विज प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन करना है। जिसके आलोक में विद्यालय स्तर पर 1 मार्च को उक्त प्रतियोगिता में प्रथम आए बच्चों को चयनित कर संकुल स्तर पर 3 मार्च को भेज देना था इस कड़ी में सोमवार को जीरादेई प्रखंड के 16 संकुल पर उक्त प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें जमापुर संकुल से प्रश्नोत्तरी क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नौरिन कादिर गणित में प्रथम स्थान अभिराज, जबकि पेंटिंग में सोनाली कुमारी का प्रथम स्थान रहा वही जिरादेई संकुल कि बात करे तो गणित ओलंपियाड में रेपुरा कि अंजलि कुमारी का प्रथम स्थान प्राप्त किया तो पेंटिंग में रुखसार बानो तो प्रश्नोत्तरी क्विज में रेपुरा के ही प्रिया कुमारी का जलवा कायम रहा हैं । उन्होंने कहा कि संकुल केंद्र पर चयनित बच्चों को 5 मार्च को प्रखंड स्तर पर उक्त विषय में प्रतियोगिता होगा प्रखण्ड स्तर पर चयनित छात्र व छात्राओं को 7 ओर 8 मार्च को जिला स्तर पर प्रतियोगिता करा कर राज्य स्तर पर भेजना है जो छात्र एवं छात्राएं चयनित होकर राज्य स्तर पर जाएंगे तो 22 मार्च को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया जायेगा।



# संसद-दी नेशनल यूथ पार्लियामेंट-2025 में सीवान की बेटी हुई सम्मानित

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लोकसभा समिति द्वारा नई दिल्ली में एक एवं दो मार्च को आयोजित संसद- दी नेशनल यूथ पार्लियामेंट - 2025 में सीवान की बेटी स्वीटी को सम्मानित किया गया. स्वीटी ने संसद-दी नेशनल यूथ पार्लियामेंट में आर्थिक प्रभुत्व भारत के 5 ट्रिलियन डॉलर के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाना और रोजगार सृजन पर इसका प्रभाव प्रकरण पर अपनी बात रखने का अवसर मिला तथा उत्कृष्ट सझाव के लिए सम्मानित की गई. वह दिल्ली के रामजस कॉलेज का प्रतिनिधित्व कर रही थी. छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. भुपेश बघेल तथा मेंबर ऑफ पार्लियामेंट डॉ. रणदीप सिंह सुरजेवाला के हाथो उसे मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर समान्नित किया गया.यह आयोजन एन डी एम सी कन्वेक्शन सेंटर , संसद मार्ग, नई दिल्ली में आयोजित की गई थी.स्वीटी मूलतः सिवान जिले के बड़हरिया प्रखण्ड के डुमरी गांव के पोस्टल डाक सहायक हरेंद्र प्रसाद यादव की पुत्री है.संसद द यूथ पार्लियामेंट यूथ का संसद है जिसमें हर साल पूरे भारत से बच्चों का चयन होता है एवं वह पार्लियामेंट के संचालन के जैसे अपने अपने विषय में बोलते है. इसमें बीजेपी एवं कांग्रेस पार्टियों का नेतृत्व कराया जाता है. परंतु ये आधिकारिक रूप से उस पार्टी के सदस्य नहीं होते हैं.इस कार्यक्रम से आजकल के युवा पीढ़ियों को संसद का संचालन, बच्चों के अंदर राजनीति का ज्ञान, ग्रुप डिस्कशन, लीडरशिप की भावना आती है.



### 35 वर्षों में लालू नीतीश ने किया बिहार को बदहाल

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी 5 मार्च को लौरिया में जनसुराज के प्रणेता प्रशांत किशोर की आमसभा को सफल बनाने के लिए जनसुराज कार्यकताओं की बैठक संपन्न हुयी। बैठक में प.चंपारण प्रभारी विकास सिंह प्रदेश महासचिव नंदकिशोर कुशवाहा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 35 वर्षों में लालू-नीतीश की बहुरूपी राजनीति ने बिहार की स्थिति को इस हद तक बदहाल कर दिया कि जनता को मजबूरी में पलायन करना पड़ रहा है। प्रदेश युवा उपाध्यक्ष संतोष चौधरी और कुंदन पाण्डेय ने कहा कि जनसुराज ही एकमात्र आशा की किरण है। मौके पर जिला महासचिव सचिंद्र पाण्डेय, गोपालगंज प्रभारी अब्बास अहमद, जिला प्रवक्ता सिकंदर चंद्रा आदि ने चंपारण वासियों से 5 मार्च की जनसभा में भारी संख्या में शामिल होने अपील की।

# 1.03 करोड़ के खर्च से पांच सड़कों का होगा नव निर्माण : गरिमा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** निगम क्षेत्र की पांच जर्जर और बदहाल सड़कों के नव निर्माण का रास्ता साफ होगया है। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि 1.03 करोड़ से अधिक के खर्च से बनने वाली नगर की इन पांच सड़कों के निर्माण की निविदा जिला शहरी विकास अभिकरण द्वारा जारी कर दी गई है। महापौर ने बताया कि नगर के खुदाबख्श चौक से गवर्मेंट मेडिकल कॉलेज का मुख्य द्वार होते हुए मित्रा चौक से कोतवाली चौक तक पीसीसी सड़क एवं पुलिया निर्माण कार्य पर 32.22 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इसी प्रकार वार्ड 16 डॉ. नसीर के घर से अब्दुल भाई वकील साहेब के घर होते हुए मुख्य सड़क तक सड़क निर्माण कार्य को 5.75 लाख से स्वीकृति दी गई है. वही वार्ड-06 में नेशनल पब्लिक हाई स्कूल मोड़ से अशोक तिवारी के घर तक नाला एवं पुलिया निर्माण कार्य को 26.29 लाख लागत से स्वीकृति दी गई है. इसके साथ ही महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि वार्ड सं-15 में सालहीन कुरैशी के घर से हामीद राजा के घर होते हुए नूर आलम मिस्त्री के घर तक सड़क एवं नाला निर्माण कार्य को 16.89. से स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार वार्ड-16 में रमन जी के घर से नसीम जी के घर तक सड़क एवं नाला निर्माण कार्य की स्वीकृति 19.17 लाख की लागत से दी गई है।

# विधानपरिषद में उठा सोलर लाईट की क्वालिटी का मामला

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार विधान परिषद में जिले में पंचायत स्तर पर अधिष्ठापित हो रहे सोलर लाईट के क्वालिटी का मामला उठा है। यह मामला विधान पार्षद सौरभ कुमार ने उठाया। विधान पार्षद सौरभ कुमार ने सोलर लाईट के क्वालिटी पर सवाल उठाते हुए बताया कि खराब गुणवता की सोलर लाईट आपूर्ति होने के कारण यह जल्द हीं खराब हो जा रहा है। आमजन को इसका समुचित लाभ नही मिल रहा है। वहीं उन्होंने राज्य सरकार से सोलर लाईट की गुणवता को जांचने के लिए राज्य में लैब स्थापित कराने की भी मांग की। हालाकि इस पर जबाब देते हुए सुबे के पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने बताया कि सोलर लाईट की आपूर्ति से पूर्व उसकी गुणवता के लिए परीक्षण प्रतिवेदन प्राप्त करने के बाद हीं आपूर्ति आदेश जारी किया जाता है। लेकिन इसकी जांच करायी जायेगी। यदि खराब एवं कम गुणवता वाले जिस भी एजेंसी द्वारा सोलर लाईट की आपूर्ति की गयी है तो उनके भुगतान पर रोक के साथ हीं उस एजेंसी को काली सूची में भी डालने का काम किया जायेगा।



### होली पर यात्रियों की सुविधा के लिए छपरा होकर चलेगी विशेष ट्रेन

**छपरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** होली के अवसर पर यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने आनंद विहार टर्मिनल-बरौनी-आनंद विहार टर्मिनल के बीच साप्ताहिक त्यौहार विशेष ट्रेन (04020/04019) चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन छपरा होते हुए तीन फेरों में संचालित होगी, जिससे यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। 04020 आनंद विहार टर्मिनल-बरौनी विशेष ट्रेन 02, 09 एवं 16 मार्च को आनंद विहार टर्मिनल से रात 7:30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन दोपहर 2:35 बजे छपरा पहुंचेगी। इसके बाद यह हाजीपुर होते हुए शाम 6:00 बजे बरौनी पहुंचेगी। वहीं, वापसी में 04019 बरौनी-आनंद विहार टर्मिनल विशेष ट्रेन 03, 10 एवं 17 मार्च को बरौनी से रात 8:00 बजे प्रस्थान करेगी और रात 11:58 बजे छपरा पहुंचेगी।

# विधानसभा में जर्जर बिजली तार व पोल को बदलने का उठाया मुद्दा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधायक रश्मि वर्मा ने विधानसभा में शून्यकाल सत्र के दौरान नरकटियागंज शहर में जर्जर बिजली की तार को सीघ्र बदलने और कवर युक्त बिजली तार लगाने को लेकर मांग उठाई है। विधायक रश्मि वर्मा ने कहा है कि उनके विधानसभा क्षेत्र में विधुत विभाग द्वारा लगाए गए तार व पोल काफी जर्जर हो चुके है। आये दिन कोई न कोई दुर्घटनाएं होती रहती है। तो बिजली का तार कब गिर जाए इसका ठिकाना नही रहता है। उन्होंने विधानसभा सत्र के दौरान विभाग के मंत्री से बिजली के जर्जर पोल के तारों को बदलने की मांग उठाई है। गौरतलब हो कि नरकटियागंज शहर में वर्षों पूर्व बिजली के तार एवं पोल लगाया गया है। जो काफी जर्जर हो चुकी है। आये दिन दुर्घटनाएं भी होती है। विधायक ने बताया कि नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की जर्जर तार एवं पोल को बदलने की मांग की गई है। विभाग के मंत्री द्वारा भी आश्वाशन दिया गया है।




# छात्रों ने धूमधाम से मनाया बसंतोत्सव

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संगीत कला विकास परिषद् के तत्वावधान में आर्य समाज मंदिर परिसर में आयोजित बसंतोत्सव का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर किया गया. इस कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ. सुशीला पाण्डेय, उपाध्यक्ष रंजीता देवी, बागिंद्र नाथ पाठक, पूर्व प्रबंधक पी.एन.बी. शंकर पाण्डेय तथा संगीत कला विकास परिषद् के सचिव रामानुज मिश्र, आर्य समाज मंत्री संजीव कुमार ने संयुक्त रूप से किया. इस अवसर पर आमंत्रित अतिथि कला संस्कृति पद्माधिकारी रीचा वर्मा उपस्थित थी. उद्घाटन सत्र के बाद बीपीएससी द्वारा चयनित संगीत शिक्षकों एवं कलाकारों की आमंत्रित अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया. कार्यक्रम का शुभारम्भ तबला सोलो बादन से हुआ. समर्पित, शिवांश, कृतार्थ राज एवं हारमोनियम पर राजन कुमार. शास्त्रीय कथक नृत्य अल्का, सृष्टि, नम्रता, समृद्धि, अनु, रीतिका, दीपिका, अस्मिता एवं समीक्षा छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया.राजनंदिनी, शिखा, अदिती, निशा, सिमरन, सैम्या, रश्मि गुप्ता, रश्मि शुक्ला, आयुषी, पलक, माही, अनुष्का, मनीषा द्वारा प्रस्तुत होरी गीत कैसी होरी मचाई कन्हाई आज...को दर्शकों ने काफी पसंद किया. इसके अलावे होती गीत होरी में रंगीला हो गए..., जोगीरा सारा रारा,सखी होरी खेलन नहीं जाऊँ..., कन्हैया मोसे रार करे एवं मेरे आँखों में गरे अबीर, रसिया ना माने रे, चलले बनवा के ओर... का लोगों खूब पसंद से आनंद लिया.इस दौरान कैसियो वादक धनराज एवं सिद्धार्थ राज पूरे कार्यक्रम के दौरान अपनी कला से छाए रहें.कार्यक्रम के अंत में भाग लेने वाले सभी कलाकारों को मेडल देकर सम्मानित किया गया.





# सौ दिन टीबी कार्यक्रम के तहत मंडल कारा में आज से शुरू हुआ 10 दिवसीय मेडिकल कैंप

## मेडिकल कैंप में सभी बंदियों का पोर्टेबल एक्सरे मशीन से होगा एक्सरे

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत सरकार के केन्द्रीय यक्ष्मा प्रभाग द्वारा जिले में सात दिसंबर 2024 से 24 मार्च 2025 तक चल रहे सौ दिन के सघन टीबी कार्यक्रम के तहत टीबी के मिसिंग रोगियों को खोजने, टीबी से होने वाली टीबी मरीजों की मृत्यु दर को कम करने और टीबी से नये व्यक्तियों को संक्रमित न होने देने के प्रयासों में तेजी लाने के प्रयास किए जा रहें हैं.इस कार्यक्रम के तहत सोमवार से मंडल कारा में बंदियों की जांच के लिए 10 दिवसीय स्वास्थ्य जांच अभियान शुरू किया गया.स्वास्थ्य शिविर में हाथ से संचालित होने वाली पोर्टेबल एक्सरे मशीन से 40 बंदियों का एक्सरे जांच किया गया. एक्सरे जांच में 24 बंदियों के रिपोर्ट असामान्य एवं 15 बंदियों के रिपोर्ट नॉर्मल आए.एक्सरे जांच में 1 बंदी टीबी से संक्रमित मिला.25 बंदियों के बलगम जांच के लिए स्पूटम के सैंपल लिए गए.एक्सरे जांच में निगेटिव आने वाले 20 बंदियों की सीवाई टीबी जांच किया गया.जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉक्टर अशोक कुमार ने बताया कि केन्द्रीय यक्ष्मा प्रभाग, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा 7 दिसम्बर से जिलान्तर्गत टीबी के मिसिंग रोगियों को खोजने, टीबी से होने वाली टीबी मरीजों की मृत्यु दर को कम करने और टीबी से नये व्यक्तियों को संक्रमित न होने देने के प्रयासों में तेजी लाने के उद्देश्य से 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान का शुभारंभ जिला पदाधिकारी के निदेशानुसार किया गया किया गया है जो विश्व यक्ष्मा दिवस 24 मार्च 2025 तक चलेगा. इस अभियान के तहत मंडल कारा सीवान के कैदियों की भी स्क्रीनिंग हैंड हेल्ड पोर्टेबल एक्सरे द्वारा किया जा रहा है. सभी कैदियों की स्क्रीनिंग हैंड हेल्ड पोर्टेबल एक्सरे हो रही है.एक्सरे में निगेटिव आने वाले कैदियों को सीवाई टीबी इंजेक्शन के माध्यम से टीबी इनफेक्शन की जांच की जा रही है एवं सीवाई टीबी में पॉजिटिव आने वाले कैदियों को टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट की दवा शुरू की जाएगी.जांच के दौरान जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉक्टर अशोक कुमार, एक्सरे टेक्नीशियन विकाश कुमार मिश्रा,एटीएस रामसागर राम,एसटीएलएस ओमप्रकाश प्रसाद,टीबी एचबी सुमन प्रसाद,एलटी राजीव कुमार एवं एएनएम बलमदीना तिर्की उपस्थित थी.

# विश्व श्रवण दिवस : गर्भवती महिलाओं को तेज आवाज में गाने सुनने, डीजे की आवाज से बचना चाहिए

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को सदर अस्पताल में विश्व श्रवण दिवस पर ओपीडी में श्रवण दिवस सिविल सर्जन डॉक्टर श्रीनिवास प्रसाद की उपस्थिति में मनाया गया. उन्होंने कहा कि आधुनिकता और भागमभाग वाली दौर में ध्वनि प्रदूषण की समस्या से निजात पाना मुश्किल हो गया है. आजकल हर तरफ किसी न किसी मशीन, गाड़ी या डीजे पर चल रहे गाने की तेज ध्वनि को आसानी से सुनी जा सकती है, जो लोगों के सुनने की क्षमता को कम कर रही है. नियमित रूप से तेज ध्वनि के सुनने या नजदीक रहने के कारण हम सभी बहरेपन का शिकार हो सकते हैं.उन्होंने कहा कि लोगों को बहरेपन की जानकारी देने एवं ध्वनि तरंगों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ओपीडी में आने वाले मरीजों को सुनने की समस्या के लक्षणों की जानकारी देने के साथ ही बहरेपन से रोकथाम की भी जानकारी दी गई. हालांकि इस वर्ष मानसिकता में बदलावः कान और श्रवण देखभाल को सभी के लिए वास्तविकता बनाने के लिए खुद को सशक्त बनाएं.जैसी महत्वपूर्ण मुद्दे को लेकर इस वर्ष का थीम रखा गया है. विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर आने वाले सभी मरीजों से अपील की गई कि लोगों के व्यवहार में बदलाव लाने के लिए सामाजिक संगठनों, माता-पिता, शिक्षकों और चिकित्सकों की भी जिम्मेदारी बनती है कि युवाओं को श्रवण से संबंधित सुरक्षित आदतों के लिए शिक्षित के साथ ही प्रेरित भी करते रहें। प्रभारी जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. ओम प्रकाश लाल ने बताया कि भागम भाग के इस दौर में बहुत से लोगों में चिड़चिड़ापन जैसी शिकायतें सुनने को मिल रही हैं. जिस कारण बहरेपन या श्रवण दोष से बचाव एवं सुनने की क्षमता का ध्यान में रखने के लिए आमलोगों के बीच जागरूकता लाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 03 मार्च को विश्व श्रवण दिवस का आयोजन किया जाता है. विश्व की एक बड़ी आबादी इस बीमारी से ग्रसित है। जिसमें बच्चों से लेकर वयस्क एवं बुजुर्ग भी शामिल हैं. हालांकि बहरेपन की समस्या से निपटने के लिए समय रहते इस बीमारी का उपचार किया जाना अतिआवश्यक है. आधुनिक युग में लोगों की लगातार बिगड़ रही जीवनशैली के साथ ही ध्वनि प्रदूषण जैसे कारकों के कारण बहरापन एवं कम सुनाई देने जैसी शिकायतें बहुत ज्यादा देखने को मिल रही है.डब्ल्यूएचओ के अनुसार, 36 करोड़ से अधिक लोग कम सुनाई देने या बहरेपन के साथ जी रहे हैं, जबकि 12 से 35 वर्ष की आयु के लगभग एक अरब या उससे अधिक लोगों को शोर के संपर्क में आने के कारण बहरे होने का खतरा है. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिसवन की महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. रूपाली रस्तोगी ने बताया कि अगर तेज आवाज में लंबे समय तक लगातार रहा जाए तो इससे शिशु में कोर्टिसोल का स्तर बढ़ जाता है.कोर्टिसोल एक स्ट्रेस हार्मोन होता है। इसके कारण बच्चा जन्म के बाद से ही चिड़चिड़ा हो जाता है। वहीं बहुत ज्यादा तेज आवाज में गाने सुनने से बर्थ डिफेक्ट होने का खतरा बढ़ जाता है.इससे भ्रूण का प्राकृतिक विकास धीमा हो जाता है साथ ही इससे गर्भवती महिलाओं को भी तनाव, हाइपरटेंशन जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है. बहुत तेज आवाज में गाने सुनने या ज्यादा देर तक शोर में रहने से बच्चा जन्म के बाद चीजों को तेजी से नहीं सीख पाता है.



# प्रगति यात्रा में की गयी सभी घोषणाओं को मिली मंजूरी : डीएम

## औरंगाबाद के विकास को मिली नई गति, 1182 करोड़ की 13 योजनाओं को मंजूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार ने औरंगाबाद जिले के समग्र विकास को गति देने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा प्रगति यात्रा के दौरान घोषित 1182 करोड़ रुपये की लागत वाली 13 महत्वाकांक्षी योजनाओं को मंजूरी दी है। इन योजनाओं में स्वास्थ्य, पर्यटन, आधारभूत संरचना और सिंचाई से जुड़े बड़े प्रोजेक्ट शामिल हैं। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के अनुरूप इन योजनाओं को मंजूरी दी गई है।



जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री

### स्वास्थ्य क्षेत्र को बड़ी सौगात

जिले में 400 करोड़ रुपये की लागत से एक नया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल बनेगा, जिससे जिले के लोगों को उन्नत चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। इसके अलावा राष्ट्रीय उच्च पथ पर 9.64 करोड़ रुपये की लागत से एक ट्रॉमा सेंटर भी बनाया जाएगा, जिससे दुर्घटनाओं के शिकार लोगों को शीघ्र चिकित्सा सहायता मिल सकेगी।

### पर्यटन और आधारभूत संरचना में बड़े बदलाव

ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण देव सूर्य मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 142 करोड़ रुपये की लागत से रिंग रोड बनेगा। इसके अलावा, 59 करोड़ रुपये की लागत से सूर्य कुंड और रुद्र कुंड परिसर से एसएच-101 तक ग्रीनफील्ड संपर्क पथ (प्रगति पथ) का निर्माण होगा।

### सिंचाई और नदी संरक्षण को बढ़ावा

किसानों को सिंचाई सुविधा प्रदान करने के लिए 131 करोड़ रुपये की लागत से बिशनपुर कैनाल का निर्माण होगा। वहीं, 10.06 करोड़ रुपये की लागत से मदनपुर प्रखंड के चांद बिगहा ग्राम में केशहर नदी पर चेक डैम बनाया जाएगा, जिससे जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। अन्य प्रमुख योजनाएं जिन्हें कैबिनेट की मंजूरी मिल गयी हैं उनमें 74.77 करोड़ रुपये की लागत से अदरी नदी पर रिवर फ्रंट डेवलपमेंट, 116.34 करोड़ रुपये की लागत से 7 प्रखंडों में नए प्रखंड-सह- अंचल कार्यालय भवनों का निर्माण, 29.45 करोड़ रुपये की लागत से स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स एवं स्टेडियम, 71.19 करोड़ रुपये की लागत से रफीगंज के लिए बाईपास सड़क, 137.74 करोड़ रुपये की लागत से गया-औरंगाबाद पथ के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण का कार्य, जम्होर पंचायत को नगर पंचायत का दर्जा और औरंगाबाद में केंद्रीय विद्यालय के लिए जमीन की उपलब्धता शामिल हैं।

### विकास को मिलेगी नई दिशा

जिलाधिकारी ने कहा कि इन सभी परियोजनाओं के पूरा होने से औरंगाबाद जिले की आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य सुविधाओं और पर्यटन विकास को एक नई दिशा मिलेगी। मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान जो वादे किए गए थे, उन्हें सरकार चरणबद्ध तरीके से पूरा कर रही है। इससे जिले के नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और क्षेत्र का समग्र विकास होगा। प्रेस वार्ता में अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, उप विकास आयुक्त अभयेन्द्र मोहन सिंह, सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी आदि उपस्थित थे।

# भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में बना रही अपनी अलग पहचान : डॉ. सुधीर कुमार मिश्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** स्वावलंबी भारत अभियान के तहत युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शहर के सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज में स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार मिश्र एवं स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सह संगठक सतीश कुमार प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यशाला में विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए विकसित भारत 2047 के संदर्भ में कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार मिश्र ने कहा कि देश के एक-एक व्यक्ति के विकास से भारत 2047 में अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल होगा। इसके लिए स्वदेशी जागरण मंच देश में स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत युवाओं को प्रशिक्षित कर स्वरोजगार से जोड़कर स्वावलंबी युवाओं की फौज तैयार की जा रही है। श्री मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में अपनी अलग पहचान बना रही है। देश के मजबूत केंद्रीय नेतृत्व के चलते आज हम विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में खड़े हैं और जल्द ही भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरेगा। पीएम मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की परिकल्पना को साकार किया जाएगा। संगठक सतीश कुमार ने कहा कि संगठन में कार्यकर्ता का कौशल विकास तब संभव है, जब वे अपने विचारों को समझें और समझाने की कला सीखें। उन्होंने कहा कि विकसित भारत में युवाओं की भागीदारी अहम होगी। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल सिंह ने कहा कि कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के कौशल विकास, उनके अंदर देश प्रेम एवं संगठन के प्रति समर्पण भाव बढ़ाने, स्वदेशी मेला, स्वावलंबी भारत अभियान, फर्टिलिटी रेट में गिरावट और संगठनात्मक विषय पर चर्चा की गई। इस अवसर पर पुरूषोतम सिंह सहित कई अन्य मौजूद रहे।



# बजट को सत्ता पक्ष ने स्वीकारा, विपक्ष ने नकारा

नवबिहार टाइम्स

**औरंगाबाद।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को बिहार विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए तीन लाख 17 हजार करोड़ रुपये का बजट पेश किया। यह पिछली बार से 38 हजार करोड़ रुपए अधिक है। पहली बार तीन लाख करोड़ के पार हुआ है। बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे पर जोर दिया गया है। इसमें 1543 करोड़ रुपये का ऋण प्रस्तावित है। औरंगाबाद जिले से बजट पर मिश्रित प्रतिक्रियाएं आई है। एनडीए गठबंधन से जुड़े नेताओं ने जहां बजट को समाज के सभी वर्गों का ख्याल रखने वाला एवं राज्य के विकास में मील का पत्थर साबित होनेवाला बजट करार दिया है, वहीं विपक्षी दलों ने इसे गरीब विरोध बजट करार दिया है।

### औरंगाबाद-पटना एनएच जल्द फोरलेन में होगा तब्दील : सुशील सिंह



औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा है कि वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने वर्ष 2025-26 का जो बजट पेश किया है उसमें जिक्र किया है कि सभी जिला मुख्यालयों को फोरलेन सड़क से राजधानी से जोड़ा जाएगा। इससे औरंगाबाद-पटना एनएच 139 भी जल्द ही फोरलेन में तब्दील हो जाएगा जिसका मैंने शुरू से प्रयास किया है। श्री सिंह ने कहा कि सरकार इस योजना पर काम कर रही है कि राज्य के किसी भी जिले से 4 घंटे में पटना पहुंचा जा सके। वहीं राज्य में यातायात की सुविधा को हाईटेक बनाने के लिए पहले से ही प्रयास किए जा रहे हैं। पहले सरकार ने पटना पहुंचने के लिए 5 घंटे का टारगेट सेट किया था जो पूरा कर लिया गया है।

### बजट में सभी वर्गो का रखा गया ध्यान : प्रमोद सिंह चंद्रवंशी



सोमवार को बिहार विधानसभा में राज्य के उप मुख्य मंत्री- सह- वित्त मंत्री सम्राट चौधरी द्वारा पेश किया गया बजट ऐतिहासिक है। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 2047 में विकसित देश के संकल्प को पूरा करने में अहम भूमिका निभाएगा इस बजट में सभी वर्गों को ध्यान में रखा गया है। उक्त बातें भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कही। उन्होंने कहा कि यह बजट राज्य के युवाओं को रोजगार का अवसर प्रदान करेगा। इस बजट में सभी वर्गों एवं क्षेत्रों पर ध्यान दिया गया है। राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के लिए सभी प्रखंडों में खेल स्टेडियम का प्रावधान किया गया है।

### राज्य में स्वास्थ्य सुविधाएं होंगी और बेहतर : गोपाल शरण सिंह



भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य गोपाल शरण सिंह ने कहा है कि डिप्टी सीएम एवं वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए कई प्रमुख घोषणाएं की है। स्वास्थ्य क्षेत्र में 20 हजार करोड रुपए खर्च किए जाएंगे। वहीं कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के रोकथाम और इलाज के लिए बिहार कैंसर केयर सोसाइटी की स्थापना की जाएगी। राज्य के बड़े अनुमंडल में अनुमंडलीय अस्पताल के अलावा एक अन्य रेफरल अस्पताल का निर्माण किया जाएगा। औरंगाबाद में भी मुख्यमंत्री ने मेडिकल कॉलेज के निर्माण की घोषणा की है जिसकी स्वीकृति भी हो चुकी है। श्री सिंह ने कहा कि यह बजट औरंगाबाद समेत पूरे बिहार की जनता के हित में है।

### तरकारी सुधा आउटलेट से समृद्ध होंगे किसान : अरविंद कुमार सिंह



भाजपा के वरिष्ठ नेता अरविंद कुमार सिंह ने कहा है कि डिप्टी सीएम सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने आज वर्ष 2025-26 के तहत 3 लाख 16 हजार 895 करोड रुपए का वार्षिक बजट पेश किया है। इस बजट के तहत सब्जी उत्पादक सहकारी समिति के उत्पाद को उचित मूल्य और विपणन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राज्य सब्जी प्रसंस्करण और विपणन फेडरेशन द्वारा सुधा की तर्ज पर सभी प्रखंडों में तरकारी सुधा आउटलेट खोला जाएगा। राज्य के सभी प्रखंडों में प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समितियों का गठन किया जाएगा। गुड के लिए एक सेंटर आफ एक्सीलेंस की स्थापना समस्तीपुर के पूसा में की जाएगी। इससे राज्य के किसानों को काफी फायदा होगा।

### राज्य के जनता के हित में बजट : सतीश कुमार सिंह



भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सतीश कुमार सिंह ने कहा है कि वित्त मंत्री सम्राट चौधरी के बजट में महिलाओं, किसानों, उद्योगों, शिक्षा और स्वास्थ्य पर फोकस किया गया है। बजट में कहा गया है कि ग्रामीण सड़कों के निर्माण और रखरखाव के लिए 17 हजार करोड रुपए खर्च किए जाएंगे। पटना में महिला हाट खुलेगा, अन्य बड़े शहरों में चल रहे वेंडिंग जोन में महिलाओं को अलग जगह मिलेगी, गरीब कन्याओं के विवाह हेतु कन्या विवाह मंडप का निर्माण किया जाएगा। बिहार के सभी जिलों में आधुनिक बस स्टैंड विकसित किए जाएंगे। श्री सिंह ने कहा कि यह बजट बिहार के सभी जनता के हित में है और इससे विकास को और तेज रफ्तार मिलेगी।

### बजट में किसानों का रखा गया ध्यान : अनिल कुमार सिंह



भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल कुमार सिंह ने कहा है कि वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने आज जो बजट पेश किया है उसमें किसानों के लिए कई बड़े ऐलान किए गए हैं। यह बजट किसानों के हित में है और इससे उनकी आय में भी बढ़ोतरी होगी। श्री सिंह ने कहा कि बजट में राज्य के 21 कृषि उत्पादन बाजार प्रांगणों के आधुनिकीकरण और समुचित विकास के लिए 1289 करोड रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा राज्य सरकार नेशनल को-ऑपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन नेफेड से समन्वय कर अरहर, मूंग, उड़द का न्यूनतम मूल्य तय करके खरीद करेगी। राज्य के सभी अनुमंडल और प्रखंडों में कोल्ड स्टोरेज की स्थापना की जाएगी।

### बजट में सभी का रखा गया ख्याल : अश्विनी तिवारी



भाजपा के जिला प्रवक्ता एवं सभापति बिहार विधान परिषद के प्रतिनिधि अश्वनी कुमार तिवारी ने वित्त मंत्री सम्राट चौधरी द्वारा पेश किये गये बजट पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बिहार में एक बेहतर बजट पेश कर राज्य को और विकसित करने का प्रयास किया गया है। भाजपा नेता ने कहा कि इस बजट में समाज के सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। उन्होंने कहा कि इस बजट से जहां किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, वहीं युवा भी आत्मनिर्भर होंगे। पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ दिनेश कुमार वर्मा, सुनील दुबे, नीरज पांडे, भास्कर तिवारी, मुकेश मिश्रा, नीरज पांडे सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी बजट की सराहना की।

### साक्षरता पर राज्य के बजट में कुछ नहीं : सुरेश पासवान



बिहार के पूर्व मंत्री सुरेश पासवान ने कहा है कि इस बजट ने बिहार की जनता को ठगने का काम किया है। पिछले बजट के वादों को भी अब तक पूरा नहीं किया गया है। कहीं कारखाना खोलने या नौकरी/ रोजगार देने की बात भी नहीं की गई है। यह बजट बिहार के हित में नहीं है बल्कि यह कागजों पर रह जाएगा। केंद्र सरकार बिहार के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। साक्षरता पर बजट में कुछ नहीं कहा गया है जबकि साक्षरता में हमारा राज्य सबसे पीछे है। श्री पासवान ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सरकार से मांग किया था कि किसानों का लोन माफ किया जाए, 200 यूनिट बिजली फ्री की जाए लेकिन सरकार ने किसी भी मांग पर ध्यान नहीं दिया है।

# दफनाए गए शव को जेसीबी से पुलिस ने निकलवाया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद ।** फेसर थाना की पुलिस द्वारा जम्होर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव स्थित अदरी नदी के किनारे 28 फरवरी को एक लावारिश शव को दफनाया गया था। रविवार को उस अज्ञात शव की पहचान उसके परिजनों द्वारा कर ली गयी है। दफनाए गए शव को जेसीबी के माध्यम से निकालकर जम्होर और फेसर थाने की पुलिस ने ग्रामीणों की उपस्थिति में सोमवार की सुबह परिजनों को सौंप दिया। इसके बाद परिजन उस शव को अंतिम संस्कार के लिए अपने घर लेकर चले गए। मृतक की पहचान गया जिला के गुरारू प्रखंड के महिमापुर गांव निवासी शिव पासवान के रूप में हुई है। शव लेने पहुंचे मृतक के पुत्र मलपा पंचायत के पूर्व मुखिया संजय पासवान ने बताया कि उनके पिता पिछले कई दिनों से लापता थे। लापता होने के बाद से उनकी खोज की जा रही थी। लेकिन कही भी उनका सुराग नहीं मिल पा रहा था। जब फेसर थाने की पुलिस द्वारा अज्ञात शव दफनाए जाने की जानकारी प्राप्त हुई तो फेसर थाना आकर शव से संबंधित जानकारी ली और जब पुलिस ने शव की तस्वीर दिखाई। तस्वीर देखने के बाद उस शव की पहचान हुई। शव की पहचान होने के बाद रविवार की रात में ही फेसर व जम्होर थाने की पुलिस उक्त स्थल पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से जेसीबी से शव को निकाले जाने की कार्रवाई शुरू की। हालांकि रात में शव को नहीं निकाला जा सका। इसके बाद सोमवार की सुबह कार्रवाई की गई और शव को निकाला गया। मृतक के पुत्र ने इसके लिए फेसर व जम्होर थाने की पुलिस के साथ साथ कर्मा भगवान पंचायत के मुखिया बीरेंद्र पासवान, पंचायत समिति सदस्य सुनील पासवान, समाजसेवी विमलेश सिंह सहित रामपुर के सभी ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने इस कार्य में अपना भरपूर सहयोग दिया। गौरतलब हो कि 28 फरवरी को इस शव को अपने क्षेत्र में न दफना कर दूसरे थाना क्षेत्र में दफनाए जाने का मामला रामपुर के समाजसेवी विमलेश सिंह ने उठाया था, जिसकी चर्चा जोर शोर से हुई थी।

# रेलवे प्लेटफॉर्म पर अज्ञात व्यक्ति का मिला शव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 01 पर अज्ञात 60 वर्षीय व्यक्ति का शव पाया गया। आरपीएफ के निरीक्षक प्रभारी बी के सिंह ने बताया कि करीब ग्यारह बजे प्लेटफार्म संख्या 01 पर अज्ञात 60 वर्षीय व्यक्ति का शव पाए जाने की सूचना मिली। जिसकी सूचना जीआरपी सोन नगर को दी गई। सोननगर की पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतू ले गई। शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस अपने स्तर से पहचान की कोशिश कर रही है।

# ट्रैक्टर पलटने से चालक समेत तीन घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** रिसियप थाना क्षेत्र के इटहट गांव के समीप एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर पलट गया जिसमें ट्रैक्टर सवार चालक समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में थाना क्षेत्र के तेतराहट गांव निवासी वीरेंद्र यादव के पुत्र पिंटू कुमार यादव, रामाधार राम एवं राहुल मेहता शामिल है। सोमवार की दोपहर सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि पिंटू, रामाधार और राहुल तीनों एक ही ट्रैक्टर पर सवार होकर थाना क्षेत्र के ही इटहट गांव में कुट्टी लोडिंग करने के लिए जा रहे थे। इस दौरान ट्रैक्टर पिंटू यादव चला रहा था, वैसे ट्रैक्टर गांव के ही एक व्यक्ति का था, जैसे ही इटहट गांव के समीप पहुंचे, तभी ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं पिंटू यादव ट्रैक्टर के नीचे दब गया, जिसके कारण उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। इसके बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई।

# सड़क दुर्घटना में महिला जख्मी

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लखनी खाप मोड़ के समीप सड़क किनारे खड़ी एक महिला को तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक सवार युवक ने टक्कर मार दिया, जिससे महिला और बाइक सवार युवक दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लखनी खाप गांव निवासी अजीत कुमार की पत्नी सरिता देवी व बारुन प्रखंड के चिरैला गांव निवासी होली यादव के पुत्र अंकुश कुमार शामिल है।

# जंगरोधी क्षमताओं से पूर्ण होता है नीलकमल टीएमटी छड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**■ नीलकमल और सुपर शक्ति टीएमटी बार ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन**



**औरंगाबाद।** शहर के जसोइया मोड स्थित होटल गार्गी में सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन नीलकमल और सुपर शक्ति टीएमटी बार के बैनर तले किया गया जिसका उद्घाटन डिस्ट्रीब्यूटर सूर्यदेव प्रसाद गुप्ता उर्फ बंटी, नीलकमल के उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, अमित राणे, सतीश कुमार पाठक, टुन्नु गुप्ता आदि ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम में औरंगाबाद, रोहतास, गया और कैमूर जिले के सभी छड़ विक्रेता शामिल हुए। इसमें टीएमटी ज्यादा सेल करने वाले डीलरों को सम्मानित भी किया गया। नीलकमल के उपाध्यक्ष दिनेश सिंह ने कहा कि होली आपस में मिलकर दिलों की दुरियों को खत्म करने का त्यौहार है। नीलकमल स्टील का बिहार में 22 वर्ष हो चुका है और कंपनी डेढ़ लाख टन स्टील की बिक्री प्रति माह बिहार में कर रही है। यह कंपनी बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी कंपनी है। नीलकमल टीएमटी का छड़ जंगरोधी क्षमताओं से पूर्ण होता है एवं थर्मेक्स पद्धति से उपचारित होने के कारण यह अत्यधिक लचीला होता है। भूकम्प के झटके सहने की अदभूत इसमें क्षमता होती है। उन्होंने यह भी बताया कि नीलकमल टीएमटी को पहले अपने अत्याधुनिक भौतिक एवं रसायनिक प्रयोगशाला में गुणवत्ता की जांच की जाती है जिसके बाद ही विक्रेताओं और उपभोक्ताओं तक इसे पहुंचाया जाता है। मौके पर हर्ष राज, बिट्टू, आनंद आदि मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# क्लिनिक एवं पैथोलैब की टीम ने की जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** जिलाधिकारी औरंगाबाद के निर्देशानुसार रफीगंज में क्लिनिक एवं पैथोलैब की जांच टीम गठित कर किया गया। टीम द्वारा शहर के महराजगंज में मदीना अस्पताल, महाराजगंज मोड़ पर सजन्ता अस्पताल एवं हर्ष गोपालनारायण अल्ट्रासाउंड लैब की जांच किया गया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी उपेंद्र दास के साथ टीम गठित कर जांच किया गया। जिसमें मदीना अस्पताल के जांच में डॉ एमएस कलाम ने बताया कि मैंने इस अस्पताल को बंद कर दिया है, आज मकान खाली करने आया हूं। कोई भी मरीज एवं कर्मी नहीं पाया गया। सजन्ता अस्पताल में डॉक्टर से मुलाकात नहीं हुई मरीज भी भर्ती नहीं था। दो कर्मी सुबी कुमारी एवं दिनेश कुमार उपलब्ध थे। उन्होंने बताया कि डॉक्टर साहब चार दिनों से नहीं आ रहे हैं। हर्ष गोपाल नारायण अल्ट्रासाउंड बंद पाया गया। वहीं अंचल अधिकारी भारतेंदु एवं औरंगाबाद के डॉ भोला प्रसाद संयुक्त टीम गठित कर जांच किया। अंचल अधिकारी ने बताया कि मेन रोड रफीगंज शिवम एमरजेंसी हॉस्पिटल, राजा विगहा मेन रोड फैमिली पैथोलैब, राजा विगहा अराध्या हॉस्पिटल, राजा विगहा श्री साईं अस्पताल बंद पाया गया।

# बैंक ऋण से संबधित परिवादों के निपटान पर जिला जज ने दिया जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** आठ मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला जज राजकुमार के द्वारा अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में विभिन्न बैंको के मुख्य प्रबंधकों के साथ बैठक किया गया जिसमें तैयारियों के सिलसिले में उनके द्वारा बैंक ऋण से सम्बन्धित मामले को लोक अदालत में निपटाने हेतु किये गये अब तक कि कार्यवाहियों की अद्यतन जानकारी प्राप्त किये और आवशयक दिशा-निर्देश दिया गया। जिला जज द्वारा बैंक से संबधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि लोक अदालत में बैंक को लचीला रूप रखकर अधिकतम छूट देते हुए अपने ऋणियों से समझौता करने के लिए आगे आना होगा और बैंक ऋण से सम्बन्धित मामलों के निस्तारण के लिए लचीला रूख अपनाना होगा तभी इसका साकारात्मक प्रभाव दिखेगा। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम ने बैंक से संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि लोक अदालत के पूर्व तक अपने-अपने स्तर से शाखा और शाखा प्रबन्धक से विशेष बैठक कर आने वाले ऋणियों के साथ मामले का अधिक से अधिक निपटारा करें जिससे कि लोक अदालत के दिन उनसे संबंधित मामले को निपटाने में काफी सुविधा और सहुलियत होगी। बैठक में भारतीय स्टेट बैंक के रितेश कुमार, पंजाब नेशनल बैंक के एलडीएम आनंद वर्धन, मध्य बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबन्धक अरबिंद कुमार, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के विक्रम कुमार एवं संयोग कुमार सिंह, बैंक ऑफ इंडिया के विश्वनाथ साह, केनरा बैंक के केशव कांत यूको बैंक के अजित कुमार वर्मा समेत बैंको के अधिवक्तागण उपस्थित थे।



# पुलिस हिरास्त में आरोपित की बिगड़ी तबीयत, रेफर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मारपीट के एक आरोपित को माली पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही थी, इस दौरान उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से गंभीर स्थिति में चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। युवक की पहचान थाना क्षेत्र के थुम्भी गांव निवासी मुन्ना सिंह के पुत्र पंकज कुमार के रूप में हुई है। तबीयत बिगड़ने पर पुलिस ने घटना की जानकारी युवक के परिजनों को दी, जिसके आलोक में पहुंचे परिजनों द्वारा सदर अस्पताल से बेहतर इलाज हेतु किसी बड़े अस्पताल लेकर चले गए। जानकारी के अनुसार विगत 28 फरवरी की रात कुछ लोगों ने थाना क्षेत्र के ही बैरिया गांव निवासी मनीष कुमार के साथ मारपीट कर उसे बेहोशी की हालत में थुम्भी गांव के पास फेंक दिया था। शनिवार की सुबह इसकी सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना पर पुलिस वहां पहुंची और युवक को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया था। फिलहाल वाराणसी के ट्रामा सेंटर में उसका इलाज जारी है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राय ने बताया कि मामले में घायल युवक की मां द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। अनुसंधान के दौरान घटना में पंकज की संलिप्तता पाई जाने पर उसे पूछताछ के लिए थाना लाया गया था।